ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● माघ कृष्ण पक्ष 11 ● विक्रम संवत 2079 ● बुधवार, 18 जनवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-95 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50



सिकंदर खेर और सुष्मिता ने शुरू की 'आर्या सीजन 3'... पेज 10 पर




NEWS इन ब्रीफ

### पाकुड़ में भारी मात्रा में डेटोनेटर के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**पाकुड़।** जिले की पुलिस ने भारी मात्रा में डेटोनेटर के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल के मुरारोई थाना क्षेत्र के गंगड्डा गांव निवासी रेजाउल करीम नामक व्यक्ति विस्फोटक पदार्थ लेकर रद्दीपुर पत्थर औधोगिक क्षेत्र के सुंदरापहाड़ी गांव में किसी का इंतजार कर रहा था। सूचना पर राद्दीपुर ओपी पुलिस पहुंची और धर दबोचा। तलाशी के दौरान रेजाउल के पास से 1900 पीस डेटोनेटर पाया गया जिसे जब्त किया गया है। कारोबारी को गिरफ्तार कर पुलिस ने लंबी पूछताछ की। ओपी प्रभारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि विस्फोटक पश्चिम बंगाल से लाया गया था और किसे सप्लाई करनेवाला था इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

### कोवोवैक्स को हेटेरोलॉगस बूस्टर खुराक के रूप में मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने कोरोना टीका कोवोवैक्स को वयस्कों के लिए हेटेरोलॉगस बूस्टर खुराक के रूप में मंजूरी दे दी है। अब जिन लोगों ने कोविशील्ड या कोवैक्सीन की दो खुराक ली है, वे कोवोवैक्स बूस्टर डोज के रूप में ले सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्र ने बताया कि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने कोवोवैक्स के लिए हाल ही में डीसीजीआई को पत्र लिखकर कुछ देशों में कोरोना महामारी की बढ़ते मामलों के मद्देनजर 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए कोवोवैक्स हेटरोलॉगस बूस्टर खुराक की मंजूरी मांगी थी।

### रेलवे के पूर्व अधिकारी से 17 किलो सोना और डेढ़ करोड़ कैश बरामद

**एजेंसी। नई दिल्ली**
सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में भुवनेश्वर में रेलवे के एक पूर्व अधिकारी प्रमोद कुमार जैन के ठिकानों पर मंगलवार को छापेमारी की। इस दौरान 1.5 करोड़ रुपये कैश, 8.5 करोड़ रुपये का 17 किलोग्राम सोना और 2.5 करोड़ रुपये की बैंक जमा राशि बरामद की। इसके अलावा, केंद्रीय जांच ब्यूरो को आरोपी और उसके परिवार के नाम पर दर्ज संपत्ति के कई दस्तावेज भी मिले। जैन 1989 बैच के एक सेवानिवृत्त भारतीय रेलवे यातायात अधिकारी हैं। उसके खिलाफ तीन जनवरी को एफआईआर दर्ज की गयी थी। सीबीआई ने इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

# जो खतियानी है वही झारखंडी है : मुख्यमंत्री

## मजदूरों के हित में अभ्रक को लेकर नयी नीति लायेगी सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोडरमा से खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण की शुरुआत की। इस दौरान बागीटांड़ स्टेडियम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि वंचित वर्गों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए सरकार लगातार काम रही है। विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि सबों का विकास सरकार की प्राथमिकता है। जनसभा में पहुंचे लोगों को खतियानी जोहार यात्रा का मतलब



समझाते हुए श्री सोरेन ने कहा कि देश के हर राज्य की अलग पहचान है, लेकिन दुर्भाग्य से सिर्फ झारखंड ही ऐसा राज्य था जिसकी पहचान नहीं थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो खतियानी है वही झारखंडी है इसका हमने कानून बनाया। यह कानून इसलिए भी बनाया ताकि झारखंडियों को शत-प्रतिशत नौकरी मिल सके। सीएम ने भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक साजिश के तहत झारखंड को पिछड़ा रखा जिससे कल-कारखानों की हालत खस्ता हो गयी। श्री सोरेन ने कहा कि कोडरमा में अभ्रक देश में सर्वोत्तम क्वालिटी का मिलता है, लेकिन इससे ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### 1932 खतियान हेमंत सरकार का राजनीतिक स्टंट : जदयू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिहार सरकार के मंत्री व झारखंड जदयू प्रभारी डॉ. अशोक चौधरी ने अपने सहयोगी महागठबंधन सरकार की 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता नीति को राजनीतिक स्टंट करार दिया है। मंगलवार को मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में मीडिया से बात करते हुए डॉ. चौधरी ने कहा कि झारखंड सरकार 1932 के खतियान के आधार पर जो बातें कह रही है वह सतही है। डॉ. शर्मा ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री का कोडरमा भ्रमण

# युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने के लिए चल रही कई योजनाएं : सीएम

## बेसिक ट्रेनिंग सेंटर कैम्प और परियोजना बालिका उच्च विद्यालय का लिया जायजा

**नवीन मेल नेटवर्क। रांची**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को कोडरमा जिला भ्रमण के दौरान कहा कि अभ्रक व्यवसाय को पुनर्जीवित किया जाएगा। इसके लिए कार्य योजना बनाई जा रही है। इससे यहां अभ्रक व्यवसाय से जुड़े श्रमिकों को रोजगार मिलने के साथ जीवन स्तर भी बेहतर होगा। मुख्यमंत्री भ्रमण कार्यक्रम के अवसर पर आम लोगों से मुलाकात भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए कार्य कर रही है। एक ओर युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए योजना बना रही तो महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए स्वरोजगार से जोड़ने का काम कर रही है।



**डीईजीएस कंप्यूटर बेसिक ट्रेनिंग सेंटर कैम्प का निरीक्षण :** मुख्यमंत्री ने कोडरमा के बागीटांड स्टेडियम में जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे डीईजीएस कंप्यूटर बेसिक ट्रेनिंग सेंटर के कैम्प में कंप्यूटर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने बालिकाओं से उनके प्रशिक्षण के बारे में भी जाना। इस दौरान मुख्यमंत्री परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, कोडरमा के पुनर्निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की बच्चियों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री का जेएसएमडीसी द्वारा ढिबरा डंप को पुनर्जीवित कर मजदूरों को पुनः रोजगार से जोड़ने हेतु स्थानीय महिला मजदूरों ने अभिवादन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर से जोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने महिला मजदूरों से बातचीत की। उन्होंने ढिबरा डंप में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पलामू नीपीवि का 14 वां स्थापना दिवस मना

# किसी संस्थान का नाम बड़ी बिल्डिंग से नहीं होता : आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** पलामू नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का 14 वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रमंडलीय आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों सहित विश्वविद्यालय परिवार को विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर बधाई दी। आयुक्त ने विद्यर्थियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन से विश्वविद्यालय का मान-सम्मान बढ़ेगा। किसी भी विश्वविद्यालय अथवा संस्थान का नाम बड़ा बिल्डिंग एवं शिक्षकों की नियुक्ति से नहीं होती, विभिन्न क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं का उल्लेखनीय प्रदर्शन से विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बेहतर प्रदर्शन कर विद्यार्थी अपने करियर को ऊंचा करें और अपने परिवार, समाज के साथ-साथ विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को बढ़ाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि अच्छे से पढ़-लिखकर विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा करना आवश्यक है। विद्यार्थी अच्छा करेंगे, तो उनके लिए भी अच्छा होगा और विश्वविद्यालय का भी नाम रौशन होगा। सभी लोग गर्व से कहेंगे कि यह नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का विद्यार्थी हैं, जिन्होंने बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने शोध के क्षेत्र में नवाचार को अपनाने एवं बेहतरी की आवश्यकता पर बल दिया।

### जून 2024 तक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहेंगे नड्डा : शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**



2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर भाजपा के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का अध्यक्षीय कार्यकाल जून 2024 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जेपी नड्डा के अध्यक्षीय कार्यकाल को जून 2024 तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा जिसे कार्यकारिणी ने अपनी स्वीकृति दे दी। शाह ने जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा को चुनावों में मिली जीत और सांगठनिक विस्तार के बारे में विस्तार से बताते हुए यह कहा कि भाजपा सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है। उन्होंने आगे कहा कि महामारी के कारण सदस्यता अभियान नहीं हो पाया, संगठन का चुनाव नहीं हो पाया और इस वजह से आगामी चुनाव को देखते हुए कार्यकारिणी की बैठक में जेपी नड्डा का कार्यकाल बढ़ाने का फैसला किया गया।

# ईडी ने 90.30 लाख की संपत्ति की जब्त

## कौशल्या निर्माण प्राइवेट लिमिटेड व कौशल्या टाउनशिप पर कार्रवाई

**सात अचल संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय ने किया जब्त**

**कंपनी की वजह से झारखंड सरकार को उठाना पड़ा था 1.08 करोड़ का नुकसान**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) ने मंगलवार को कौशल्या निर्माण प्राइवेट लिमिटेड और कौशल्या टाउनशिप की सात अचल संपत्तियों को जब्त की है। ईडी के द्वारा जब्त इन संपत्तियों की कीमत 90 लाख 38 हजार 912 रुपये आंकी गई है। ईडी के अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई में दर्ज केस के आधार पर ईडी ने मेसर्स कौशल्या निर्माण प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग का केस दर्ज किया था।




**क्या है मामला :** ईडी के अधिकारियों के मुताबिक, कंपनी ने झारखंड में सड़क निर्माण का ठेका लिया था। इस दौरान अलकतरा की खरीद का फर्जी इनवॉयस बनाकर पथ निर्माण विभाग को भेजा गया था। जिसकी वजह से सरकार को एक करोड़ 8 लाख 95 हजार 583 रुपये का नुकसान हुआ था। सीबीआई ने इस मामले में चार्जशीट दायर की थी, जिसके बाद मनी लाउंड्रिंग का मामला दर्ज किया गया था। ईडी ने पूर्व में इस मामले में छापेमारी की थी, तब ईडी ने 18 लाख 40 हजार 989 रुपये बैंक खातों से जब्त किए थे। ईडी ने दावा किया है कि एजेंसी ने प्रोसिड आफ क्राइम से जमा की गई शत-प्रतिशत राशि को जब्त कर लिया है।

# ईडी के समन पर नहीं पहुंचे तीनों विधायक, मांगा और वक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
ईडी ने एमएलए कैश कांड में कांग्रेस के जिन तीन विधायकों को 13, 16 और 17 जनवरी को पूछताछ के लिए समन भेजा था, उनमें से कोई भी हाजिर नहीं हुआ।



मंगलवार को कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी से पूछताछ होनी थी, लेकिन उन्होंने अपनी जगह अपने अधिवक्ता को एक आवेदन के साथ भेज दिया, जिसमें राजनीतिक एवं व्यक्तिगत व्यस्तताओं का हवाला देते हुए दो हफ्ते के वक्त की मांग की है। इसके पहले 13 जनवरी को जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी और 16 जनवरी को खिजरी के विधायक राजेश कच्छप ने भी अपने-अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से ईडी के यहां अर्जी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बड़गाम में लश्कर के दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** कश्मीर के बड़गाम जिले में जिला अदालत के बाहर मंगलवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकवादियों की पहचान कर ली गई है। दोनों की पहचान लश्कर-ए-तैयबा के सदस्यों के रूप में हुई है। मारे गए दोनों आतंकवादियों की पहचान पुलवामा के अरबाज मीर और शाहिद शेख के रूप में की गई है, जो प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर से जुड़े हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कश्मीर जोन विजय कुमार के हवाले से ट्वीट किया, दोनों आतंकवादी पहले हालिया मुठभेड़ में बच गए थे। इससे पहले, पुलिस ने कहा कि विशिष्ट इनपुट पर सेना और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक संदिग्ध वाहन को रोकने की कोशिश की। जिसके बाद आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी और जवाबी कार्रवाई में दो आतंकी ढेर हो गए।

# युवाओं को बताएं सुशासन व कुशासन का अंतर : मोदी

**भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पीएम ने किया आह्वान**

**चुनाव में बचे हैं चार सौ दिन, संवेदनशीलता के साथ कायम करें रिश्ता**

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी नेताओं से आह्वान किया कि युवाओं को सुशासन और कुशासन का अंतर बताएं। उन्होंने कहा कि वोट मिलने की चिंता किए बगैर समाज के सभी तबकों के लोगों के साथ संवेदनशीलता के साथ रिश्ता कायम करें। सूत्रों के मुताबिक, कार्यकारिणी की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने बोहरा और पसमांदा मुस्लिम के अलावा



सिख और ईसाई समुदाय सहित अल्पसंख्यक समुदाय के प्रोफेशनल और शिक्षित लोगों के साथ वोट की चिंता किए बगैर रिश्ता कायम करने को कहा। उन्होंने कहा : भाजपा को सिर्फ वोट की चिंता नहीं है, बल्कि देश और समाज को बदलना है। उन्होंने पार्टी नेताओं को समाज के सभी तबकों के साथ रिश्ता कायम करने के अलावा विश्वविद्यालय और चर्च में भी जाने की सलाह दी। प्रधानमंत्री मोदी के समापन भाषण की जानकारी देते हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री ने समाज के हाशिए पर बैठे लोगों और पिछड़े तबके के लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए आह्वान करने का प्रयास किया। फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक राजनीतिक नेता नहीं बल्कि स्टेट्समैन की तरह भाषण देते हुए कहा कि भारत के जीवन का सर्वोत्तम काल आ रहा है और भाजपा कार्यकर्ताओं को परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए इस अमृत काल को कर्तव्य काल में परिवर्तित करने के लिए कार्य करना चाहिए। चुनाव में महज चार सौ दिन बचे होने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**सवाल** हमें जनता से, कार्यकर्ताओं से संवाद बना कर रखना होगा?

# मोदी जी की बातों का इन पर कितना असर पड़ेगा?

प्रधानमंत्री को क्यों कहना पड़ा कि अति आत्मविश्वास ठीक नहीं? उन्हें यह क्यों कहना पड़ा कि अरे, चुनाव है तो जीत ही जाएंगे-मोदी है न...ऐसी भावना को खत्म करना होगा? प्रधानमंत्री को यह क्यों कहना पड़ा कि हमें जनता से, कार्यकर्ताओं से संवाद बना कर रखना होगा? प्रधानमंत्री को यह क्यों कहना पड़ा कि टास्क को टास्क की तरह लेना होगा? इन सभी के गूढ़ मायने हैं। बहुत पीछे जाने की जरूरत नहीं। आप हिमाचल का ही उदाहरण ले लें। हिमाचल में भाजपा चुनाव हार गई। कारण क्या था? अति आत्मविश्वास।

भाजपा का अति आत्मविश्वास इसे कई बार ले डूबा है। हिमाचल तो याद होगा ही आपको? उसके पहले गोरखपुर को याद करना जरूरी होगा। गोरखपुर इसलिए, क्योंकि यह सीट जनसंघ के जमाने से मंदिर समर्थित रही। लेकिन, 2018 में यहां का समीकरण बदल गया। जो गोरखपुर अभेद्य माना जाता था, उसमें सपा ने सेंध लगा दी। कारण क्या था? बकौल योगी आदित्यनाथः लोग अति आत्मविश्वास का शिकार हो गए थे। लोगों को लगा था कि भाजपा के नाम पर जो भी लड़ेगा, जीत जाएगा। इस चक्कर में पूरी तैयारी नहीं हो पाई। संगठन में भी शिथिलता रही। होमवर्क नहीं किया जा सके। इसीलिए हम लोग हारे। हार का सबसे बड़ा कारण था अतिआत्मविश्वास।




यह तो सभी को पता था कि हिमाचल में रिवाज नहीं बदलता। भाजपा के बाद कांग्रेस और फिर भाजपा का वक्त आता है। फिर ये रिवाज बदलने का नैरेटिव किसने गढ़ा? जिसने भी गढ़ा, वह मूलतः अति आत्मविश्वास का शिकार रहा। आश्चर्य यह कि उस अति आत्मविश्वास के फेरे में ऊपर से नीचे तक के सभी नेता फंस गए...मोदी भी! नई दिल्ली में अगर प्रधानमंत्री ने कहा है कि लोगों से मेल-जोल रखना है, उनके काम आना है तो यह अचानक और अकारण नहीं कहा गया है। जो लोग प्रदेश-देश के प्रवक्ता भर बन गए हैं, कई लोग तो विधायक भी बन गए हैं, वो आम लोगों के या फिर अपने ही काडर के फोन तक नहीं उठाते। आप कह सकते हैं, कोई छोटा-मोटा पद या जिम्मेदारी पाने के बाद ये लोग चरबिया जाते हैं। बात सोलहों आने सच है। झारखंड में भी ऐसे कई उदाहरण हैं। भाजपा से जुड़ा कोई भी कार्यकर्ता जब अपने नेता-मंत्री-संतरी के पास कोई काम लेकर जाता है तो अमूमन उसके काम या तो नहीं होते, या फिर लटक जाते हैं। झारखंड में तो खैर अभी सरकार ही नहीं है। जब थी, तब भी नेता-मंत्री-संतरी चौड़े होने से बच नहीं पाते थे। कई कार्यकर्ता हैं जो आज भी उन दिनों को याद कर ठंडी आहें भरते हैं कि काश! वक्त रहते सुधर जाते तो आज विपक्ष में बैठने की नौबत नहीं आती। यह ठंडी आह सिर्फ झारखंड में ही भरने वाले लोग नहीं हैं। यह उन राज्यों में भी है, जहां भाजपा की सरकार चल रही है लेकिन कार्यकर्ताओं की, आम जनों की सुननेवाला कोई नहीं है। आप कभी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# भारतीय सेना में पहली बार 108 महिला अफसर बनेंगी कर्नल, आर्मी बोर्ड गठित



**कमांड भूमिकाओं के लिए 30 से अधिक महिला अधिकारियों को सेना ने दी पहली मंजूरी**

**महिला अधिकारियों को भारतीय सेना की कोर ऑफ आर्टिलरी में भी कमीशन दिया जाएगा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**
महिला अधिकारियों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए भारतीय सेना ने पहली बार कमांड भूमिकाओं के लिए 30 से अधिक महिला अधिकारियों को मंजूरी दी है। भारतीय सेना ने 108 महिला अधिकारियों को कर्नल रैंक पर पदोन्नत करने के लिए आर्मी बोर्ड गठित कर दिया है। इसके अलावा महिला अधिकारियों को भारतीय सेना की कोर ऑफ आर्टिलरी में कमीशन देने का फैसला लिया है। इस बारे में एक प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है, जिस पर सेनाध्यक्ष ने जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद जताई है। सैन्य सूत्रों के मुताबिक 30 से अधिक महिला अधिकारियों की प्रारंभिक सूची को विभिन्न शाखाओं और सेवाओं से मंजूरी दे दी गई है, जिसमें कॉर्प्स ऑफ इंजीनियर्स, सिग्नल, आयुध और इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियर शामिल हैं। जल्द ही और सूचियां सामने आएंगी, क्योंकि आर्मी बोर्ड से परिणाम जल्द घोषित किए जाएंगे। बोर्ड से पास होनेवाली महिला अधिकारियों को कमांड की भूमिका दी जाएगी। उन्हें भविष्य में इससे उच्च रैंक पर पदोन्नत किया जा सकता है। इसी तरह कर्नल रैंक पर कमांड असाइनमेंट के लिए महिला ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

## नेहरू युवा केंद्र ने प्रभात फेरी निकाली

**पाटन।** नेहरू युवा केंद्र पलामू इकाई के द्वारा शांति दिवस के अवसर पर पाटन प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय किशुनपुर, में मंगलवार को प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में किशुनपुर मुखिया सुमन गुप्ता उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केंद्र के राहुल पाठक ने किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि मनुष्य को शांति व भाईचारे के साथ जीवन व्यतीत करना चाहिए। जिससे समाज में शांति बनी रहे। आज हर तरफ अशांति ही फैली हुई है। मौके पर मनोरंजन तिवारी ,प्रिंसीपल राजीव कुमार,शिक्षक रंजन उपाध्याय,मीनू कुमारी व अन्य लोग मौजूद थे।

## शिक्षक ने बच्चों संग मनाया जन्मदिन

**नावा बजार।** प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चेचरिया के प्रधानाध्यापक जैनेन्द्र पांडेय ने मंगलवार को अपना जन्मदिन स्कूली बच्चों के बीच मनाया। जहां विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। जन्मदिन के बारे में उन्हें कुछ भी पता नहीं पता था। सुबह जैसे ही वे विद्यालय पहुंचे विद्यालय के बच्चों की ओर से एक शब्द सुनने को मिला। सभी बच्चे इकट्ठे होकर हैप्पी बर्थडे कहकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे थे। इस जन्मदिन के साथ उनका अपने जीवन का अर्धशतकीय वर्ष का सफर पूरा हो गया। प्रधानाध्यापक श्री पांडेय ने कहा कि बच्चों के द्वारा सामूहिक जन्मदिन की शुभकामनाएं मिलने से वे काफी उत्साहित हुए। ऐसे में कुछ विशेष करने की इच्छा प्रकट हुई। सोचा क्यों न स्कूली बच्चों के साथ जन्मदिन को यादगार बनाया जाये। इस कार्य में विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भी भरपूर सहयोग किया। सभी स्कूली बच्चों के बीच टॉफिया वितरित की गई।

# समाजसेवी आत्मानंद चौबे की मनी दूसरी पुण्यतिथि

### कंबल वितरण व छात्रवृति योजना की हुई शुरूआत

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विस क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी स्व. आत्मानंद चौबे की दूसरी पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर आत्मानंद चेरिटेबल ट्रस्ट आत्ममन द्वारा रेहला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उनके परिजनों, प्रशासनिक अधिकारियों व गण्यमान्य लोगों ने स्व. चौबे के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर, स्व. चौबे के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता स्व. चौबे के तृतीय पुत्र मुनमुन चौबे व संचालन सतीश चौबे उर्फ बालाजी चौबे ने किया। वही मुख्य अतिथि विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि स्व.चौबे समाज के लिए एक प्रेरणा थे। उनके द्वारा किए गए पुण्य कार्य से ही उनका परिवार आज सफलता की राह पर अग्रसर है। गढ़वा डीआरडीए के दिनेश सोरेन ने आत्मानंद चौबे के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मुनमुन चौबे ने बताया कि आत्ममन के माध्यम से शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई कार्य चलाया जा रहा है। इसके अलावा आत्मानंद स्मृति छात्रवृति योजना की भी शुरूआत हुई। जिसके तहत पांच मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र व छात्रवृति की राशि दी गई। कंबल व छात्रवृति के राशि का वितरण एसडीपीओ सुरजीत कुमार, डीआरडीए निदेशक दिनेश सोरेन,पुलिस निरीक्षक अजय कुमार सिंह, भाजपा नेता विभाकर नारायण पांडेय, सी एस दुबे, थाना प्रभारी नेमधारी रजक, कांग्रेस नेत्री पूर्णिमा पांडेय व डॉ. वी पी शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया था। जिसमें सैकड़ो लोगों ने भोजन किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, राजेश चौबे, मनोज चौबे उर्फ बबलू चौबे, शशिनाथ चौबे,गामा चौबे, गुलाम नबी अंसारी, टुनटुन चौबे, राघवेंद्र चौबे, उमाकांत चौबे, सचिन चौबे, विजय कृष्ण सिंह, शिक्षक मनोज द्विवेदी, भोला राय,संतोष मिश्रा, मुखिया अंजू देवी, रवि शंकर चौबे, चंद्रप्रकाश चौबे, अभिषेक भारद्वाज, बबन सिंह, अशोक चौबे, पद्माकर पाठक, अलका पाठक, ओमी चौबे, डब्लू यादव सहित कई लोग मौजूद थे।



## कुलपति ने कर्मियों को एनएसएस अवार्ड से किया सम्मानित

**पांकी।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के 14वां स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर प्रोफेसर के द्वारा पूरे विश्व विद्यालय में एनएसएस यूनिट में उत्कृष्ट कार्य के लिए विश्वविद्यालय स्तर का एनएसएस अवॉर्ड से दो कार्यक्रम पदाधिकारी एवं दो स्वयंसेवक सेविका को सम्मानित किया। जिसमें मजदूर किसान डंडार कला महाविद्यालय पांकी पलामू में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक प्रदीप कुमार सिंह को बेस्ट यूनिवर्सिटी एनएसएस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम, सचिव सह विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता, पूर्व सचिव डॉ. बिंदेश्वर सिंह विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक प्रदीप कुमार एवं साथ ही साथ महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी एवं महाविद्यालय के एनएसएस परिवार इस उपलब्धि के लिए ढ़ेर सारी बधाइयां एवं शुभकामना दी।

## रेलवे टिकट का अवैध व्यापार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** जपला रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन के नेतृत्व में आरपीएफ जपला की एक टीम ने जपला छतरपुर रोड़ के सिद्धनाथ गेट के पास स्थित गूगल सॉल्यूशन प्वाइंट नामक दुकान में छापेमारी की। जिसमें रेलवे का अवैध टिकट बनाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि उक्त दुकान में छापामारी करने पर जपला के मिर्जापुर निवासी व दुकान संचालक मंजर इकबाल तथा उनके सहायक देवरी कला पंचायत टोला सुकनबीघा गांव निवासी अजहरुद्दीन अंसारी को रेलवे टिकट के अवैध व्यापार में संलिप्त पाया गया। दुकान संचालक के पास सीएससी- ग्राहक सेवा केंद्र होने के साथ आईआरसीटीसी का एजेंट आईडी भी था। इसके बावजूद भी वह पर्सनल यूजर आईडी का इस्तेमाल कर रेलवे टिकट बुक करता था और उसका व्यापार करता था। उसके पास से लगभग 57000 रुपए का 92 अदद बीका हुआ टिकट तथा लगभग 477 रुपए का 01 अदद भविष्य टिकट पाया गया। जिसे दुकान में पाए गये लैपटॉप और मोबाइलों के साथ जब्त कर रेलवे सुरक्षा बल थाना जपला लाया गया। उक्त दोनों के विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत कार्रवाई करते हुए डाल्टनगंज भेजा गया। उक्त रेड में रेलवे सुरक्षा बल के उप निरीक्षक निशांत कुमार, प्रधान आरक्षी अनवर हुसैन, आरक्षी विजय कुमार सिंह तथा आरक्षी विपिन कुमार यादव शामिल रहे। मालूम हो कि पर्सनल यूजर आईडी से बुक किए गए टिकटों की खरीद-फरोख्त रेल अधिनियम की धारा- 143 के तहत एक अपराध है।

# जिले के विकास का आकलन करे जनता : सूर्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2009 से 2019 के बीच कितना विकास हुआ। 2019 के बाद कितना विकास हो रहा है। जनता को इसकी आकलन करने की जरूरत है। विधायक कमलेश कुमार सिंह जो कहते हैं, उसे पूरा करते है। यही वजह है की जनता उन्हे विकास पुरुष के नाम से जानती है। उक्त बातें एनसीपी के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि विधायक ने नववर्ष में हुसैनाबाद हरिहरगंज में तीन सड़को की स्वीकृति के बाद और पांच सड़कों की स्वीकृति दिलाने का काम किया है। विधायक की विकासशील सोच और अथक प्रयासों का नतीजा है की हुसैनाबाद विधानसभा की इस वर्ष के शुरूआत में तीन सड़कों के बाद पांच महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति मिली है। जिन सड़कों की स्वीकृति मिली है। उसमे हरिहरगंज प्रखंड के तेतरिया भाया वनस्पति, तेंदुआ कला से हल्का रोड होते हुए जगदीशपुर तक, हैदरनगर प्रखंड के जीन ताड़ मोड़ से रमजिता पांती होते हुए सिघना तक, हैदरनगर- जपला मुख्य पथ निमियादोहर से सरगड़ा, बिलासपुर,नौडीहा,पतरिया, बभंडी होते हुए हैदरनगर हाई स्कूल तक, हुसैनाबाद प्रखंड के उपरी कला मोड़ से ऊपरी खुर्द होते हुए कोसी, चनकार गोपाल, अलीनगर तक सड़क निर्माण शामिल है। 2005 से 2009 और 2019 से अबतक जो काम क्षेत्र में हुए हैं । उसका आकलन करने से स्पष्ट हो जायेगा की 2009 से 2019 तक विधायक रहे लोगों ने क्या किया है। उन्होंने कहा कि यह देखने की चीज है, आकलन करने की चीज है। जनता समझदार है। वह सब जानती है।

## नेतरहाट में तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा ।** बबलू लाइन होटल के पास कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चतरा जिला के युवा मोर्चा अध्यक्ष सह चतरा लोकसभा खेल संयोजक अभिषेक केसरी ने कहा कि लातेहार जिले के नेतरहाट में तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता के आयोजन किया गया है । इसमें चतरा लोकसभा से 500 खिलाड़ी भाग लेंगे । इसमें बतौर मुख्य अतिथि चतरा सांसद सुनील सिंह मौजूद रहेंगे। चतरा लोकसभा संयोजक अभिषेक केसरी ने कहा कि पूरे भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। मकसद है कि एथलीट में भारत खेल के हर विभाग में अव्वल रहे । इसके लिए खिलाड़ियों को निखारने व आगे लाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज जब एथलीट खेल में भारत के खिलाड़ी भाग लेते हैं, तब हमें सबसे नीचे पायदान पर रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सतबरवा प्रखंड से 15 खिलाड़ी भाग लेंगे। खिलाड़ियों को सभी व्यवस्था के साथ नेतरहाट में पहुंचाया जायेगा । साथ ही उन्हें खेल किट दिया जायेगा। खाने पीने की सारा व्यवस्था वहां पर है। खेल 18,19,20 जनवरी को होगी। मौके पर चतरा सांसद के सतबरवा प्रतिनिधि सोनू सिकंदर, पांकी विधानसभा प्रतिनिधि धीरज प्रसाद, युवा मोर्चा पलामू जिला मंत्री विकास तिवारी, डॉ मनोज, मनोज भुइयां, चंचल यादव, शंभू उरांव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



## विजय राम को डिप्टी कलेक्टर बनने पर शिक्षकों ने किया सम्मानित

**हरिहरगंज ।** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के बलहा गांव निवासी एवं स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पिपरा के प्रधानाध्यापक विजय राम का डिप्टी कलेक्टर पद पर चयन होने पर मंगलवार को पिपरा प्रखंड के शिक्षकों द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सचिव संतोष कुमार राय के नेतृत्व में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पिपरा में आयोजित समारोह में चयनित डिप्टी कलेक्टर विजय राम को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पिपरा बीपीओ ओमप्रकाश, डीडीओ विनोद पांडेय, पुसेन कुमार, चंद्रदेव राम ,सत्येंद्र वक्त, सर्वेश सिंह, सीआरपी मनोज कुमार मेहता, रामलाल साव, बीआरपी मनोज मेहता, सहयोगी अध्यापक संघ के प्रखंड सचिव अविनाश रंजन उर्फ मंटू, शिक्षक संजय व्यास, संतोष सक्सेना, अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक सहित कई लोग शामिल थे।

## विधायक ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

**पाटन।** बिजली की समस्या को लेकर पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने बिजली विभाग के जीएम को बिजली की समस्याओं के बारे में लिखित रूप से अवगत कराया । उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण एक ही लाभुक को दो कनेक्शन का बिल थमाया जा रहा है। क्षेत्र की अधिकांश लोगों के बिल मे गड़बड़ी है । जिस कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने समाधान की दिशा में अविलंब कार्य शुरू करने की बात कही। अन्यथा जनहित में बिजली विभाग के खिलाफ जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा ।

# सड़क सुरक्षा को लेकर निकली जागरूकता रैली

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत स्थानीय पुलिस ने स्कूली छात्रों के साथ जागरूकता रैली निकाली । इस कार्यक्रम में बक्शी उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय व उर्दू मध्य विद्यालय के सैकड़ो स्कूली छात्र आम जन मानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। जागरूकता रैली थाना परिसर से शुरू होकर पटेल चौक होते हुए जेपी चौक, अंबेडकर चौक व मुख्य बाजार का भ्रमण करते हुए पुनः थाना परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। रैली मे छात्रों ने हाथो में सड़क सुरक्षा से जुड़े स्लोगन लिखे बैनर पोस्टर रैली मे शामिल हुए। इन्होने सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने के प्रति जागरूक किया। ताकि सड़क दुर्घटनाओं मे कमी हो सके। मौके पर थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने वाहन मालिकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा में कही भी कोताही नही बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों की लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटना में लगातार बृद्धि हो रही है। दोपहिया वाहन सवार द्वारा हेलमेट का प्रयोग नही करना,नाबालिग व शराबी चालक सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है। उन्होंने लोगों से वाहन चलाते समय अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए सड़क सुरक्षा नियम का पालन करने की अपील की। मौके पर एसआई सौरव कुमार, उर्दू मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार, शिक्षक राजेश प्रसाद, जुबैर आलम,अजय कुमार, श्याम लाल कुमार, चौकीदार मोहम्मद ,अमित कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं व पुलिस जवान मौजूद थे।



## झामुमो ने ग्रामीणों के साथ की बैठक



प्रखंड के दुलसुलमा में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष रंग बहादुर सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक की गई। बैठक में झामुमो कार्यकर्ताओं ने विधायक आलोक चौरसिया पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 8 साल गुजर गए, विकास का नामोनिशान नहीं है। क्षेत्रीय विधायक सिर्फ हवा हवाई बात करते हैं। जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष रंग बहादुर सिंह ने कहा कि दुलसुलमा पंचायत के मुरमा में विधायक के द्वारा वन भोज कार्यक्रम में बाहर से भाड़ा का आदमी लाया गया था। भाड़ा पर आदमी लाकर विकास का ढिंढोरा विधायक आलोक चौरसिया के द्वारा पीटा गया। दुलसुलमा पंचायत स्वर्गीय अनिल चौरसिया का गढ़ रहा है। ..यहां के लोग अब उनके झांसे में आने वाले नहीं हैं। 2024 के चुनाव में समझ में आ जायेगा। जब से झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है,तब से विपक्ष के पेट में दर्द होंने लगा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड वासियों को उनका हक देने का काम कर रही है। मौके पर झूलन सिंह, विजय सिंह, खिलावन सिंह, केदार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in /

पत्रांक–.................... दिनांक–....................

–:निविदा शुद्धि पत्र:–

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के PR No 286315 (Building) 22-23:D से प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि 18.01.2023 एवं निविदा प्राप्ति की तिथि 19.01.2023 है। अपरिहार्य कारण से स्थगित किया जाता है। निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 287641 Building(22-23)D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER KADWAN DAM DIVISION NAGAR UNTARI (GARHWA)**

E-PROCUREMENT NOTICE

TENDER REF.No-WRD/KDDNAGARUNTARI/01SBD/2022-23

DATE 18.01.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Renovation & Lining work in Main Canal of Kawaldag Irrigation Scheme under Garhwa District. |
| 2 | Estimated cost.(Rs in lakh) | 2451.18 lakh |
| 3 | Time of completion | 540 Days (Five Hundred Fourty Days) |
| 4 | Period of availability of Bidding document on website | 18.01.2023 at 5.00 pm to 07.02.2023 up to 5.00 pm |
| 5 | Pre Bid conference | N/A |
| 6 | Place of opening of Bids | C.E.WRD Medininagar |
| 7 | Period of online submission of Bids | 18.01.2023 at 5.00 pm to 07.02.2023 up to 5.00 pm |
| 8 | Last Date of Submission of Hard Copy | 08.02.2023 Upto 5.00 pm |
| 9 | Date and Time of opening of Technical Bids | 09.02.2023 at 3:00pm. |
| 10 | Date and Time of opening of Financial Bids | To be announced later. |
| 11 | Officer Inviting Bids and his Phone No. and E-mail ID | Executive engineer, Kadwan Dam Division, Nagar Untari 9430796580, 9693891358 eekadnag-cemed-jhr@nic.in |
| 12 | Help line Number of e – Procurement cell. | C.E.WRD Medininagar 0651-2491232 06562-240841 |

Note-
1. Only e-Tender will be accepted.
2. Additional performance security amount shall be applicable as prescribed in CE(Monitoring), Ranchi Letter No. 430 Dated 19-11-2020 and Secretary of RCD Letter No. 2146 (S) Dated 09-09-2020.
3. Payment of Mobilization advance/equipment advance shall be applicable as per Joint Secretary, WRD Ranchi Letter No. 656 Dated 22-12-2020.
4. The bidder should be fully acquainted with site before the tender.
5. Authority reserves the right to reject any or all the tender(s) received or to allot the work to one or more contractor(s) without assigning any reason thereof.
6. Estimated Cost May vary. Online BOQ amount shall prevail.
7. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Kadwan Dam division
Nagar Untari (Garhwa)

PR.NO.287638 Irrigation(22-23):D



**प्रपत्र VI 'क'**

**समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)**

**अधिसूचना संख्या 747/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 31.12.2022**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–तसरार**, थाना नं0–404, थाना–डंडई, अंचल–डंडई, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना NH-75 **लगमा भाया करकोमा से हासनदाग तसरार पथ** का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–तसरार, थाना नं0–404, थाना–डंडई, अंचल–डंडई, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– **0.850** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 31 | 195 | रैयती | टाड दो | 0.068 | अहमद रसुल अंसारी पिता यादली मियां, युनूस अंसारी पिता रसीद अंसारी, यसीम अंसारी पिता हसीम अंसारी | 6 | 197 | 6 | 191 |
| 2 | 57 | 196 | रैयती | धान खेत | 0.012 | अलिमोहमद अंसारी वो स्व0 हबिब अंसारी, कयुम अंसारी वो स्व0 लतिफ अंसारी | 6 | 438 | 438 | 6 |
| 3 | 3 | 235 | रैयती | धान खेत | 0.004 | अंसार अंसारी वै0 पिता हैदर अंसारी | 237 | 238 | 433 | 234 |
| 4 | 1 | 238 | रैयती | धान खेत | 0.129 | 1. खलिल अंसारी पिता स्व0 रहमान अंसारी, नई मदीन अंसारी वै0 पिता स्व0 नहमुदीन अंसारी 2. मो0 अरसद अली वै0 पिता स्व0 आशीफ अली | 237 | 415 | 433 | 232 |
| 5 | 31 | 416 | रैयती | धान खेत | 0.149 | 1. सिराज अहमद वै0 पिता नवी अंसारी 2. इसराई अंसारी वै0 पिता फुल मो0 मिया | 431 | 427 | 427 | 415 |
| 6 | 17 | 418 | रैयती | धान दो | 0.054 | 1. मुद्रीका ठाकुर पिता स्व0 सरजू ठाकुर 2. अकबर अंसारी पिता स्व0 दिलदार अंसारी | 417 | 610 | 420 | 415 |
| 7 | 31 | 420 | रैयती | धान खेत तीन | 0.010 | 1. समीम अंसारी, सूरदीद अंसारी पिता स्व0 हसीन अंसारी 2. मो0 अरसद अलि पिता स्व0 आशीक अंसारी 3. उसमान अंसारी पिता मो0 यहीया अंसारी 4. सेराज अहमद अंसारी पिता स्व0 नबी गुलाम अंसारी 5. अहमदरसूल अंसारी वो पिता मो0 यादअलि अंसारी | 426 | 424 | 426 | 418 |
| 8 | 31 | 421 | रैयती | धान खेत तीन | 0.003 | 1. समीम अंसारी, सूरदीद अंसारी पिता स्व0 हसीन अंसारी 2. मो0 अरसद अलि पिता स्व0 आशीक अंसारी 3. उसमान अंसारी पिता मो0 यहीया अंसारी 4. सेराज अहमद अंसारी पिता स्व0 नबी गुलाम अंसारी 5. अहमदरसूल अंसारी वो पिता मो0 यादअलि अंसारी | 417 | 418 | 417 | 417 |
| 9 | 31 | 424 | रैयती | धान दो | 0.004 | 1. समीम अंसारी, सूरदीद अंसारी पिता स्व0 हसीन अंसारी 2. मो0 अरसद अलि पिता स्व0 आशीक अंसारी 3. उसमान अंसारी पिता मो0 यहीया अंसारी 4. सेराज अहमद अंसारी पिता स्व0 नबी गुलाम अंसारी 5. अहमदरसूल अंसारी वो पिता मो0 यादअलि अंसारी | 426 | 610 | 429 | 418 |
| 10 | 31 | 426 | रैयती | धान दो | 0.100 | नसीम अंसारी पिता स्व0 हसिज अंसारी, अलमुदिन अंसारी, अब्दुल मजीद अंसारी | 427 | 429 | 429 | 422 |
| 11 | 28 | 432 | रैयती | धान खेत तीन | 0.115 | अब्दुल मजीद अंसारी वै0 पिता स्व0 गुलाम रसुल अंसारी, रहमान अंसारी वै0 पिता स्व0 गुलाम रसुल अंसारी, शेर अली अंसारी पिता स्व0 मकबुल अंसारी, अहमद अंसारी वै0 पिता स्व0 ओजीर अंसारी, मनउर अंसारी पिता मखबुल अंसारी , समीयुला अंसारी वै0 पिता स्व0 रफीक अंसारी 2. मोजईद अंसारी पिता स्व0 अली हुसैन अंसारी | 434 | 415 | 416 | 433 |
| 12 | 26 | 434 | रैयती | धान दो | 0.048 | मुमताज अंसारी पिता वै0 कदम रसुल अंसारी, विगु अंसारी पिता स्व0 गुलाम अंसारी | 435 | 432 | 435 | 433 |
| 13 | 1 | 555 | रैयती | धान | 0.028 | उचितेश्वर प्रसाद सिंह, पिता–उमेश्वर प्रसाद सिंह | 554 | 585 | 556 | 585 |
| 14 | | 586 | रैयती | | 0.092 | सेराज अहमद अंसारी पिता स्व0 नबी गुलाम अंसारी वो पिता मो0 यादअलि अंसारी | 429 | 610 | 429 | 610 |
| 15 | 1 | 611 | रैयती | धान खेत | 0.034 | असगर अंसारी वै0 पिता स्व0 दिलदार अंसारी | 612 | 612 | 612 | 382 |
| | | | | कुल :– | 0.850 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री रविकान्त पाण्डेय को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0–08ए0/भू0अ0नि0(अधिनियम)–129/2017/549/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR287627 (District)22-23*D

# पलामू में फिर बढ़ी कनकनी, बादलों ने डाला डेरा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में पिछले कुछ दिनों से खिली धूप ने जिलों के लोगों को ठंड से राहत दी है। लेकिन दो दिन से एक बार फिर पश्चिमी दिशा से बह रही ठंडी हवा का प्रकोप कम हो जाने के कारण न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। जिले में कोहरे और धुंध का असर देखने को मिल रहा है। हालांकि, मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार अगले तीन दिनों तक जिले के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। राहत की बात यह है कि इसके बाद 19 जनवरी से तापमान में बढ़ोत्तरी की संभावना है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों से खिली धूप ने ठंड से लोगों को राहत दी है।



नए साल में कोहरे, धुंध और आसमान में छाए आंशिक बादल ने तापमान को लुढ़का दिया था। लेकिन 10 जनवरी से पश्चिमी दिशा से बह रही हवा में रुकावट से ठंड का असर थोड़ा कम हुआ है। यह स्थिति पूरे राज्य में बनी है। यही वजह है कि अगले एक सप्ताह तक पूरे राज्य में अधिकतम तापमान 24 से 31 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 9 से 13 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। केंद्र के वरीय विज्ञानी के अनुसार अगले एक सप्ताह तक पूरे राज्य में रहने की संभावना है। आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा। राज्य के दक्षिणी हिस्से यानी पश्चिमी व पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां के कुछ हिस्सों में सुबह में धुंध के साथ आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने अलर्ट जारी करते हुए बताया है कि पलामू संभाग यानी पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार व लोहरदगा के कुछ हिस्सों में शीतलहर चलने की संभावना है। जबकि इसके निकटवर्ती जिलों में भी इसका असर देखने को मिलेगा। बताया गया कि अगले दो दिनों तक कहीं-कहीं हल्के व मध्यम दर्जे का कोहरा छाया रहेगा। हालांकि, राजधानी समेत आसपास के जिलों में इससे राहत की उम्मीद है। यह स्थिति तीन से चार दिनों तक ही रहेगी।

### क्या है कनकनी बढ़ने का कारण

जिले में कनकनी बढ़ने का कारण हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के कारण ठंड में वृद्धि हुई है। वहीं आज से एक नया पश्चिमी विक्षोभ, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। मौसम विभाग के अनुसार आज आकाश में बादल छाए रहने की भी आशंका जताई है। आने वाले दिनों में शीतलहर बढ़ सकती है। तापमान में गिरावट होने के साथ ही कोहरा का असर भी दिखेगा।

# सांसद आपके पंचायत के तहत जनसंवाद आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद वीडी राम ने सांसद आपके पंचायत कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत बनियाडीह बराही, दंगवार, बेल विगहा एवं लोटनिया में आयोजित जनता संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने बराही स्थित हनुमान मंदिर का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात उक्त पंचायतों का भ्रमण कर जनता से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं से अवगत हुए और यथा संभव निदान करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, राम प्रवेश सिंह, कर्नल संजय सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, जिला मंत्री , संतोष कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, नरेन्द्र सिंह, नागेन्द्र उपाध्याय, उक्त पंचायतों के मुखिया सुदामा कुमार, अमरेन्द्र ठाकुर, अनिता देवी, विनोद कुमार सिंह सहित पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### श्रीराम सेना प्रमुख का जारी है जनसंपर्क अभियान

**मेदिनीनगर।** श्रीराम सेना के प्रमुख सह मेयर प्रत्याशी पंकज कुमार जायसवाल का जनसंपर्क अभियान जारी है। अभियान जनता ही जनार्दन है' का 44 वां दैनिक जनसंपर्क अभियान निमिया वृन्दावन गार्डेन, बैंक कॉलोनी ,वार्ड नंबर 2 मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में किया गया। जिसमें श्रीराम सेना के वरीय पदाधिकारीगण एवं समाज के अभिभावकगण भी सम्मिलित हुए । इस क्रम में विजयकांत जायसवाल चाचा, भाई संदीप गुप्ता, कामेश्वर राम चाचा ,वीरेंद्र जायसवाल ,विजय प्रसाद, धीरेंद्र कुमार ,शंकर साव , चिंटू गुप्ता, राजू बाबू, गुड्डू गुप्ता ,बिट्टू लाठ , राष्ट्रवादी अंकित कुमार लाल, अरुणिश गिरी एवं कई श्रीराम सैनिक बंधु उपस्थित थे । इस जनसंपर्क के क्रम में क्षेत्र की कई समस्याओं से भी अवगत हुए एवं उनका समाधान करने का भी संकल्प लिया ।

### अभ्यर्थियों ने किया आयोग से शीघ्र मेरिट लिस्ट जारी करने की मांग

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित कई जिलों के हाई स्कूल व पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों ने जेएसएससी पहुंच कर मेरिट लिस्ट जारी करने की मांग की। लगभग सैकड़ो की संख्या में अभ्यर्थियों ने आयोग के चेयरमैन से मिल कर अपनी मांगों को रखा। गौरतलब है कि हाई स्कूल और पंचायत सचिव के नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा तीन महीने में नियुक्ति पूरा करने का आदेश दिया गया है। जिसमें हाई स्कूल में लगभग 9 हजार और पंचायत सचिव में 3088 पदों पर नियुक्ति की जानी है। बीते 6 सालों से ये नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। नियोजन नीति के कारण मामला लटका हुआ था।

### इंटेंसिभ अवेयरनेस कैंपेन प्रोग्राम संपन्न

**मेदिनीनगर।** दिशा स्किम के तहत इंटेंसिभ अवेयरनेस कैंपेन प्रोग्राम का आयोजन 14 व 15 जनवरी को किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार व जिला प्रशासन के सहयोग से इंटेंसिव एवर्नेस कैंपेन प्रोग्राम का आयोजन चैनपुर प्रखंड के झरिवा , सेमरा में व हुसैनाबाद के देवरीकला, पंडवा के लामीपतरा पंचायत में ,सतबरवा के धवाडीह, हैदरनगर के सरैया, पाटन के कस्तूरबा विद्यालय, नावा बाजार के कंडा, स्टेशन रोड डालटनगंज, किया गया । इसके तहत सामाजिक एवं विधिक विषयों पर जानकारी दी गई। पीएलभी देवराज शर्मा,विजय कुमार, भोलानाथ शर्मा, रविन्द्र सिंह, सुमन्त मेहता,करण थापा, आदि पीएलभी ने स्थानीय समस्या, मूलभूत अधिकार व कर्तव्य, महिला सशक्तिकरण ,श्रम कानून, पीड़ित प्रतिकार अधिनियम आदि के बारे में लोगों को जागरूक किया। विदित हो कि 14 जनवरी को छह पीएलभी व 15 जनवरी को तीन पीएलभी चिन्हित गांव में कार्यक्रम का आयोजन कर लोगो को जानकारी दी।

### अभिभावक संघ अध्यक्ष ने किया कंबल का वितरण



**मेदिनीनगर।** अभिभावक संघ के अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने सोमवार की रात स्थानीय डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन, रैन बसेरा और राहगीरों के बीच कंबल वितरण किया।पलामू में बढ़ रही कनकनी और ठंड को देखते हुए जरूरत मंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। लोगो ने कंबल मिलने के बाद खुश दिखे।मौके पर कंबल वितरण में प्रदेश महासचिव इं. आकाश कुमार सिंह और प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतिम दिन भी चला जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में 11 जनवरी से 17 जनवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा सप्ताह का अंतिम दिन भी वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने अभियान चलाया। इसके बैनर तले स्टेशन रोड स्थित एम्बिशन कोचिंग इंस्टीट्यूट में बच्चों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया । हेलमेट न पहनने पर सिर में लगी चोट कितनी खतरनाक हो सकती है, गाड़ी चलाते समय मोबाइल और ईयरफोन का इस्तेमाल कितना खतरनाक है, ड्रिंक करके ड्राइव करना कानूनी तौर पर अपराध है, साथ ही सड़कों पर स्टंट करने वाले किशोरों पर कैसे नकेल कसी जाये। इन तमाम मुद्दों पर ट्रस्ट के लोगों ने ध्यान आकर्षित किया । संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि सड़कों पर पूरी सावधानी के साथ उतरें, गाड़ी चलाते समय जूते, गल्बस, हैलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस का होना बहुत जरूरी है। लक्ष्य श्रेष्ठ ने यंगस्टर्स से राइडिंग गियर्स ही पहनकर सड़क पर उतरने की सलाह दी । ताकि दुर्घटना अगर हो भी तो शरीर को नुकसान न पहुंचे । राखी सोनी, संध्या अग्रवाल, बेबी विश्वकर्मा , मुस्कान कुमारी ने भी अपने विचार रखे एवं हेलमेट की उपयोगिता पर गीत प्रस्तुत किया। बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए ट्रैफिक इंचार्ज रामजीत सिंह ने कहा कि गलती होने और चालान कटने पर कोई सुनवाई नहीं होगी। फाइन से कम कीमत में हैलमेट मिलता है। इस अभियान को सफल बनाने में एम्बिशन कोचिंग इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर चंदन कुमार सोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




# आरक्षण बचाओ ओबीसी मोर्चा का एक दिवसीय महाधरना

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला परिषद् कार्यालय के सामने ओबीसी आरक्षण बचाव मोर्चा पलामू के बैनर तले एक दिवसीय महाधरना कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता रवि पाल एवं संचालन युवा समाज सेवी रिंकु मेहता ने किया । मुख्य रूप से इस सभा में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह कुशवाहा युवा मोर्चा पलामू के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार मेहता ने कहा कि अब ओबीसी समाज जाग गई है। पूरे झारखण्ड में हमारी आबादी 54 प्रतिशत की है । लेकिन हिस्सेदारी में हम 0 प्रतिशत है। झारखण्ड सरकार ओबीसी विरोधी काम कर रही है । हम सरकार से मांग करते है कि नगर निकाय चुनाव में ट्रिपल टेस्ट करा कर आबादी के अनुसार ओबीसी को आरक्षण देकर कराया जाये। झारखण्ड में जातीय जनगणना कराया जाये ,पहले के ही पंचायत चुनाव में ओबीसी के साथ सौतेला व्यहार किया गया है । वहीं पलामू जिला में बालू बंद है उसे चालू कराया जाये। 15 दिन के अंदर सभी बिन्दुओ पर विचार नहीं होता है तो ओबीसी मोर्चा उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होगी। जिसकी जवाबदेही झारखण्ड सरकार की होगी। सभी सामाजिक जातीय संगठन ने इस आंदोलन में समर्थन किया है। खासकर चंद्रवंशी समाज, कुशवाहा समाज, पाल समाज, दांगी समाज, प्रजापति समाज, यादव समाज, वैश्य समाज, भुइयां समाज, रविदास समाज के साथ मौर्य सेना ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है। आजसू नेता सतीश चंद्रवंशी ने कहा कि आजसू पार्टी हमेशा ओबीसी के आवाज को उठाने का काम किया है। संजय यादव ने कहा कि सरकार ओबीसी का दुश्मन है। मौर्य सेना की राष्ट्रीय अध्यक्ष रुपेश मेहता ने कहा कि जबतक ओबीसी को आरक्षण नहीं मिलता है। तब तक मौर्य सेना के लोग चुप नहीं बैठेंगे । सभी सामाजिक संगठन के लोगों ने कहा कि युवा समाज सेवी अजीत कुमार मेहता के नेतृत्व में ओबीस के हक अधिकार के लिए पलामू जिला में आंदोलन किया जायेगा। मौके पर सभी जातीय संगठन के लोग हजारो की संख्या में उपस्थित थे।



### राजकुमार लकड़ा को आईजी बनाये जाने पर बधाई दी

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के डीआईजी राजकुमार लकड़ा को रेज का आईजी बनाये जाने पर प्रदेश राजद उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने मुलाकात कर उन्हे बधाई दी। श्री यादव ने आईजी राजकुमार लकड़ा को बुके देकर स्वागत किया और नया साल व मकर सक्रांति की बधाई दी है। श्री यादव ने आईजी श्री लकड़ा को क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया और पुलिस के कार्य की सराहना की। श्री यादव ने अपराध व असामाजिक तत्वो पर निगरानी रखते हुए क्षेत्र के विकास के लिए कई सुझाव दिये । मौके पर जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव, संतोष यादव व चिंटू यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### जीएनएम व एनएचएम कर्मियों के हड़ताल से मरीजों को हो रही परेशानी

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल के सभी जीएनएम एनएचएम कर्मी 17 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। सभी कर्मियों के द्वारा मंगलवार को सीएस कार्यालय के समक्ष हड़ताल किया गया। मौके पर उपस्थित एनएचएम जीएनएम कर्मियों ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा सभी कर्मी को नियमित नहीं किया जायेगा तब तक हड़ताल जारी रखने का संकल्प लिया गया है। कर्मियों ने कहा कि अभी दो-तीन दिन तक शांतिपूर्वक हड़ताल जारी रखा जायेगा। यदि इस दौरान सरकार के द्वारा सार्थक पहल नहीं किया गया तो हम सभी कर्मी अपने आंदोलन को उग्र आंदोलन करते हुए सभी ओपीडी सेवा को बंद करेंगे। इसके बाद आवश्यकता होने पर ओपीडी के साथ इमरजेंसी सेवा भी बाधित करेंगे। बताते चलें कि सदर अस्पताल में एनएचएम कर्मियों के हड़ताल के बाद मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। महिला वार्ड में दो नर्स के भरोसे वार्ड को चलाया जा रहा है । जिससे अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। मौके पर चंचला कुमारी ,प्रीति इमेज रेशमी कुमारी, आशा करकटा ,रिया कुमारी, कुसुम सांगा ,रीना कुमारी सहित अन्य जीएनएम एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### आम आदमी पार्टी ने जरूरतमंदो के बीच किया वस्त्र का वितरण

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ प्रखंड के बांसडीह पंचायत के पिंडहे गांव में लुकास कोरबा, एवं किरण देवी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के जिला संयोजक चंद्रबली चौबे, पलामू प्रमंडल प्रभारी किशोर सिन्हा, एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता संजय राम के द्वारा जरुरत मंदो के बीच वस्त्र का वितरण किया गया। मौके पर पुष्पा देवी, बलेश्वर कोरबा,सरिता ,विजय, पुष्पा कुमारी, दीपक राम,विनोद कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पत्नी को चाकू मारकर किया घायल, गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नावाजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचकेडिया कोल्हुआ गांव में अपनी पत्नी को चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया । जानकारी के अनुसार घटना 14 जनवरी देर रात की बताई जा रही है। बताते चलें कि नावाजयपुर थाना क्षेत्र के पंचकेडिया कोल्हुआ गांव निवासी संजय विश्वकर्मा टाटा कंपनी में टेंपो चलाने का काम करता हैं। कुछ दिन पहले वह टाटा से अपने गांव पहुंचा था। इसी बीच 14 जनवरी की रात कुछ बात को लेकर संजय विश्वकर्मा और उनकी पत्नी संगीता देवी में झगड़ा हो गया। झगड़ा होने के पश्चात संजय ने अपनी पत्नी संगीता देवी को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस घटना में शहर थाना पुलिस के द्वारा महिला का बयान लिया जा चुका है। वही 17 जनवरी को घायल के पति संजय विश्वकर्मा सदर अस्पताल अपने पत्नी से मिलने पहुंचा था । इसी दौरान किसी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही शहर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर अपराधी संजय विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर थाना ले गई। जहां पुलिस उससे घटना के बारे में पूछताछ कर रही है। वही इस संबंध में नावा जयपुर थाना प्रभारी संजय कुमार रजक ने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि जानकारी मिलने के बाद उस पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।



# आग तापने के क्रम में झुलसी महिला, गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बीएन कॉलेज के कंदाखाड़ निवासी विजय चंद्रवंशी की पत्नी दुर्गा देवी उम्र 35 वर्ष आग ताप ने के क्रम में आग से जलकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार दुर्गा देवी मंगलवार की सुबह आग ताप रही थी। इसी दौरान वह आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।

# भाकपा ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी तरहसी शाखा के सचिव एवं जुझारू साथी का निधन पिछले दिनों हो गया । जिनकी श्रद्धांजलि सभा मंगलवार को उनके आवास पर किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ साथी सूर्यपत सिंह ने कहा कि कामरेड भोला साहू कर्मठ एवं जुझारू साथी थे । उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। पार्टी के वरिष्ठ साथी मनाजरूल हक ने कहा कि कामरेड भोला साहू बहुत ही मिलनसार एवं कम्युनिस्ट पार्टी के एक सच्चे सिपाही थे। उनकी मृत्यु से हमारी व्यक्तिगत क्षति भी हुई है । वहीं भाकपा के वरिष्ठ साथी कृष्ण मुरारी दुबे ने उनके प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी। भाकपा के जिला सचिव से राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि कामरेड भोला साहू एक निडर एवं आम जनता के हक एवं अधिकार के लड़ने वाले कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। वे अपने पीछे अपनी इकलौती बेटी और दामाद सहित भरा पूरा परिवार को छोड़कर चले गए। शोक सभा में अंचल सचिव कामरेड पूरन चंद साव, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, राजेंद्र साव, सोनू खान, इरशाद प्रिंटर, सुनील विश्वकर्मा, निरंजन कुमार, एक लाख हुसैन, मिथिलेश पासवान, धीरेंद्र गोस्वामी, बुधन शर्मा, संतु सिंह, कन्हाई राम सहित कई एक साथियों ने श्रद्धांजलि सभा के बाद पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# युवा जागृति केंद्र ने प्रखंड समिति का किया गठन

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** प्रखंड के रजडेरवा स्थित दुर्गा मंडप के प्रांगण में मंगलवार को विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों के बीच युवा जागृति केंद्र ने प्रखंड समिति का गठन किया । आयोजित सभा मे नागेंद्र कुमार को बारी पंचायत का प्रखंड अध्यक्ष, लखराज सिंह को उपाध्यक्ष, बोहिता पंचायत के शिव शंकर उरांव को सचिव, वीरेंद्र राम को बकोरिया पंचायत का कोषाध्यक्ष,मिंटू कुमार को पोची पंचायत एवं रॉकी को बारी पंचायत का सह सचिव नियुक्त किया गया। वहीं शशिकांत कुमार, मनदीप कुमार, श्यामलाल सिंह, पंकज कुमार, अजीत कुमार, अनिल कुमार, श्याम जीत कुमार, ज्योति रंजन सिन्हा, आनंद कुमार, संदीप कुमार सिंह, राजदेव कुमार राम को प्रखंड समिति का सदस्य नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव प्रेम कुमार ने किया। कार्यक्रम में युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा कि युवा जागृति केंद्र सतबरवा प्रखंड के सभी पंचायतों तथा गांवों में समितियों का निर्माण कर संगठन को मजबूत करेगा। युवा जागृति केंद्र के सिद्धांतों मे जनता विश्वास दिखाकर संगठन के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा ने कहा कि सतबरवा प्रखंड में संगठन का विस्तार केंद्र को नई मजबूती प्रदान करेगा । युवा जागृति केंद्र को जनता विकल्प के रूप में देख रही है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला सचिव प्रेम कुमार ने कहा सतबरवा प्रखंड के कार्यकर्ता युवा जागृति केंद्र को नई मजबूती प्रदान करेंगे । प्रखंड के प्रत्येक ग्राम में संगठन के कार्यक्रमों को सुचारू रूप से चलाया जायेगा। उन्होंने कहा की शीघ्र ही सभी पंचायतों एवं गांव में समितियों के का निर्माण कर लिया जायेगा। कार्यक्रम में जिला सचिव छोटू तिवारी, अमित रंजन, पड़वा प्रखंड समिति के बलवंत कुमार, विकास, रंजीत, अजीत, रंजीत नोनिया, आनंद, शुभम, प्रेम शंकर चौधरी, अजीत, नितेश कुमार, रवि, पंकज, शत्रुघ्न कुमार, अनूप कुमार, प्रेम सागर चौधरी, चंदन कुमार, विशाल गोस्वामी, रोशन कुमार, शशिकांत के साथ-साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## आयोजन — उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार

# ब्लड कैंसर से जूझ रहे बालक को मिला आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादन करने का निर्देश दिया।

**मिला मदद का आश्वासन :** मेदिनीनगर के प्रियरंजन कुमार तिवारी ने ब्लड कैंसर से जूझ रहे अपने 6 वर्षीय बच्चे शौर्य के इलाज हेतु उपायुक्त से आर्थिक मदद करने का अनुरोध किया। जिस पर उपायुक्त ने यथासम्भव मदद करने का आश्वाशन दिया। इसी तरह सोनपुर पंचायत के ग्राम सिलिदिया कला से आये अमरजीत कुमार ने मुखिया और पंचायत प्रतिनिधियों पर मनरेगा योजना के तहत बन रहे पशु शेड निर्माण की राशि गबन कर लेने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त से दोषियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की। इसी तरह जनता दरबार में नीलाम्बर पीताम्बरपुर अंचल के ग्राम कुन्दरी निवासी ओमप्रकाश पासवान ने उपायुक्त से प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित रखने की शिकायत करते हुए पीएम आवास देने की गुहार लगायी। इसी तरह तरहसी प्रखंड के सोनपुरा निवासी अजय कुमार सिंह ने पेयजल एवं सिचाई हेतु उपायुक्त से डीप बोरिंग कराने का अनुरोध किया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने आदि से सबंधित आवेदन आये । जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।



# आइसा ने किया विचार गोष्ठी का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के 14 वीं वर्षगांठ पर ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन ने एक विचार गोष्ठी आयोजित की। जिसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय ने किया । छात्रों को संबोधित करते हुवे विदेशी पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय स्थापना की 14 वीं वर्षगांठ और विश्वविद्यालय की बबार्दी का तीसरा वर्षगांठ आज मनाया जा रहा हैं। पलामू के छात्र नेताओं के संघर्ष का फल था कि पलामू प्रमंडल के छात्रों के लिए यह वरदान साबित हुआ था । वह अकबर राम लखन सिंह और बीरबल राकेश सिंह का देन हैं कि विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग को निजी हाथों में सौंप दिया गया ।। महाविद्यालय में वार्षिक महोत्सव खेल कूद, प्रतियोगिता को भी समाप्त कर दिया गया है। विश्वविद्यालय या महाविद्यालय में नियुक्त किए जाने वाले सुरुक्षाकर्मी या कर्मचारी की कोई नियमवाली नहीं हैं। वित्तीय कार्य मौखित आदेश पर किए जा रहें हैं। महाविद्यालय में कक्षा संचालन की कोई नियमवाली नहीं हैं। मगर पदाधिकारियों को कोई मतलब नहीं है। वि.वि के नए भवन में कार्यक्रम आयोजित किया जा सकता हैं। मगर सिफ्ट नही हो सकता। मौके पे मौजूद राहुल कुमार, कौशल किशोर, जफर पठान, पवन सिंह, बबलू सिंह,जितेंद्र कुमार, करण तिवारी, हर्ष तिवारी सहित कई लोग मौजूद थें।

## NEWS इन ब्रीफ

### बकाया बिजली बिल को लेकर छह लोगों का कटा कनेक्शन

**चिनिया।** चिनिया प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत बेता पंचायत के बेसरी गांव व तूरीमुंडा गांव में बिजली विभाग के एसडीओ कामेश्वर ठाकुर के निर्देश पर चिनिया विद्युत कर्मियों ने 6 बिजली कनेक्शन धारियों का बिजली कनेक्शन काट दिया है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर विद्युत मिस्त्री तम जीद मंसूरी ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर आज बेशरी तथातुरी मुंडा गांव के 6 लोगों का विद्युत कनेक्शन काटा गया है। विभाग से हम लोगों को यह निर्देश प्राप्त है कि जिन बिजली कनेक्शन धारियों के पास 2000 से ऊपर बिजली बिल का कनेक्शन काट दें। जिससे इन सभी काटे गए बिजली कनेक्शन धारियों के पास 5000 से ऊपर बिजली बिल बाकी था । कारण की चिनिया प्रखंड मुख्यालय में प्रत्येक महीने की 28 तारीख को बिजली बिल जमा करने के लिए शिविर का आयोजन किया जाता है।

### हरता राजकीय मध्य विद्यालय में पोशाक का वितरण

**भंडरिया।** भंडरिया प्रखंड के हरता-राजकीय मध्य विद्यालय हरता-1 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बीडीसी महेश यादव द्वारा विद्यालय पोशाक एवं अन्य पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया।राजकीय मध्य विद्यालय हरता -1 में जो बच्चे पढ़ते है उनके बीच ड्रेस, स्वेटर एवं जूते बांटने हेतु प्राप्त हुए थे जो सभी वर्ग में अध्ययनरत विद्यार्थियों को दिया गया साथ ही बीडीसी महेश यादव द्वारा अनुशासित बच्चो के बीच कॉपी,पेन,पेंसिल,कटर, रबड़ एवं इंस्ट्रूमेंट बॉक्स का वितरण किया गया है। इस मौके पर मुख्य शिक्षक रामकेश तिवारी नंदू सिंह विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुखाड़ी देवार उपस्थित थे।

### भवनाथपुर में इलाज के दौरान युवक की मौत

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के मकरी पंचायत के बसेरियालेवा स्कूल के समीप सोमवार की रात्रि में हुए टेपो दुर्घटना में मकरी के बरवाबांध टोला निवासी हरेंद्र राम के 20 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार की मौत अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। मंगलवार को शव को पुलिस कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा ले गई। जिसकी पुष्टि भवनाथपुर के प्रभारी थाना प्रभारी सहदेव साह ने की। जानकारी के मुताबिक सोमवार की रात्रि में बरवाबांध निवासी प्रकाश कुमार अपने टेपो से घर जा रहा था, टेपो चालक चला रहा था कि बसेरियालेवा स्कूल के समीप टेपो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें प्रकाश टेपो के नीचे दब गया था, जबकि मौके से चालक फरार हो गया,बाद मे स्थानीय लोगों की मदद से उसे टेपों के अंदर से निकाल कर अनुमंडलीय अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया,जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### प्रखंड कार्यालय में प्रक्षेत्र दिवस किसान गोष्ठी का आयोजन

# किसानों को दी गयी खेती की नई तकनीक की जानकारी




**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग आत्मा गढ़वा की ओर से प्रक्षेत्र दिवस पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसकी शुरूआत चिनिया प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी,प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा, 20 सूत्री अध्यक्ष मंगरु सिंह खरवार व उप प्रमुख मोहम्मद फारुख के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई । जहां बीटीएम सत्येंद्र कुमार किसान मित्र तथा सैकड़ों की संख्या में प्रगतिशील किसान इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए । वही किसान गोष्ठी कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए बीटीएम सत्येंद्र कुमार के द्वारा किसानों को समन्वित कृषि प्रणाली के अंतर्गत सब्जी की खेती स्ट्रॉबेरी की खेती काला धान काला गेहूं की खेती करने के लिए किसानों को जागरूक किया गया, वही पारंपरिक खेती को तकनीकी के माध्यम से खेती करने के लिए किसानों को सलाह दी गई, साथ ही टपक सिंचाई पद्धति सिंचाई यंत्र से लोगों को खेती में पटवन करने की बात कही । वही क्षेत्र से आए कई प्रगतिशील किसानों के द्वारा नई तकनीकी से अपने खेती व सब्जी को जमीन में उगा कर ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमा सके इसके बारे में भी कई किसानों की जानकारी दी गई । वही बीटीएम ने बताया कि आज सरकार कृषि विभाग के तहत प्रखंड क्षेत्र के 16 किसानों को जरेडा कंपनी के द्वारा सोलर वाटर सिंचाई की भी सुविधा प्रदान की है अगर और भी किसान इच्छुक हो तो वह हमसे संपर्क करें कुछ जरूरी डॉक्यूमेंट के साथ फॉर्म भर कर दें उन्हें भी सोलर वाटर सिंचाई की सुविधा मिलेगी । मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा, प्रमुख सुनैना देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष मंगरू सिंह खरवार, मोहम्मद फारुख, बेता पंचायत मुखिया रामेश्वर सिंह, किसान मित्र रामसकल कोरवा, रमेश यादव, सुरेश बनवारी प्रसाद, मसरूफ आलम कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार प्रिंस कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष किसान मौके पर उपस्थित थे ।

# पाल्हे में हाथी का आतंक, दो घरों में तोड़फोड़ से दहशत





**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
चिनिया थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव में बीती रात एक हाथी ने जमकर उत्पात मचाया है। यहां आपको बताते चलें कि एक हाथी रात करीब 12 बजे पाल्हे गांव में पहुंचा और गांव के ही प्रदीप सिंह तथा गोवर्धन यादव के खपरैल घरों को ध्वस्त कर दिया। वहीं कच्ची दीवारों के गिरने व उससे दबने से प्रदीप सिंह की एक बकरी की भी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इसकी जानकारी प्रदीप सिंह ने बताया कि एक हाथी रात करीब 12बजे हमारे गांव में पहुंचा और हमारे खपरैल घर पर हमला कर घर को गिरा दिया है। हम लोग उसी घर के अंदर सोए हुए थे। डर के मारे हम लोग पिछले दरवाजे से निकल गए नहीं तो एक बड़ी अनहोनी भी हो सकती थी, वहीं आनन-फानन में घर में ही रखी बकरी को हम लोग बाहर नहीं निकाल सके, जिससे घर के दीवार गिरने व उसे दबने से हमारी बकरी की भी मौत घटनास्थल पर ही हो गई है। इधर घटना के संबंध में चिनिया प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि पाल्हे गाव में एक हाथी ने पहुंचकर जानमाल का नुकसान किया है, इसकी जानकारी मिली है। वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर इसका मुआयना करेगी तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा भी दी जाएगी। इधर हाथियों के द्वारा बीते दो-तीन दिनों से गांव में पहुंचकर लगातार फसल को बर्बाद किया जा रहा है। बीती रात खप्रैल घर को भी ध्वस्त कर दिया गया। जिससे ग्रामीण काफी दहशत में है। ग्रामीणों ने वन विभाग के पदाधिकारियों से क्षेत्र से हाथियों की भगाने की मांग की है ।

# सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली जागरूकता रैली




**नवीन मेल संवाददाता। मंझिआंव**
नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कई वर्षो से संचालित एलके पब्लिक स्कूल के प्राचार्य माया कुमारी एवं निर्देशक ललन कुमार साह के द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित अनोखा पहल किया गया। जिसमें विद्यालय परिसर से मुख्य बाजार होते हुए एलके पब्लिक स्कूल के सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता रैली निकाली। वही जागरूकता रैली के दौरान बच्चों ने सड़क पर तेज रफ्तार से गाड़ी न चलाने, गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करने एवं शराब पीकर गाड़ी न चलाने का परामर्श दिया। रैली के दौरान शराब पीकर गाड़ी चलाना अपने मौत को आमंत्रित करना, जो सुरक्षा से दोस्ती तोड़ेगा वह एक दिन दुनिया को छोड़ेगा, सफर में कितना कम दूरी हेलमेट लगाना है जरूरी, ना शौक है ना मजबूरी हेलमेट पहनना है जरूरी जैसे अनेक नारों का उद्घोष किया। वहीं रैली में बीइओ बीएस मेहता सीआरपी बीरेंद्र प्रसाद ने शामिल हुआ और हेलमेट ना लगाकर बाइक चलाने वाले चालकों को पुष्प देकर हमेशा हेलमेट व जूता पहनकर बाइक चलाने का अपील किया। शिक्षक शिवशंकर प्रसाद कमलेश कुमार शिक्षिका पूजा कुमारी के साथ अन्य शिक्षक शिक्षिका में शामिल थे।

# बीडीओ ने किया कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
उपायुक्त गढ़वा के निर्देश पर भवनाथपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुसहर परिवार के दो बच्ची रेखा कुमारी एवं मधु कुमारी को बीडीओ ने खुद से विद्यालय में नामांकन कराया था। उसकी पढ़ाई की जानकारी लेने के दौरान बबलू मुसहर की बेटी रेखा कुमारी ने अपने भाषा में बीडीओ से खुश होते हुए बोली, 'सर हम नाम लिखे जान गइली आउ मधुआ फूल बनावे जान गलई हमरा बैग आउ बरस मिली त पढ़ब हम आगे तक बढ़े ला चाहत ही'। बीडीओ जयपाल महतो ने हौसला बढ़ाते हुए कहा कि बैग-ब्रश मिल जाएगा, हम आते रहेंगे। आगे भी किसी चीज की जरूरत पड़ेगा तो हमको बताना। बीडीओ ने उपस्थित शिक्षिका प्रियंका कुमारी से रेखा कुमारी एवं मधु की कपड़े और स्वेटर मिलने की जानकारी ली। जिस पर शिक्षिका ने बताया कि कपड़े स्वेटर मिल गये हैं। निरीक्षण के दौरान बीडीओ जयपाल महतो ने छह क्लास के बच्चों को गणित विषय पढ़ाया और बच्चों से सवाल बनवाएं। शिक्षिका ने बीडीओ से बताया की खेलकूद के लिए विद्यालय के कैम्पस में जगह नहीं होने से बच्चियों को परेशानी होती है। जब की कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के नाम पर 5 एकड़ भूमि है, लेकिन हमारे विद्यालय का कैंपस वर्तमान में 2 एकड़ में ही है वहीं विद्यालय में अंग्रेजी विषय के शिक्षिका नहीं होने की जानकारी दी। इस पर बीडीओ ने सीओ को आवेदन लिख कर देने को बात कही एवं अंग्रेजी की शिक्षिका नहीं होने पर कहा कि जब तक शिक्षक की बहाली नहीं होती है तब तक आप लोग एक-एक क्लास रूटींग बना कर पढ़िए। मौके पर प्रियंका कुमारी ममता कुमारी सविता कुमारी मंजू कुमारी रंभा कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मंडल कारा में कैदी की मौत के बाद सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा मडल कारा में बंद कैदी की राम कयाश यादव मौत के बाद मंगलवार को परिजनों ने सदर अस्पताल के सामने आधे घंटे तक सड़क जाम कर दिया। इसकी जानकारी होने पर अंचल पदाधिकारी मयंक भूषण उपाध्यक्ष वीडियो कुमोद झा जेल उपाधीक्षक सहित आदि लोगों ने वहां पहुंचकर उसे आश्वासन दिया। इसके बाद जाम को समाप्त कर दिया गया। इस दौरान जेल प्रशासन ने मृतक के परिजनों को 20 हजार रुपए का सहायता राशि दिया गया एवं उसे आश्वासन दिया गया की उसे जो भी सरकार के द्वारा प्रावधान है वह उसे दिया जाएगा। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे मंगलवार को अंत्य परीक्षण कराया। इसमें 3 सदस्य डॉक्टर का टीम बनाया गया था। जिसमें डॉक्टर संजय कुमार डॉ कौशल किशोर आदि शामिल थे। अंत्यपरीक्षण के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। परिजनों का कहना था कि जेल में बंद कैदी राम कयाश यादव 53 वर्ष की मौत जेल प्रशासन की लापरवाही के कारण हुई है। परिजन ने बताया कि उसका मौत से पहले उसका पुत्र नंद लाल यादव ने शाम को 4 बचकर 8 मिनट पर 46 सेकंड तक अपने पिता से बातचीत भी किया था। परिजनों ने बताया कि उनकी कोई तबीयत खराब नहीं थी अधिक तबीयत खराब रहती है तो अपने पुत्र को इस संबंध में वह जरूर जानकारी देते। परिजनों ने बताया कि मृत होने के 12 घंटे बाद तक भी परिजनों को इसकी जानकारी नहीं दी गई थी। मृतक का पुत्र नंदलाल यादव ने आरोप लगाया है कि उनके पिता को साजिश के तहत हत्या किया गया है। विदित हो कि भवनाथपुर थाना क्षेत्र के रपुरा गांव निवासी राम कयाश यादव की मौत सोमवार को देर शाम बंद करा में हो गई थी। सदर अस्पताल लाया गया था जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# रबी फसल पर कार्यशाला आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय रबी फसल को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। बीडीओ जयपाल महतो, विस सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, पूर्व विस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, भवनाथपुर पंचायत कि मुखिया बेबी देवी एवं बीटीएम ओम प्रकाश गुप्ता सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने इस बैठक में उपस्थित नहीं हुए कृषि मित्रों को स्पष्टीकरण करते हुए जो किसान मित्र कार्य नहीं कर रहे हैं उनको हटाने का निर्देश दिया। कार्यशाला में जे के आर एम वाई योजना, आत्मा योजना, एन एफ एस एम योजना, कृषि विभाग बीज विनमय योजना सहित कृषि से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी कृषि पदाधिकारी राजगीर राम ने एवं संचालन बीटीएम ओम प्रकाश गुप्ता ने किया। इस मौके पर मनोज यादव, प्रदीप रावत, चंद्र देव रावत, विदेश्वर यादव मनोज यादव सुनील रावत राजेंद्र यादव सत्येंद्र यादव अनुज पाठक तैयब अंसारी,देवांश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### केतार में उप प्रमुख कार्यालय का उद्घाटन

**केतार।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय केतार में उप प्रमुख कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन उप प्रमुख शम्भु सिंह खरवार, खरौंधी जिप सदस्य धर्मराज पासवान ने नारियल फोड़कर और फीता काट कर किया। इस अवसर पर उप प्रमुख शम्भु सिंह खरवार ने कहा की अब गरीब,गुरबा का कार्यों का निष्पादन ससमय किया जायेगा।अपनी समस्या को लेकर ग्रामीण उप प्रमुख कार्यालय में आकर मिले उनकी समस्याओं का समाधान सम्बंधित अधिकारियों से कराया जायेगा। इस मौके पर बीडीओ मुकेश मछुआ, रामेश्वर प्रसाद सिंह, राम बिचार साहू, सूर्य नाथ सिंह, जसम्मुदिन अंसारी आदि मौजूद थे।

# श्री राम चरित्र मानस महायज्ञ 22 से

### मशहूर प्रवचन कर्ता राजन पंडित करेंगे प्रवचन



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
22 से 30 जनवरी तक आयोजित श्री राम चरित्र मानस महायज्ञ सह श्री राम कथा यज्ञ की तैयारी जोरों पर है। यज्ञ को लेकर सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई है 21 जनवरी को कलश यात्रा निकाला जाएगा जो हुर मोड़ से अचला नारायणपुर कल्याणपुर गढ़वा महूपी परखिया हूर पहुंचेगा जहां बिरहा नाला और दानरो नदी के संगम पर अभिमंत्रित जल भरा जाएगा और उसे यज्ञ मंडप में स्थापित किया जाएगा 22 जनवरी को पंचांग पूजन मंडप प्रवेश अरणी मंथन हवन एवं 1:00 बजे दिन से शाम 5:00 बजे तक पूज्य राजन पंडित जी के द्वारा प्रवचन किया जाएगा उक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष व मुखिया संघ के अध्यक्ष बसंत चौबे ने बताया कि यज्ञ को लेकर सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई है कलश यात्रा में अधिक से अधिक लोग शामिल हो इसके लिए लगातार आयोजन समिति की ओर से प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है उन्होंने कहा कि जल यात्रा में लगभग 500 वाहन शामिल होंगे और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह होंगे उन्होंने बताया कि आयोजन समिति के पदाधिकारी गांव-गांव में घूमकर चंदा कार्य में भी लगे हुए हैं।

**प्रशंसा**

### सीआरपीएफ 172 बटालियन ने किया सहयोग शिविर का आयोजन

# ग्रामीणों के बीच बांटे कंबल और वाटर टैंक




**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**
भंडरिया थाना क्षेत्र के बड़गड़ प्रखंड अंतर्गत विभिन्न सीआरपीएफ 172 बटालियन के कैम्पों में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सहयोग कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत कुल्ही कैम्प में कमांडेंट नृपेंद्र कुमार सिंह के द्वारा कुल्ही हेसातु सहित आधा दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों के बीच कम्बल, बीज, 500 ली. का वाटर टैंक आदि सामग्री का वितरण किया गया । इसके अतिरिक्त बहेरा टोली, मदगड़ी , पुनदाग,एवं बूढ़ा पहाड़ पर स्थापित कैम्पों में उपरोक्त सामग्रियों का वितरण प्रत्येक कैम्प 56 लाभार्थियों को कम्बल 21 लाभार्थियों को मक्का एवं अन्य सब्जियों के बीज तथा 7 लाभार्थियों को वाटर टैंक का वितरण किया गया ।पुंदाग कैम्प में द्वितीय कमान अधिकारी जे पी सिंह , बहेराटोली कैम्प में सहायक कमांडेंट नीरज कुमार, हेसातु कैम्प में सहायक कमांडेंट वजीर डांगी एवं मदगड़ी कैम्प में सहायक कमांडेंट हर्ष मस्से के द्वारा ग्रामीणों को उपरोक्त सामग्री प्रदान की गई। कुल्ही कैम्प में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमांडेंट श्री सिंह ने कहा की गढ़वा जिले में सीआरपीएफ की 172 बटालियन के पदस्थापना के बाद से ही नक्सल विरोधी अभियान के साथ स्थानीयों लोगो से जुड़ाव के लिए लगातार प्रयत्नशील रही है इसी कड़ी में आज का यह कार्यक्रम किया गया जिससे की स्थानीय निवासियों के सामान्य जीवन में सीआरपीएफ की सहभागिता सुनिश्चित हो ।इस मौके पर सहायक कमांडेंट अश्वनी कुमार ,बबलू प्रशाद एवं प्रदीप कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे । सीआरपीएफ द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए रह रह कर आयोजित किये जा रहे सहयोगात्मक कार्यक्रम की स्थानीय नागरिकों ने प्रशंसा की ।

### आठ मुसहर परिवार के बच्चों का बीडीओ ने कराया नामांकन

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के बांसडीह गांव में सड़क किनारे रह रहे दर्जनों मुसहर परिवार के आठ बच्चो को बीडीओ मुकेश मछुआ के द्वारा मध्य विद्यालय में नामांकन कराया गया। इसमें दुर्गा कुमारी, बलिया मुसहर, सुग्रीव मुसहर, आशिष मुसहर, कंचन कुमार, सुनीता कुमारी, पिंकी कुमारी, छोटी कुमारी का नामांकन उम्र के अनुसार विभिन्न कक्षाओं में कराया गया है। बीडीओ मुकेश मछुआ मंगलवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांसडीह के शिक्षकों के साथ मुसहर परिवार के आवास पर पहुंचे।जहां ऑन स्पॉट विद्यालय से दूर रह रहे मुसहर परिवार के बच्चों का नामांकन कराया गया। वहीं सभी बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित भी किया गया। उल्लेखनीय है की इससे पूर्व भी बीडीओ मुकेश मछुआ के द्वारा उक्त मुसहर परिवारों को कैंप लगाकर आधार कार्ड, राशनकार्ड बनवाया गया था।

# गायत्री यज्ञ को घर-घर पहुंचाएगा गायत्री परिवार



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
अखिल विश्व गायत्री परिवार गढ़वा जिला इकाई की जिलास्तरीय गोष्ठी जिला मुख्यालय स्थित कल्याणपुर शक्तिपीठ में संपन्न हुई। इसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए वार्षिक कार्य योजना बनायी गयी। इसमें मुख्य रूप से जिले के सभी 20 प्रखंडों में प्रखंड समन्वय समिति का पुनर्गठन करते हुए सभी घरों तक गायत्री एवं यज्ञ को पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इस क्रम में संगठन के सभी प्रमुख सात आंदोलनों को गति देने के लिये आंदोलन प्रमुखों को दायित्व दिया गया। विशेष रूप से संस्कार परंपरा को घर-घर स्थापित करते हुये अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार कराने के लिये प्रेरित करने हेतु आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी से महिलाओं को जोड़ने पर बल दिया गया। इसके लिये सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहियाओं से सहयोग लेने की बात कही गयी।

**NEWS इन ब्रीफ**

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव के अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले के विभिन्न सड़कों में हुई दुर्घटनाओं पर चिंता जाहिर की गयी। उपायुक्त ने दुर्घटनाओं की पुर्नरावृति को रोकने हेतु कारवाई करने का निर्देश दिया। सड़कों में ब्रेथ एलाईजर से शराब पीकर वाहन चलाने वालों की पहचान व कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त उत्पाद अधीक्षक को सड़क के किनारे ढाबा व होटलों में अवैध शराब की बिक्री के रोकथाम हेतु नियमित छापेमारी करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस तिवारी, पथ निर्माण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता दीपक वर्मा व उत्पाद अधीक्षक पंकज सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### सडक दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर

**मयूरहंड(चतरा)।** जिले के मयूरहंड थाना क्षेत्र अंतर्गत करमा के दनदहा घाटी के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की घटना स्थल पर हीं मौत हो गई। वहीं दुसरा युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। दोनों युवक अपाची मोटरसाइकिल जेएच 02बीई 4996 पर सवार होकर हजारीबाग की ओर से इटखोरी जा रहे थे, तभी तिखा मोड़ होने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगभग दस फीट निचे जा दुर्घटना ग्रस्त हो गयी। जिसमें बब्लू केशरी पिता सुखदेव प्रसाद केशरी पचीस वर्ष चैपारण थाना क्षेत्र के महराजगंज निवासी की मौत घटना स्थल पर हीं हो गई। जबकी राहुल कुमार गंभीर रुप से घायल हो गया। मृतक युवक के पिता वर्तमान में मयूरहंड थाना क्षेत्र के हुसिया अपने ससुराल में घर जमाई बन रह रहा हैं। वहीं घायल युवक को राहगीरों द्वारा एम्बुलेंस से इलाज के लिए हजारीबाग भेजा गया। घटना की सूचना पाकर प्रभारी थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार सिंह व अवर निरीक्षक श्रीराम पंडित मौके पर पहुंच शव को कब्जे में कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### मवि. सिंदुवारी से डेढ़ लाख के सामान की चोरी

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के मंझगांवा पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय सिंदुवारी से लगभग डेढ़ लाख लागत के सामान की चोरो ने चोरी कर ली है। इसकी सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर देते हुए बताया है कि 14 व 15 जनवरी को विद्यालय बंद था। 16 जनवरी को विद्यालय खुला तो स्मार्ट क्लास में रखा एलईडी टीवी, बैट्री, इन्वर्टर, सोलर प्लेट व कई सामान गायब थे। कमरे का सिटकिनी टूटा था। सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा उपकरणों की खोज बिन करने के बाद मंगलवार को थाना में आवेदन दे अज्ञात चोरों के विरिध प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

### राजस्व संग्रहण एवं अवैध उत्खनन के रोकथाम को लेकर डीसी ने की बैठक

# लंबित मामलों का 100% निष्पादन करें



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, निबंधन एवं अवैध उत्खनन के रोकथाम हेतु समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व के बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की कुल 22 स्थानों में 48 सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित किया गया है। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया की माह -नवंबर, 2022 से माह जनवरी, 2023 (दिनांक 15.01.2023 तक) की अवधि में अवैध कोयला चोरी एवं भण्डारण के विरूद्ध कुल 13 मामलों में स्थानीय थाना में 13 प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें संलिप्त 14 वाहन एवं 282.44 टन अवैध कोयला को जब्त कर 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। बैठक में उपायुक्त ने वाहनों में स्पीड कंट्रोल डिवाईस सड़क किनारे साईनेज बोर्ड वाहन चालक को सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः अनुपालन हेतु प्रशिक्षण देने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं 19 से 25 जनवरी तक जिले भर में महा अभियान चला कर हो रहे अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने खनन विभाग, परिवहन विभाग, मत्स्य विभाग, उत्पाद विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 22-23 में अभी तक लक्ष्य के विरूद्ध किये गये राजस्व संग्रहण की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में वैसे विभाग जिनके द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध राजस्व संग्रहण संतोषजनक नहीं किया गया है, वैसे विभागों पर नाराजगी जताते हुए तय समय सीमा के अंदर निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। अंचल की समीक्षा में मोटेशन, सकसेशन मोटेशन, जीएम लैंड सर्वे रिर्पोट, भू-अर्जन कार्यालय में लंबित मामले, निलाम पत्र, वाद, कर संग्रहण, संदेहात्मक जमाबंदी के अभिलेख का सुनवाई समेत अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए अंचल में लंबित मामलों के शत प्रतिशत निष्पादन करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में एसपी राकेश रंजन, दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी एसपी सुमन, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, एसडीओ चतरा मुमताज अंसारी, एसडीओ सिमरिया सुधीर कुमार दास, भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास, सभी अंचल अधिकारी समेत परियोजनाओं के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शहादत दिवस पर याद किए गए महेंद्र सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड भाकपा माले द्वारा शहीद का. महेंद्र सिंह की 19वीं शहादत दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया. प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक भवन परिसर में संकल्प दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिसमे भाकपा माले के प्रखंड सचिव कमलेश सिंह, किशन सिंह, सुखलाल सिंह, घनश्याम राम समेत उपस्थित अन्य नेताओं ने कामरेड महेंद्र सिंह की तस्वीर के सामने भाकपा माले जिंदाबाद, कॉमरेड महेंद्र सिंह को लाल सलाम, शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह तुम जिंदा हो, खेतों में खलिहान में जनता के अरमानों में, भाकपा माले जिंदाबाद, भाजपा भगाओ देश बचाओ, 11वा महाधिवेशन सफल करो आदि नारे लगाए इसके उपरांत सभा संकल्प दिवस महेंद्र सिंह की तस्वीर में उपस्थित सभी सदस्यों नेपुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि के साथ संकल्प लिया। संकल्प दिवस को संबोधित करते हुए भाकपा माले प्रखंड सचिव कॉमरेड कमलेश सिंह ने कहा कि महेंद्र सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा का नाम है।

## नेतरहाट रोड में हाथियों को भगाने के लिए ग्रामीण गाड़ियों से वसूल रहे चंदा



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

प्रखंड के नेतरहाट पीएफ में जंगली हाथियों का उत्पात चरम पर है, दो दिनों से 14 जंगली हाथियों का एक समूह तबाही मचा रहा है, घरो को तोड़कर रखे आनाज चटकर बर्बाद कर दे रहा है, मंगलवार की रात नेतरहाट के हुसंब और ढोड़ीकोना गांव में हाथीयों ने रात भर जमकर उत्पाद मचाया. दोनो गांव में 11 घरों को धवस्त किया. ढोड़ीकोना गांव में सुजीत आईद, मदन असुर, किशुन असुर और मंजू असुर का घर तोड़ा और रखे आनाज चटकर बर्बाद भी किये, फिर बगल के हुसंब गांव में पहुंच हाथीयों ने सुप्रेल लकड़ा, जेइबेल लकड़ा, जेरमेना देवी, लाजरूस लकड़ा, प्रदीप लकड़ा, जमेदार नगेसिया एवं सुशील लकड़ा का घर धवस्त किये एवं आनाज चट कर कपड़े एवं बच्चो के किताब समेत अन्य सामान बर्बाद किया, जिससे ग्रामीण काफी परेशान और डरे हुए है। जंगली हाथियों को भगाने के नाम पर कुछ ग्रामीण द्वारा मंगलवार को नेतरहाट-रांची मार्ग टूटूवापानी एवं चोरमुण्डा मोड़ के पास आने जाने वाले छोटे बड़े वाहनो को रोक कर अवेध रूप से पैसा वसूली किया जा रहा हैं। इस संबंध में वनपाल अजय टोप्पो ने कहां हाथियों को भगाने के लिए टीम जंगल में भेजा दिया गया है, साथ वन समिति के सदस्य विभाग द्वारा मिट्टी तेल सहित कई अन्य जरूरी समान उपलब्ध करा दिया गया है, रात दिन वन विभाग की टीम हाथियों को भगाने में लगी हुई है।

### वन विभाग हाथियों को भगाने में असफलःमुखिया

इस संबंध में नेतरहाट मुखिया रामबिशुन नगेसिया ने बताया कि हाथियों को भगाने में वन विभाग असफल नजर आ रही है, प्रयाप्त कोशिश नही की जा रही है, नेतरहाट के ग्रामीण दहशत में रतजगा कर रहें है। मेरे द्वारा हुसंबू और ढोड़ीकोना गांव का दौरा किया गया, वन विभाग के कोई भी अधिकारी पीडित परिवार से मिलने नही पहुंचे,आनाज बर्बाद कर देने के कारण कई लोगो के पास खाने लाले पड़े है।

### गिद्धौर में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण को लेकर हुई बैठक

**गिद्धौर (चतरा)।** मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में गणतंत्रत दिवस को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के साथ विभिन्न विभाग के पदाधिकारी व कर्मी शामिल हुए। मौके पर गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण की समय सारणी निर्धारित की गई। निर्धारित समय सारणी के तहत प्रखंड कार्यालय में सुबह 9:00 बजे, सिंगल विंडो सेंटर में 9:20 बजे, थाना परिसर में 9:30 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9:45 बजे, प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में 10:00 बजे व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 10:15 ध्वजारोहण किया जाएगा। वहीं प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय भवन में 9:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। बैठक में थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल, बीपीओ अजय कुमार सिन्हा, सन्ध्या कुमारी, वार्डेन रेणु कुमारी, प्रधानध्यापक ब्रजेश सिंह, शिक्षक नन्दकिशोर दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।

## भाजपाईयों ने सांसद खेल स्पर्धा को लेकर बच्चों से मुलाकात की




**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा**

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कुंदा प्रखंड के कई विद्यालय में जाकर खेलेगा भारत बढेगा भारत सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कक्षा नौवीं से 12वीं के बच्चों से मिलकर खेल कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने प्रखंड के स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय कुंदा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बानाशाम, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेंदवाडीह, बौधाडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरजामातु से सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम में शामिल होने वाले बच्चों व अभिभावकों से मुलाकात की। प्रखंड सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि नेतरहाट में सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम में कुंदा प्रखंड से खेल कार्यक्रम में शामिल होने वाले बच्चों को 18 जनवरी सुबह 8.00 बजे प्रखंड मुख्यालय से सुरक्षित बस द्वारा नेतरहाट के लिए रवाना होंगे। जिसमें बच्चों के अलावे उनके इच्छुक अभिभावक भी जा सकते है। आगे उन्होंने बताया कि नेतरहाट में रहने व खाने की व्यवस्था सांसद सुनील कुमार सिंह के द्वारा की गई है। इस दौरान भाजपा के अभिषेक केसरी, सांसद प्रतिनिधि गंदौरी साव, अनुज गुप्ता, प्रमोद गुप्ता व विद्यालय के शिक्षक आदि शामिल थे।

### हिंदू संगठनों ने बिहार के शिक्षा मंत्री का किया पुतला दहन

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिला में बिहार के शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर का मंगलवार को पुतला दहन किया गया। पुतला दहन शिक्षा मंत्री द्वारा रामचरित मानस के उपर बिवादित बयान देने के कारण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन धर्मजागरण समन्वय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बजरंग दल आदि हिंदूवादी संगठनों के कार्यकताओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम के तहत शिक्षा मंत्री का विधिवत शव यात्रा काली मंदिर से शीला बाजार होते हुए दुर्गा मंडप के पास पहुंचकर पुतला दहन कर किया गया। इस अवसर पर धर्म जागरण के जिलासंयोजक सत्येन्द्र मिश्र, अमृत प्रसाद त्रिभूवन प्रसाद, आरएसएस के लखन कुमार, विशाल सिह, महेश प्रसाद बजरंग दल के विशाल रंजन, शन्नि गुप्ता, भोलासिह भाजपा के पंचायत अध्यक्ष अजय यादव सहित अन्य लोगो ने अपने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे मूर्ख शिक्षा मंत्री को किसी के धार्मिक ग्रंथ जिनसे उनकी आस्था जुड़ी हुई है पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। वे तत्काल पद से त्याग पत्र दें और हिन्दू समाज से क्षमा याचना करें।

## मनिका में ग्राम प्रधानों की कार्यशाला आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला के मनिका प्रखंड में मंगलवार को मनिका ब्लॉक कार्यालय के सभागार में ग्राम प्रधानों का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। इसमें सभी ग्राम प्रधानों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो, गेम्स हेरेंज, एवं सामाजिक कार्यकर्ता बलराम जो, मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित थे, उन्होंने अपने विचारों के माध्यम से पंचायती राज अधिनियम एवं पेशा कानून के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। कार्यशाला में सामाजिक कार्यकर्ता बलराम ने कहा कि ग्राम प्रधान के कर्तव्य और अधिकार ग्राम सभा की शक्तियां होती हैं।

## विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

रेलवे के एडीएमई जीशान अली का स्थानांतरण मुगलसराय होने वहीं उनके स्थान पर नये एडीएमई के रूप में विकास शुक्ला ने योगदान के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित कर दोनों अधिकारियों का स्वागत किया गया इस कैरेज एंड बैगन कार्यालय के सभागार में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मियों के द्वारा दो साल पूरे होने के बाद रेल अधिकारी जिशान अली स्थानांतरण के उपरांत ने व नए अधिकारी विकास शुक्ला का फूल माला के साथ स्वागत किया गया . विदाई समारोह कार्यक्रम के दौरान स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, आरओएच इंचार्ज जुगनू दास, वरीय अनुभाग अभियंता सरोज सिंह समेत अन्य अधिकारी और कर्मियों के द्वारा जीशान अली के 2 साल के कार्य और उपलब्धियों को लेकर अपने विचारों को रखा। वही कार्यक्रम के अंतिम वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए जीशान अली ने कहा कि बरवाडीह में रेल सेवा के अधीन काम करने की पहली पदस्थापना मेरे जीवन के लिए सबसे यादगार पल के रूप में 2 साल की सेवा रही है जहां कई सफलताएं और चुनौतियों के साथ-साथ साथ में काम करने वाले अधिकारियों और कर्मियों के सहयोग भरपूर मिला है वही यहां के आम लोग भी काफी बेहतर और सहयोग करने वाले हैं जो हमेशा पूरे जीवन मुझे याद रहेंगे।

## साप्ताहिक जनता दरबार का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड कार्यालय सभागार में सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहायक द्वारा किया गया। जनता दरबार में जनता दरबार में 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू मुख्य रूप से उपस्थित थे । जनता दरबार में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए लोगों ने अपनी अपनी फरियाद रखी। इस दौरान कई लोगों ने वृद्धा पेंशन मिलने में हो रही परेशानियों से बीडीओ को अवगत कराया। ग्रामीण ने कहा कि उन्हें पेंशन प्राप्त होता था लेकिन वर्तमान में किसी कारण से पेंशन रुका हुआ है ऐसे में बीडीओ ने उनकी परेशानियों को दूर करने का प्रयास करते हुए पेंशन तत्काल चालू करने के निर्देश दिए। जनता दरबार में जनता दरबार में पीएम आवास बिरधा पेंशन जमीन संबंधी कई आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसका त्वरित निदान किया गया। वहीं कई आवेदनों का निष्पादन नहीं होने पर संबंधित विभागों निष्पादन हेतु अग्रसारित किया गया जनता पार्टी दरबार में प्रखंड व अंचल के कई कर्मी उपस्थित थे।

**सम्मानित** सीनियर जिला क्रिकेट लीग का समापन समारोह में डीएफओ बोले

# खिलाड़ी खेल को प्रोफेशन समझ कर खेलें



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला खेल स्टेडियम में सीनियर जिला क्रिकेट लीग का समापन समारोह संपन्न हुआ । समापन समारोह के मुख्य अतिथि लातेहार डी एफ ओ रौशन कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के खिलाड़ी खेल को प्रोफेशन समझ कर खेले तो सफलता निश्चित मिलेगा । लातेहार के खिलाड़ी राज्य तथा देश स्तर पर खेले तो गर्व होगा । लातेहार में क्रिकेट विकास कर रहा है और विकास करे इसके लिए कुछ सहयोग की आवश्यकता हो तो मेरे तरफ से कोशिश रहेगा कि पूरा कर सकू । वही विशिष्ट अतिथि जीप अध्यक्ष पूनम देवी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से खिलाड़ियों का शारीरिक तथा बौद्धिक विकास होता है । खेल में भी कई संभावनाएं है । जरूरत है नियमित रूप से खेलते रहने का । आप सभी खिलाड़ी बेहतर खेल खेलकर जिला राज्य तथा देश का नाम रौशन करे। कार्यक्रम कि शुरूआत अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डी एफ ओ रौशन कुमार को संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया ।वही विशिष्ठ अतिथि जीप अध्यक्ष पूनम देवी को संघ के संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार ने बुके देकर सम्मानित किया। फाइनल मैच आर एस सी सी तथा शेरशाह 11 के बीच खेला गया। आर एस सी सी ने शेरशाह को 49 रन से हराकर खिताब पर कब्जा बनाया । अतिथि रौशन कुमार तथा पूनम देवी ने संयुक्त रूप से विजेता टीमआर एस सी सी बालूमाथ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उप विजेता टीम शेरशाह 11 को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच के मैन आफ द मैच राजा बाबू को दिया गया ।वही मैन आफ द सीरीज आर एस सी सी के प्रभात कुमार यादव को दिया गया।

### बीओबी के मिनी शाखा का जिप अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**गिद्धौर(चतरा)।** मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड ग्रामीण बैंक के समीप बैंक ऑफ बड़ोदरा के मिनी शाखा का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी व उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट कर किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को अध्यक्षा व उपाध्यक्ष ने सम्बोधित करते हुए कहा कि गिद्धौर बाजार में बैंक ऑफ बड़ौदा के मिनी शाखा खुलने से प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों को और भी सुविधा मिलेगा। साथ ही उन्होंने मिनी शाखा संचालक को खाता धारकों को बेहतर सेवा देने का निर्देश दिया। इस दौरान मिनी बैंक संचालक संतोष कुमार दांगी ने कहा की गिद्धौर में बैंक ऑफ बड़ौदा का अपना सीएसपी सेंटर चालू होने से ग्राहकों को अधिक से अधिक सुविधा प्राप्त होगी। सीएसपी सेंटर मिनी बैंक के रूप में कार्य करेगी।

### बभने पैक्स अध्यक्ष बने पंकज-जोगीडीह के प्रदीप यादव

**प्रतापपुर(चतरा)।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत बभने और जोगिडीह पंचायत के पैक्स का चुनाव संपन हो गया। बभने पैक्स अध्यक्ष चुनाव के लिए कुल दो प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें पंकज कुमार को 152 मत व दूसरे प्रत्याशी उपेंद्र कुमार प्रजापति को 123 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार पंकज कुमार 29 मत से विजयी घोषित हुए। जबकि जोगीडीह पंचायत पैक्स से प्रदीप यादव अपने प्रतिद्वंदी उम्मीदवार बली यादव से 29 वोट अधिक लाकर अपनी जीत हासिल की। इस चुनाव में प्रदीप यादव को 91 वोट और उपविजेता बली यादव को 72 वोट प्राप्त हुए।

### नावागढ़ समाजसेवी की मां के निधन पर शोक

**लातेहार :** सदर प्रखंड के नावागढ़ पंचायत निवासी समाजसेवी विजय प्रसाद की मां विमला देवी उम्र 66 वर्ष का निधन सोमवार को दिल्ली में आकस्मिक निधन हो गया। खबर मिलते ही विजय प्रसाद के घर नावागढ़ गांव में ग्रामीण, सामाजिक,राजनीतिक के लोग पहुंचकर शोकाकुल परिवार को संतावना देते हुए शोक प्रकट किए। प्रसाद के मां विमला देवी अपने पीछे पति पृथ्वी प्रसाद समेत आठ संतान व भरा पूरा परिवार को छोड़कर चल बसे हैं। वहीं निधन के दूसरे दिन मंगलवार को नावागढ़ के गला नदी मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मौके पर लातेहार कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, कांग्रेस नेता पंकज तिवारी आदि उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी का विदाई समारोह आयोजित



**कैरो/लोहरदगा।** कैरो प्रखंड के जनसेवक सह प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुनील चंद्र कुंवर का विदाई समारोह आयोजित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. राकेश कुमार व उपस्थित कर्मचारियो ने सुनील चंद्र कुंवर को पुष्पगच्छ,साल देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बीडीओ पवन कुमार महतो ने कहा कि सरकारी सेवा मे एक स्थान से दुसरे स्थान आना जाना लगा रहता है। सुनील चंद्र कुंवर द्वारा कैरो प्रखंड कार्यालय के विभिन्न कार्यो का अतिरिक्त प्रभार के रुप मे कार्य का सुचारु एवं जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन किया गया।

### कुरडेग में हुआ धुआं रहित चुल्हे का वितरण



**कुरडेग।** प्रखंड कार्यालय के प्रांगन में टीआरआई संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये धुआं रहित चुल्हे का वितरण मंगलवार को बीडीओ ज्ञानमणि एक्का और अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने संयुक्त रूप से किया। इस सम्बंध में बताया गया कि 400 धुआं रहित चुल्हे का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित बीडीओ एवं अंचल अधिकारी ने संयुक्त रूप से कहा कि इस चुल्हा में कम लकड़ी में अधिक समय तक ताप रहेगा। वर्तमान समय में पुराने किस्म के लकड़ी के चुल्हे का उपयोग होता रहा है। जिसमें धुआं अधिक निकलता है, खाना बनाने में दिक्कत और परेशानी होती है इस धुआं रहित चुल्हे से धुआं नही निकलेगा। जिससे खाना बनाने में किसी तरह की परेशानी नही होगी। इस मौके पर टीआरआई के सुरज भगत, जेएसएलपीएस के गौरव नायक, टीआरआइ कार्यकर्ता अदिति टोप्पो, अनुप एक्का, जैनेन्द्र सिंह, हेमंत मिंज मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### अभाविप का जिला सम्मेलन 23 जनवरी को, तैयारी पूरी

**लोहरदगा।** आगामी 23 जनवरी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वधान में एक दिवसीय जिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर मंगलवार को अभाविप ने प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी। अभाविप के गुमला विभाग संयोजक अंकित कुमार ने कहा कि 23 जनवरी को एक दिवसीय जिला सम्मेलन लोहरदगा ललित नारायण स्टेडियम में किया जाना है। इसमें विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं पर प्रकाश डाला जाएगा तथा विभिन्न प्रखंडों से छात्र व छात्रा और शिक्षक प्रतिनिधि 500 की संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए अभाविप हर संभव प्रयास कर रही है।

### शारीरिक दक्षता दिवस व निकाली सद्भावना रैली का आयोजन

**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस एवं सप्ताह के पांचवें दिन शारीरिक दक्षता दिवस के अवसर पर प्रखंड ठेठईटांगर के जामबाहर में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ठेठेईटांगर के चार युवा मंडल की महिला टीम ने भाग लिया। सर्वप्रथम सभी खिलाड़ियों ने युवा शपथ ली। इस अवसर पर जामबाहर की वार्ड सदस्य जसमती कुमारी भी मौजूद थीं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच जामबाहर और टुकूपानी के बीच खेला गया। जिसमें जामबाहर की टीम 1-0 से विजय रहीं।

### भंडरा के भौंरो ग्राम में मनायी गयी शहीद गणपत राय की 214वीं जयंती

# हमारे शहीदों ने अपने प्राण देश के लिए न्यौछावर किये : डॉ रामेश्वर

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा/भंडरा।** शहीद पाण्डेय गणपत राय की 214वीं जयंती के मौके पर भंडरा प्रखंड के भौंरों ग्राम में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण समेत अन्य पदाधिकारियों व ग्रामीणों द्वारा शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि हमारे शहीदों ने आने वाले कल के लिए अपना वर्तमान न्यौछावर कर दिया। उस समय क्या महौल रहा होगा कि जब शहीद गणपत राय व अन्य शहीदों ने अपने प्राण देश के लिए न्यौछावर किये थे। देश को आजाद करने व देश को बेहतर बनाने के लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व त्यागा। उसके बाद सरकारों का दायित्व था कि देश के हालात को बदले, देश में विकास लाये। देश की आजादी के बाद झारखंड अलग हुआ। राज्य बनने के बाद राज्य में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों



का शासन रहा। बीते तीन वर्षों में वर्तमान सरकार ने बहुत बेहतर कार्य किया। इस दौरान लोहरदगा जिला में भंडरा से मसमानो होते हुए सेन्हा पथ का पक्कीकरण, बिटपी से कोटा तक पक्का रोड, भंडरा से आकाशी पक्की सड़क का निर्माण, जमगाईं में पड़हा भवन निर्माण, नवडीहा में पड़हा भवन निर्माण, जमगाईं में कला संस्कृति भवन निर्माण कराया गया। इसी प्रकार नंदिनी जलाशय के सुंदरीकरण के लिए 58 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई। इस तरह सरकार की ओर से कई कार्य जिला में हुए हैं। हम लोगों ने शहीद पांडेय गणपत राय के सपनों को साकार करने का कार्य किया है।

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने 200 वर्षों तक संघर्ष किया। यह सिर्फ सत्ता का संघर्ष नहीं बल्कि विचारों का भी संघर्ष था। वर्ष 1857 से शुरू हुआ संघर्ष का परिणाम हमें देश की आजादी के रूप में वर्ष 1947 में मिला। स्वतंत्रता सेनानियों ने हमें विचार देने का कार्य किया। आज स्कूलों में भी छात्र-छात्राएं शहीदों के विचारों से लाभान्वित हो रहे हैं और आशा यह कि यह विचार आनेवाली पीढ़ियां तक जाएंगी।

#### विभिन्न विभागों द्वारा लगाया गया स्टॉल

कार्यक्रम स्थल पर कृषि, सहकारिता, श्रम, पेयजल एवं स्वच्छता, समाजिक सुरक्षा, खाद्य आपूर्ति, बाल विकास परियोजना, हिंडाल्को, उद्यान, जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य एवं अंचल कार्यालय भण्डरा द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गये थे।

#### कार्यक्रम में उपस्थित

कार्यक्रम में पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, विधायक प्रतिमा नीशीथ जायसवाल, शहीद स्मारक समिति की ओर से अध्यक्ष डॉ वंदना राय, मनीषा सहाय, प्रतिमा मणि त्रिपाठी, पुष्पा सहाय समेत बड़ी संख्या में परिजन, माननीय मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि डॉ तनुज खत्री, डॉ सुभाष साहू, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## तेलंगा खड़िया का स्टेच्यू बनाने में ग्रामीणों ने शुरू किया विरोध

**बोलबा।** बोलवा प्रखंड मुख्यालय स्थित मार्केट कॉन्प्लेक्स के पास वीर शहीद तेलंगा खड़िया का स्टेच्यु बनने से कुछ ग्रामीणों ने फिर से एक बार विरोध शुरू कर दिया इस मौके पर बताया गया कि बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित मार्केट कॉन्प्लेक्स के पास वीर शहीद तेलंगा खड़िया का स्टेच्यू बनाने से कुछ ग्रामीणों ने रोक लगा दिया इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि संजय कुजूर ने बताया की यह स्टेचू बोलवा प्रखंड के शमशेरा मोड़ के पास बनाया जा रहा था। किंतु वहां पर कुछ लोगों ने जगह को लेकर विवाद खड़ा कर दिया जिससे उक्त स्थल पर स्टेचू नहीं बन सका। उन्होंने बताया कि अंचल अधिकारी के निदेर्शानुसार बोलवा मार्केट कंपलेक्स के पास जगह चिन्हित किया गया इसके बाद उक्त स्थल पर वीर शहीद तेलंगा खड़िया का स्टेचू बनाने का काम शुरू किया गया। किंतु कुछ लोगों ने इसका फिर से विरोध करने लगा। तत्पश्चात पुलिस को इसकी सूचना दी गई। बोलबा पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर विरोध करने वाले लोगों से पूछताछ किया और समझा बुझाकर काम शुरू करा दिया। इस मौके पर कुछ लोगों का कहना है कि कोई दूसरा महापुरुष का मूर्ति लगाया जाये तो कुछ लोगों ने दुकानदारी बाधित होने की बात कही।

# परीक्षा पर चर्चा को लेकर सुदर्शन भगत ने की बैठक

### विद्या मंदिर प्लस टू स्कूल में आर्ट पेटिंग प्रतियोगिता 20 जनवारी को

### सांसद ने आयोजक समिति से की परिचर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सांसद सुदर्शन भगत ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर होनेवाली प्रतियोगिता के सन्दर्भ में परिचर्चा किया। 20 जनवरी को मनोहर लाल अग्रवाल विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय सभागार में आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर आयोजक समिति के साथ सांसद सुदर्शन भगत ने बैठक की। बैठक के दौरान सुदर्शन भगत ने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य परीक्षा के पूर्व मस्तिष्क को एकाग्र,मनोस्थिति, अपनी कल्पना और भविष्य की अपेक्षाओं के अनुरूप अपने आप को मजबूत एवं निर्भय संकल्प के साथ परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगा। चित्रण के मुख्य 9 विषयों पर आधारित होगी। इसमें अलग-अलग विद्यालय के एग्जाम वॉरियर्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिससे उनका आत्ममनोबल बढ़ेगा। समय के निर्धारण से बच्चे अभ्यासरत भी होंगे। एग्जाम वारियर्स को विद्यालय शिक्षक के साथ-साथ परिवार और समाज के द्वारा भी प्रोत्साहन एवं उनका उत्साहवर्धन करना बहुत ही आवश्यक है ।बहुत सारे ऐसे विद्यार्थी हैं जो परीक्षा के दौरान मानसिक तनाव महसूस करते हैं इसलिए हमें उन्हें ऐसा माहौल प्रदान करनी चाहिए जिससे कि तनाव मुक्त हो और परीक्षा को त्योहार के रूप में खुशी खुशी शामिल होकर अच्छी प्रदर्शन कर सकें। मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, राजकुमार वर्मा, अनिल उरांव, सरोज प्रजापति, दिलीप पटनायक, जगनंदन पौराणिक, ओम गुप्ता, पशुपति नाथ पारस, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जिप अध्यक्ष ने भंडरा पीएचसी का किया निरीक्षण

# चिकित्सकों ने समस्याओं से अवगत कराया, निदान की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा/लोहरदगा।** जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने मंगलवार को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान गांव के मरीजो को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में प्रभारी डॉ संजय कुमार से जानकारी ली। इस दौरान प्रभारी ने बताया की केंद्र में डाक्टरों की कमी के कारण मरीजो के इलाज के लिये असुविधा होती है साथ ही स्वास्थ्य कर्मी, सफाई कर्मी आदि अन्य समस्याओं से अवगत कराया। डॉक्टर, नर्स, एवं स्वास्थ्य कर्मियों के रहने के लिए आवास की कमी होनी की बात कही। वर्तमान में 40 साल पूर्व बने टूटा फूटा आवास में रहने के लिए मजबूर हैं। स्वास्थ्य केंद्र में लगे सोलर लाइट खराब है जनरेटर की भी कमी है। हॉस्पिटल में एम्बुलेंस की कमी तथा अन्य कई समस्याएं को बताया गया। इस दौरान जिला



परिषद अध्यक्ष ने हॉस्पिटल ने दवा स्टोर रूम, जांच घर, मरजेंसी वार्ड, लेबर वार्ड, प्रसव गृह आदि का निरीक्षण किया। महिला वार्ड में धातृ महिलाओं से स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाली सुविधाओ, दवा, खाना पीना आदि अन्य सुविधाओं के बारे में पूछताछ किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. संजय कुमार सुबोध, प्रभारी डॉ. संजय कुमार, डॉ. ओम कुमार सिंह, बीपीम मेरी बेक, डॉ. अविनाश कुमार , साजिद अंसारी सहित नर्स एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## आधार पंजीकरण केंद्र का सीओ मुखिया ने किया उद्घाटन

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड स्थित पंचायत भवन में सी एस सी के तहत आधार पंजीकरण केंद्र का उद्घाटन अंचलाधिकारी विजय कुमार एवं पंचायत मुखिया धनवाज उराँव के संयुक्त पहल से फीता काट कर किया गया। अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा पंचायत स्तर पर आधार पंजीयन केंद्र का उद्घाटन होने से पंचायत क्षेत्र के जनता को शत प्रतिशत आधार संबंधित कार्य करवाने में सुविधा मुहैया होगा। इससे पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण व बच्चों का आधार बनाने संशोधन सहित बैंक से संबंधित भी कार्य किया जाएगा। वहीं पंचायत मुखिया धनवाज उरांव ने कहा क्षेत्र के जनता को आधार से संबंधित समस्या बना हुआ था। जिसको निदान को लेकर आधार पंजीकरण केंद्र का उद्घाटन किया गया है। जानकारी के अनुसार बता दें कि पंजीकरण केंद्र का उद्घाटन सीएससी के तत्वधान में किया गया। मौके अंचल निरीक्षक प्रकाश मेहता, एसआई संतोष कुमार पंचायत सचिव महिपाल उरांव, अरामा महतो, सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### चुन्नीलाल उवि में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा सेमिनार का आयोजन

# सड़क दुर्घटना में घायल शख्स को अस्पताल जरूर पहुंचाएं : अमरेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत रा. चुन्नी लाल उच्च विद्यालय में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें रा चुन्नी लाल उच्च विद्यालय, रा बालिका उच्च विद्यालय, रा कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय, रा मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा इत्यादि विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। मुख्य वक्ता संजय कुमार बर्म्मन ने बतलाया कि सड़क दुर्घटना में लगातार वृद्धि हो रही है, इसकी जानकारी हीं बचाव है। दुर्घटना होने के बाद यदि कोई जिन्दा रहे तो एक्सीडेंट निपटाने के लिए कई घण्टे, हॉस्पिटल में कई दिन महीने या साल निकाल देते है। कुछ सेकंड की गड़बड़ी कितना भयंकर परिणाम ला सकती है। सड़क किनारे साफ सुंदर स्पष्ट स्लोगन



लिखा रहता है पर हम स्लोगन पढ़ कर पार हो जाते हैं। यदि हम सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करेंगे तब दुर्घटना हीं नहीं होगी। सड़क में हेल्मेट सीटबेल्ट का प्रयोग करें जितिया और तीज के भरोसे न रहें। अरुण राम ने बतलाया कि थोड़ी सी लापरवाही सड़क दुर्घटना का कारण बनता है फिर किसी की जान चली जाती है। फिर मरने वाले का पूरा परिवार तबाह हो जाता है। हमें अपने जीवन का महत्व समझना होगा। माता पिता बड़े लाड प्यार से अपने बच्चों का पालन करते हैं कि भविष्य का सहारा बनेगा, फिर जब दुर्घटना में सहारा छीन जाता है तब बहुत तकलीफदेह होता है। कार्यालय कर्मी अमरेश कुमार ने बतलाया कि सड़क हादसे के बाद लोग तमाशबीन बने रहते हैं, फोटो वीडियो बनाते रहते हैं फलस्वरूप अधिक रक्तस्राव के कारण दुर्घटना ग्रस्त का जान चला जाता है। गुड सेमेरिटन के तहत यदि कोई दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचता है तो उसे सरकार की ओर से पांच हजार रुपये की पुरस्कार है। इसलिए दुर्घटना में घायल को अस्पताल जरूर पहुंचाए। कार्यक्रम को कार्यालय कर्मी दुलार कुजूर, एल एन तिवारी ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के नोडल शिक्षक सत्यप्रकाश केशरी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कमल बारला, विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## योजना चयन को लेकर पंचायत भवन में आयोजित ग्रामसभा

**सेन्हा-लोहरदगा।** सबकी योजना सबकी विकास अभियान के तहत पंचायत भवन सेन्हा में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन कर योजना चयन पर की गई चर्चा। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा के निर्देश पर मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय सेन्हा सहित विभिन्न पंचायत में सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सेन्हा पंचायत के पंचायत भवन सेन्हा में ग्राम प्रधान मनी पाहन की अध्यक्षता में ग्राम सभा हुई। ग्राम सभा के पश्चात पंचायत सचिव महिपाल उराँव ने जानकारी देते हुए कहा कि पंचायत वार ग्राम में योजना चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। किसी योजना को संचालित करने के पूर्व ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों के उपस्थिति में चयन होने के उपरांत ही योजना धरातल पर संचालित किया जाएगा।

# दफादार-चौकीदार पंचायत ने किया धरना-प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य दफादार-चौकीदार पंचायत शाखा के द्वारा 8 सूत्री मांगों को लेकर लोहरदगा समाहरणालय के सामने एक दिवसीय धरना- प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शमसुल अंसारी और संचालन जिला सचिव नेजावत अंसारी ने किया। धरना-प्रदर्शन में चौकीदार पंचायत के राज्याध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कार्यक्रम के पश्चात 8 सूत्री मांग-पत्र को लोहरदगा उपायुक्त को सौंपा और मांगों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की। राज्याध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त चौकीदार- दफादारों और सेवा




विमुक्त चौकीदारों के रिक्त पदों पर विज्ञापन निकालने पर तत्काल झारखंड सरकार रोक लगावे। यदि चौकीदार- दफादारो के पुराने बीटों पर विज्ञापन निकाला गया तो सेवानिवृत्त चौकीदार- दफादार के आश्रित और सेवा विमुक्त चौकीदार बहाल नहीं हो पाएंगे और इसका सीधा असर जनहित और राज्यहित पर पड़ेगा, क्योंकि इनकी सूचना बहुत महत्वपूर्ण होती है।उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मांग की है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद-16(4) की भावना के आलोक में सेवाविमुक्त चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान कराये। कहा कि 23 जनवरी, 2023 से राजभवन, रांची के सामने अनिश्चितकालीन 'घेरा डालो - डेरा डालो' आंदोलन शुरू किया जाएगा। जिलाध्यक्ष समसुल अंसारी ने कहा कि लोहरदगा जिला के कई अंचलों में दिसंबर माह का वेतन नहीं मिला है। रांची का 'घेरा डालो-डेरा डालो' आंदोलन को सफल बनाने के लिए लोहरदगा जिला से भारी संख्या में चौकीदार- दफादार 23 जनवरी को रांची पहुंचेंगे। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से सर्वश्री निजावत अंसारी, राजू कुमार राम, मिथिलेश यादव, सरजू यादव, फिरंगी मुंडा, हकीमूल अंसारी, बरसा उरांव, शनिचरीया ऊराइन, पिंटू राम, अनिल लोहरा, दुर्गा महली, भैया राम, राम कृष्णा महतो, आदि शामिल थे।

# लाभुकों को आवास पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया जाएगा : प्रमुख

**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो / लोहरदगा।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उरांव की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड अंचल, स्वास्थ्य, शिक्षा, आईसीडीएस आदि सम्बंधित विभागों की विन्दुवार समीक्षा की गई। मौके पर प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सैकड़ों मकानों का निर्माण अधूरा है। ऐसे लाभुकों को प्रखंड प्रशासन की ओर से एफआईआर करने की



बात कही जा रही है। कहा जा रहा है कि जल्द निर्माण पूरा कराएं, नहीं तो कार्रवाई होगी। ये ऐसे लोग हैं, जो सरकार से पहली अथवा दूसरी किस्त प्राप्त कर चुके हैं, पर निर्माण कार्य अधूरा छोड़े हुए हैं। उन्होंने कहा ऐसे लाभुकों की सूची लेकर उन्हें आवास पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। समिति की बैठक में स्कूल एवं आंगनबाड़ी में गड़बड़ी का मामला भी उठा। पंचायत समिति सदस्यों ने विकास कार्य को गति देने की बात कही। मौके पर उपप्रमुख मधुलिका रानी, बीडीओ पवन कुमार महतो, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, पंचायत समिति सदस्य सुनीता लकड़ा, सिमा भगत, फुलमनी देवी, डॉक्टर राकेश प्रसाद, सुनील चन्द्र कुंवर आदि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** शहरी क्षेत्र सहित तीन प्रखंडों में चलेगा फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

# बड़े पैमाने पर चलेगा जागरुकता अभियान

### कार्यक्रम को लेकर सुपरवाईजरों को मिला प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एमडीए दस फरवरी से चलाया जाएगा। कार्यक्रम के सफलता को लेकर मंगलवार को सदर अस्पताल में सुपरवाईजरों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर जिला मलेरिया सलाहकार ने कार्यक्रम के सफलता को लेकर कई जानकारी दिए। उन्होंने बताया कि एमडीए



कार्यक्रम शहरी क्षेत्र के अलावे बानो, कुरडेग एवं ठेठईटांगर प्रखंड में चलेगा। जहां दस फरवरी को बूथ बनाकर लोगों को दवा का सेवन कराया जाएगा। इसके अलावे 15 से 20 फरवरी तक डोर टू डोर जाकर सेविका, सहायिका, एवं सहिया द्वारा अपनी उपस्थिति में लोगों को दवा का सेवन करया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों की मौजूदगी में ही दवा का सेवन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान चिंहित प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्र के शत प्रतिशत लोगों को दवा का सेवन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अभियान के दौरान दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों को दवा का सेवन नहीं कराने की बात कही।

एमडीएम कार्यक्रम से पूर्व संबंधित प्रखंड के स्कूलों एवं गांवों में बड़े पैमाने पर जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। जागरुकता अभियान की जिम्मेवारी सुपरवाईजर के रुप में प्रतिनियुक्त एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों को सौंपी गई है। एमपीडब्ल्यू कर्मचारी 24 जनवरी से स्कूलों में जाकर बच्चों को भाग फाईलेरिया भाग अभियान के तहत जागरुक करेंगे। साथ ही बच्चों को डीईसी, आईभरमेक्टिन एवं एल्बेंडाजोल की दवा का सेवन करने की अपील करेंगे। इस दौरान फाईलेरिया बीमारी के लक्षण, बचाव एवं रोकथाम के प्रति भी जागरुक करेंगे।

# एसडीओ ने पीएम टीबी मुक्त भारत अभियान की बैठक

### 50 मरीजों को लिया गया गोद

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सदर प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक का आयोजन हुआ । मौके पर जिले में टीबी मरीजों को निश्चय मित्र बनकर प्रत्येक महीना पोषण की देने को लेकर चर्चा हुआ। इस मौके पर एसडीओ ने कहा कि सिमडेगा जिले में टीबी मरीजों को पोषण कीट देने के लिए सभी समाजसेवी सभी संगठन के लोगों को आगे आने की आवश्यकता है ताकि हम मिलकर सिमडेगा जिले को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पूरे देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त करा सके। इसके लिए सभी लोगों को सहयोग करना होगा। इस दौरान 50 मरीजों को गोद लेकर प्रत्येक महीना पोषण के उपलब्ध कराने के लिए समाजसेवी तथा अधिकारियों ने पहल शुरू किया। बताया गया कि एक मरीज को छह महीना तक 600 के हिसाब से पोषण कीट दी जाती है जिससे कि मरीज को खाने पीने में किसी प्रकार का दिक्कत ना हो। इस दौरान मुख्य रूप से सिविल सर्जन, यक्ष्मा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार, 18 जनवरी 2023



**ज्ञान की बात**

**सीखना मेरा धर्म है। मैं अपने धर्मग्रंथ को, आपके धर्मग्रंथ के प्रकाश में अधिक अच्छी तरह पढ़ता हूं। एक धर्म के प्रवक्ता के वक्तव्य से दूसरे धर्म की अनेक बातें भी अस्पष्ट हो जाती है। सत्य सदैव विश्वव्यापी होता है। यदि केवल मेरे हाथ में छह अंगुलियां हों और आप सब के हाथ में पांच, तो आप यह कभी नहीं मानेंगे कि मेरा हाथ वास्तव में प्रकृति की कृति है, अपितु आप उसे असामान्य और रोगग्रस्त ही मानेंगे। – *ठाकुर जी***



# आरएसएस की उपयोगिता

***आरआरएस*** कोई मामूली संगठन नहीं है। यह मौजूदा समाज और शासन पर बड़ा वैचारिक प्रभाव रखने वाला एक बड़ा संगठन है। दूसरी बात यह कि संघ के रुख में आया यह बदलाव बताता है कि तमाम तरह की परस्परविरोधी प्रवृत्तियों, विचारों और प्रक्रियाओं का गवाह बने रहते हुए भी हमारे समाज की गति आधुनिकता की ओर है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का एक इंटरव्यू कई वजहों से सुर्खियों में है। इसमें संघ प्रमुख ने कई विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए हैं, लेकिन खास तौर पर ध्यान देने लायक रहा एलजीबीटीक्यू कम्युनिटी को लेकर दिखा उनका नजरिया। भागवत ने इस इंटरव्यू में दो ऐसी बातें कहीं, जो इस मसले पर संघ के अब तक के रुख से अलग हैं। पहली, ट्रांसजेंडर लोग या समलैंगिक रिश्ता कोई ऐसी चीज नहीं है, जो भारतीय परंपराओं के लिए नई या अनोखी हो। उन्होंने जरासंध के दो सेनापतियों का उदाहरण देते हुए बताया कि समलैंगिक रिश्तों का जिक्र महाभारत जैसे ग्रंथों में भी आता है। उन्होंने यह भी कहा कि पारंपरिक तौर पर भी भारतीय समाज में ट्रांसजेंडर्स की अपनी एक जगह और भूमिका रही है, जो समाज में इनकी स्वीकार्यता का संकेत है। दूसरी बात यह कि भागवत ने पशुओं में भी इस तरह के रिश्तों का जिक्र किया। वह खुद पशु चिकित्सक रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे रिश्तों को किसी रूप में अप्राकृतिक नहीं कहा जा सकता। भागवत की ये दोनों बातें इस लिहाज से महत्वपूर्ण हैं कि न केवल संघ बल्कि उससे वैचारिक तौर पर निकटता रखने वाले कई संगठन और व्यक्ति समलैंगिक संबंधों पर अपने अपने ढंग से आपत्ति जताते रहे हैं। यहां तक कि जब 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया, तब भी संघ की ओर से यही कहा गया कि शीर्ष अदालत की तरह हम भी इसे अपराध नहीं मानते, लेकिन हम इसका समर्थन भी नहीं करते क्योंकि समलैंगिक संबंध प्राकृतिक नहीं हैं और पारंपरिक तौर पर भी भारतीय समाज ऐसे रिश्तों को स्वीकार नहीं करता। जाहिर है, इन पांच वर्षों में संघ के रुख में आया यह बदलाव बहुत कुछ कहता है। संघ के आलोचक उस पर आधुनिक मूल्यों का विरोधी होने का आरोप लगाते रहे हैं, लेकिन आरएसएस प्रमुख के हालिया इंटरव्यू से पता चलता है कि संगठन ने आधुनिक मूल्यों और बदलते विचारों को लेकर खुलापन बनाये रखा है। पूछा जा सकता है कि किसी संगठन के आंतरिक मामलों से बाकी पूरे समाज को मतलब क्यों होना चाहिए। मौजूदा संदर्भ में इसकी दो वजहें हैं। एक तो यह कि संघ कोई मामूली संगठन नहीं बल्कि मौजूदा समाज और सत्ता पर तगड़ा वैचारिक प्रभाव रखने वाला एक व्यापक संगठन है। दूसरी बात यह कि संघ के रुख में आया यह बदलाव बताता है कि तमाम तरह की परस्परविरोधी प्रवृत्तियों, विचारों और प्रक्रियाओं का गवाह बने रहते हुए भी हमारे समाज की गति आधुनिकता की ओर है।

**भागवत ने इस इंटरव्यू में दो ऐसी बातें कहीं, जो इस मसले पर संघ के अब तक के रुख से अलग हैं। पहली, ट्रांसजेंडर लोग या समलैंगिक रिश्ता कोई ऐसी चीज नहीं है, जो भारतीय परंपराओं के लिए नई या अनोखी हो**

# शरद यादव: लोग आपको सदैव याद रखेंगे





अजय बोकिल

**स्मृति शेष**

***शरद*** यादव का संपूर्ण राजनीतिक जीवन देखें तो उनका ज्यादातर वक्त अपनी पक्की जमीन तलाशने में ही बीता। हालांकि इतिहास शरद यादव को इसलिए तो याद रखेगा ही कि उन्होंने उस सामाजिक न्याय की बुनियाद रखी, जिसका देश की राजनीति को अर्से से इंतजार था। शरद यादव को भारत के राजनीतिक सामाजिक इतिहास मुख्यतः समाजवाद की उस धारा को निर्णायण मोड़ देने के लिए याद किया जायेगा। शरद यादव को भारत के राजनीतिक सामाजिक इतिहास में मुख्यतः समाजवाद की उस धारा को निर्णायक मोड़ देने के लिए याद किया जायेगा, जिसमें सामाजिक न्याय का मुद्दा आर्थिक समता से कहीं ज्यादा अहम था। समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया कहा करते थे, कि भारत में वर्ग संघर्ष वास्तव में जाति संघर्ष के रूप में है। यानी जब तक जातिवाद नहीं मिटेगा, तब तक देश में आर्थिक समानता केवल सपना है। हालांकि इस विचार में भी कई खामियां हैं, लेकिन भारतीय समाज व्यवस्था को लेकर यह एक बुनियादी अवलोकन है। शरद यादव कट्टर समाजवादी थे, जिनमें कुछ हद तक सुविधावाद भी शामिल था।

**राजनीतिक जीवन के उतार-चढ़ाव :** शरद यादव का पूरा राजनीतिक जीवन उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। मसलन उनका जन्म मप्र. की धरती पर होशंगाबाद जिले के उस बाबई गांव में हुआ, जिसे दादा माखनलाल चतुर्वेदी का गांव कहा जाता है। शिक्षा उन्होंने जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में प्राप्त की। लोहिया के बाद वो समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण के अनुयायी हुए और संपूर्ण क्रांति आंदोलन में खुलकर भाग लिया। इस वजह से जेल भी गये। उस वक्त देश की सबसे ताकतवर राजनीतिक दल कांग्रेस तथा उसकी नेता इंदिरा गांधी की अधिनायकवादी कार्यशैली के खिलाफ शरद पुरजोर तरीके से उठ खड़े हुए थे। विपक्षी एकता की पहली इबारत जबलपुर में 1974 के लोकसभा उपचुनाव में तब लिखी गई थी, जब जेपी ने विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार के रूप में शरद यादव को चुनाव में उतारा। जबकि कांग्रेस ने पार्टी के दिग्गज नेता और जबलपुर की एक बड़ी हस्ती सेठ गोविंददास के निधन के बाद उनके पुत्र रवि मोहन दास को टिकट दिया था। उस चुनाव में युवाओं ने शरद यादव के पक्ष में जबरदस्त प्रचार किया। इसे धनबल के मुकाबले जनबल की जीत बताया गया। उस टोली में मेरे स्कूल के कुछ सहपाठी भी थे, जो उन दिनों जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ रहे थे। शरद की जीत, देश में राजनीतिक बदलाव का शंखनाद माना गया। हालांकि बाद में शरद यादव ने उसूलों की खातिर लोकसभा से इस्तीफा दे दिया, उसके पीछे कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा इमरजेंसी के दौरान लोकसभा चुनाव कराने की जगह उसका कार्यकाल एक साल बढ़ा देना था। आपातकाल हटने और उसके बाद हुए आम चुनावों में विरोधाभासों से भरी जनता पार्टी के दिल्ली में सत्तासीन होने के बाद शरद राष्ट्रीय राजनीति में चमकने लगे। लेकिन सीधी सत्ता से दूर ही रहे। इसी दौरान पिछड़े वर्गों को राजनीति में समुचित प्रतिनिधित्व और अगड़ी जातियों के वर्चस्व को चुनौती देने की शुरूआत हो चुकी थी। क्योंकि पिछड़ी जातियों की महत्वाकांक्षा आर्थिक समानता से ज्यादा सामाजिक समानता हासिल करने में ज्यादा रही है।

**समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया कहा करते थे, कि भारत में वर्ग संघर्ष वास्तव में जाति संघर्ष के रूप में है। यानी जब तक जातिवाद नहीं मिटेगा, तब तक देश में आर्थिक समानता केवल सपना है। इस विचार में भी कई खामियां हैं।**

**पिछड़े वर्गों के लिए लड़ी लड़ाई :** जैसा कि डर था, जनता पार्टी की सरकार बड़े नेताओं की महत्वाकांक्षा की शिकार होकर जल्द ही गिर गई। इस बीच शरद यादव राजनीति में पिछड़ों के समान अधिकार को लेकर काम करते रहे। उन्होंने अपनी राजनीतिक जमीन मध्यप्रदेश से बदलकर उत्तरप्रदेश व बिहार में तलाशनी शुरू कर दी। इसका कारण शायद यह था कि मप्र. में अभी भी जातिवादी राजनीति वह आकार नहीं ले पाई है, जो यूपी बिहार में संभव हुआ। क्योंकि मप्र की जनसांख्यिकी पर मिश्रित है। इसलिए किसी एक जाति के समर्थन के भरोसे न तो सत्ता हासिल की जा सकती थी और न ही निरंतर सत्ता में रहा जा सकता था। शरद जिस राजनीति की दिशा में आगे बढ़ाना चाहते थे, उसके लिए मप्र. मुफीद नहीं था। बाद में शरद यूपी छोड़कर बिहार चले गये, जहां उनके सजातीयों का नेता बनना उनके लिए ज्यादा आसान था। उन्होंने अपने लोकसभा चुनाव क्षेत्र में वो मधेपुरा चुना, जहां यादव बहुसंख्यक हैं। वहां यह नारा मशहूर रहा है' 'रोम पोप का, मधेपुरा गोप का।'

**मंडल आयोग की रिपोर्ट का राजनीति पर असर :** शरद यादव के राजनीतिक जीवन का चरम बिंदु 1989 में तत्कालीन वीपी सिंह सरकार में मंत्री रहते हुए पिछड़ों को नौकरी व शिक्षा में आरक्षण की सिफारिश करने वाली 'मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू करवाना था।' कहते हैं कि वीपी सिंह इस रिपोर्ट से होने वाली सामाजिक उथल-पुथल की संभावना के मद्दे नजर इसे लागू करने के पक्ष में नहीं थे।

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें वीरभद्र की कहानी*

***शिव*** बेहद भोले हैं। वह बिना अपने भक्त के मंतव्यों की परवाह किए, अपने लिए उनकी भक्ति से बहुत ही जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं। उनकी इसी खूबी की वजह से शिव को भोलेनाथ भी कहा जाता है। जहां एक ओर महादेव को प्रसन्न करना इतना आसान है, वहीं उनके क्रोध से खुद को बचा पाना भे बहुत मुश्किल है। शायद यही वजह है कि उनके भक्त उन्हें विनाश का देवता भी कहते हैं। चेहरे पर मधुर मुस्कान रखने वाले भगवान शिव के क्रोध की ज्वाला ने कई दुष्टों का संहार किया है। शिव के गण वीरभद्र का भी एक ऐसा ही रहस्य है, जिसकी उत्पत्ति शिव के क्रोध के आवेग में हुए थी। आज आपको सुनाते हैं वीरभद्र की कहानी। शिव के वीरभद्र अवतार का संबंध शिव और सती के विवाह और सती के पिता प्रजापति दक्ष द्वारा संपन्न यज्ञ से है। दक्ष, ब्रह्मा के पुत्र थे और उन्हें प्रजापति अर्थात मानव जाति के राजा भी कहा जाता था। दक्ष की पुत्री सती, अपने बाल्यकाल से ही भगवान शिव की भक्त थी। वह हमेशा उनकी अराधना में ही अपना समय व्यतीत करती थी। बचपन में ही सती यह निश्चय कर लिया था कि वह बड़े होकर शिव को ही अपना पति स्वीकार करेंगी। लेकिन प्रजापति दक्ष को यह कभी भी स्वीकार नहीं था क्योंकि वह अपने राज्य का विस्तार करने और खुद को शक्तिशाली प्रमाणित करने के लिए अपनी पुत्री का एक उच्च घराने में करना चाहते थे। परंतु शिव तो धन-संपत्ति की माया से पूरी तरह दू रहकर कैलाश पर्वत पर रहते थे।

*(क्रमशः)*

# संवेदनहीनता से उपजे हैं देवभूमि में विनाशकारी संकेत



डा. रवीन्द्र अरजरिया

**जोशीमठ का संकट**

***उत्तराखण्ड*** का जोशीमठ संकट के बादलों में घिर चुका है। प्रकृति के साथ खिलवाड करने का खामियाजा सामने आ रहा है। नौकरशाहों की मनमानी का उदाहरण कष्टदायी परिस्थितियों के रूप ठहाके लगा रहा है। जनसामान्य को सुविधायें मुहैया कराने के लिए सरकारें हमेशा से ही कटिबध्द रहीं हैं। सुविधाओं के लिए मसौदा तैयार करने वाले वरिष्ठतम अधिकारियों की फौज परियोजना के लिए तकनीकी संसाधनों के माध्यम से सर्वे करती है। विशेषज्ञों के साथ सलाह-मशवरा करके चरणवध्द कार्यक्रम तैयार किया जाता है। बजट निर्धारित होता है। परियोजनाओं के सभी पहलुओं का गहराई तक मंथन किया जाता है। इस हेतु भारी भरकम वेतन लेने वाले वरिष्ठ और वरिष्ठतम अधिकारियों की अनगिनत संख्या है तिस पर भी अतिरिक्त सलाह हेतु अतिविशिष्ट विशेषज्ञों को मोटे मेहनताने पर आयातित किया जाता है। अनगिनत विभागों की मंजूरी, अनापत्ति प्रमाण पत्र, सहयोग, सहायता और परामर्श लिया जाता है ताकि परियोजना पूरी तरह से कल्याणकारी साबित हो। सभी विभागों में करोडों की तनख्वाय इस आशय से बांटी जाती है कि कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन करेगें। मगर मनमानियों, स्वार्थपरिता और व्यक्तिगत लाभ के मकडजाल को बुनने में तल्लीन अधिकांश नौकरपेशा लोग अब नौकरशाह बनकर अपने, अपनों और आसपास का हित साधने में तल्लीन हैं। जोशीमठ तो केवल आने वाले कल का एक संकेत मात्र है। जब एनटीपीसी की परियोजना के लिए जोशीमठ का निर्धारण किया जा रहा था तब विशेषज्ञों का ज्ञान कहां चला गया था। जब सड़क के चौडीकरण करने की योजना को मूर्तरूप देने की प्रक्रिया प्रारम्भ होना थी तब पहाडों की वास्तविक स्थिति को नजरंदाज क्यों कर दिया गया था। पहाड़ों का गहराई से सर्वे किये बिना ही सुरंगों के निर्माण की मंजूरी क्यों दे दी गई थी। स्थानीय लोगों ने शुरूआत से ही विरोध के स्वरों को मुखरित क्यों नहीं किया था। ऐसे अनगिनत प्रश्न हैं जिनके उत्तरों की तह तक पहुंचे बिना सुरक्षित भविष्य की कल्पना मात्र कल्पना बनकर ही रह जायेगी। किसी भी परियोजना को मंजूरी देने के पहले उसके प्रत्येक पक्ष पर गहराई तक विवेचना करने, सभी पहलुओं की समीक्षा करने तथा आवश्यक तकनीकी जांच करने का प्राविधान होता है। इस पूरी प्रक्रिया पर अच्छी खासी धनराशि व्यय होती है। परियोजना की अनेक स्तरों पर जांच, प्रतिजांच और अंत में समग्र जांच करने का प्राविधान है परन्तु परियोजनाओं को बनाने वाले, उनके क्रियान्वयन करवाये वाले तथा वाहवाही लूटने वाले अपने-अपने हितों को साधने में जुटे रहते हैं। कार्य की गम्भीरता से कहीं अधिक लाभ के अवसर तलाशने में तल्लीन प्रशासनिक तंत्र अपने ढंग से सरकारों की मंशा को मोड़ने में पूरी तरह सक्षम है। पांच साल के लिए आने वाली सरकार पर हमेशा ही स्थाई अधिकारी-कर्मचारी हावी रहते हैं। मंत्रियों को विषय विशेषज्ञों की राय पर चलने की बाध्यता होती है। तकनीकी ज्ञान का अभाव होने के कारण सरकारों के ओहदेदार कभी भी अधिकारियों के जाल से बाहर नहीं हो पाते। ऐसे में आम आवाम को सरकारों की मंशा तथा अधिकारियों की कार्य कुशलता का मूल्यांकन करना चाहिए। मगर ऐसा न होकर परियोजनाओं की सफलता और असफलता के लिए केवल और केवल नेताजी को ही जिम्मेदार ठहराया जाता रहा है। ईमानदार करदाताओं के करोडों रुपये से निर्धारित की जाने वाली परियोजनाओं की असफलता के लिए शायद ही कभी किसी अधिकारियों पर दण्डात्मक कार्यवाही की गाज गिरी हो। उत्तरदायी अधिकारियों का खामियों के लिए एक पायदान ऊपर के अधिकारी को जांच हेतु दायित्व सौंपा जाता है और परिणाम वही ढाक के तीन पात ही निकलता है। स्थाई अधिकारी-कर्मचारी संघ जिन्दाबाद। आने वाले कल को वही आरोपी अधिकारी ही तो एक पायदान ऊपर चढकर वरिष्ठ अधिकारी की कुर्सी पर आसन जमायेगा। ज्यादा हो हल्ला होने पर किसी संविदाकर्मी या किसी निजी कम्पनी को बलि का बकरा बना दिया जाता है। गणतंत्र की व्यवस्था को संविधान के निर्माण के दौरान ही इतनी लचीला बना दिया गया था कि अनुशासन के कवच को आसानी से भेदा जा सके। आज कर्तव्य और दायित्वों जैसे शब्दों ने स्थाई अधिकारियों-कर्मचारियों के पास पहुंचते-पहुंचते दम तोड दी है। संविदाकर्मियों को व्यक्तिगत गुलाम मानने वाले स्थाई अधिकारी-कर्मचारी अब मनमानियों के आसन पर बैठकर लाभ का हुक्का गुडगुडा रहे हैं। सरकारी महकमों में भर्ती के दौरान मिलने वाले नियुक्ति-पत्र पर स्पष्ट रूप से गवर्नमेंट सर्वेंट यानी कि सरकारी सेवक लिखा होता है जबकि पद सम्हालते ही वह केवल और केवल अधिकारी बनकर बैठ जाते है।

**अनगिनत विभागों की मंजूरी, अनापत्ति प्रमाण पत्र, सहयोग, सहायता और परामर्श लिया जाता है सभी विभागों में करोडों की तनख्वाय इस आशय से बांटी जाती है कि कार्यरत अधिकारी अपने दायित्वों का ढंग से निर्वहन करेगें।**

## फोटो की दुनिया




## ट्वीट-ट्वीट

Bagheshwar Sarkar Dham P...
@IMightyWarrior

हिंदूओं भागवत कथा में आओ, ना आओ। लेकिन इतना निवेदन करूंगा, कि टीवी फिल्मों से दूर रहो, बॉलीवुड वाले भगवान नहीं हैं। भगवान आपके माता पिता हैं। माता-पिता के चरण स्पर्श कर लिया करो, जीवन धन्य हो जाएगा।। जय श्री राम 🙏 🚩

## फेसबुक वॉल से

P Markandey
15 h

ताड़ना मतलब प्रताड़ित करना। ढोल, गंवार, सुद्र, पशु, नारी.. सकल ताड़ना के अधिकारी... यही होगा। अब तुलसीदास का उखाड़ लो। जो फर्जी समरसता के नाम पर तरह–तरह का अर्थ, भावार्थ आदि देकर सफाई दे रहे हैं, वह सज्जन लोग चर्च के खर्च वाले इन तथाकथित चिंतकों के इंद्रजाल में फंस रहे है। तुलसी दास ने ताड़ना का मतलब प्रताड़ित ही कहा है। मैं रामचरित मानस का कोई जानकार नहीं हूं, लेकिन बौद्धिक दोगलापंथी को फट से डायग्नोस कर लेता हूं। मुंशी प्रेमचंद हो या तुलसी, कबीर, रैदास इनके पूरे साहित्य में प्रसंग और पात्र के अनुसार स्टेटमेंट बदले हैं। सेल्फ contradiction वाले विचार हैं। परहित सरिस धर्म नहीं भाई भी है, सकल ताड़ना भी...स्त्री को लेकर अनेक जगह विरोधाभासी चौपाई है। हनुमान जी को हरिजन कहा फिर ज्ञानी नाम अग्रगण्यम भी कहा... लेकिन ताड़ना में प्रताड़ित ही कहा है...

# वर्ष की पहली अग्रिम चेतावनी व आंकड़ों पर आधारित जानकारी



पी चिदंबरम

**अर्थशास्त्र**

***राष्ट्रीय*** सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने 2016-17 में वित्तीय वर्ष के आखिर में राष्ट्रीय आय के प्रथम अग्रिम अनुमान (एफएई) को प्रकाशित करने की स्वस्थ परिपाटी शुरू की, जो समाप्त हो रही है। ये अनुमान अगले वित्त वर्ष के लिए बजट बनाने में उपयोगी होते हैं। अलबत्ता, वित्तीय वर्ष के केवल पहले आठ महीनों के उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित अनुमानों में मूल्यवान जानकारी होती है और कुछ संख्याओं का विस्तार किया जाता है। लेखा महानियंत्रक द्वारा नवंबर तक उपलब्ध राजस्व और व्यय के आंकड़े भी अच्छे संकेतक हैं। इनसे वित्त मंत्री को चालू वर्ष के लिए संशोधित अनुमान और अगले वर्ष के बजट अनुमानों पर पहुंचने में मदद मिल सकती है।

**अनुमानों का मिश्रित पिटारा :** अनुमान गड़बड़ हो सकते हैं। जहां तक अर्थव्यवस्था का संबंध है, तीन या चार महीने का समय काफी लंबा होता है। मार्च, 2020 के आखिर तक किसी को कोरोना विषाणु के प्रकोप और इसके तेजी से प्रसार का अनुमान नहीं हो सका था। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए बनाये गये बजट में सभी आंकड़े धराशाई हो गये। सितंबर 2008 में दुनिया को प्रभावित करने वाले अप्रत्याशित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संकट ने भारत सहित हर देश में विकास, मुद्रास्फीति और रोजगार के अनुमानों को बढ़ा दिया था। एनएसओ की छह जनवरी, 2023 को जारी प्रेस विज्ञप्ति से कुछ सबक और सुराग निकाले जा सकते हैं। ऐसा करने से पहले मैं उन निष्कर्षों को याद करना चाहूंगा, जो मैंने एक जनवरी, 2023 के स्तंभ में निकाले थे ('अर्थव्यवस्था और अनिश्चितता')। मैंने आधिकारिक और विश्वसनीय स्त्रोतों से ली गई जानकारी के आधार पर 2023-24 के लिए दृष्टिकोण रखा था। मेरा सुझाव है कि हम एफएई पर नजर डालें और पूछें कि क्या उन निष्कर्षों को संशोधित करने की आवश्यकता है। कुछ उत्साहवर्धक तथ्य हैं: जीडीपी (15.4 फीसद) बजट अनुमान (11.1 फीसद) से अधिक होगी। राजस्व उत्साहजनक है और सरकार के पास अधिक पैसा ला सकता है। नतीजतन, 6.4 फीसद के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल करना आसान हो जायेगा। उपभोग आधारित वृद्धि हालांकि कई काले धब्बे भी हैं। एफएई में कुछ भी मेरे निष्कर्ष को बदलने का कारण (आरबीआइ बुलेटिन के आधार पर) नहीं होगा कि 'जोखिमों का संतुलन तेजी से एक अंधेरे वैश्विक दृष्टिकोण की ओर झुका हुआ है और उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाएं अधिक कमजोर दिखाई देती हैं।' वित्त वर्ष 2022-23 में विकास को प्रेरित करने का जो कारक लग रहा है, वह है निजी उपभोग (जीडीपी का 57.2 फीसद)। आगे चलकर निजी उपभोग पर स्थिर मुद्रास्फीति और उच्च बेरोजगारी की मार पड़ेगी। विकास के अन्य कारक सपाट हैं- बहुप्रचारित सरकारी व्यय (जीडीपी का 10.3 फीसद) पिछले दो वर्षों की तुलना में कम होगा और वैश्विक व्यापार में मंदी (डब्लूटीओ के अनुसार) के पूवार्नुमानों के बीच निर्यात (जीडीपी का 22.7 फीसद) सपाट रहेगा। दूसरी चिंता आयात है, जो जीडीपी का 27.4 फीसद रहेगा। यह 2020-21 में 19.1 फीसद और 2021-22 में 23.9 फीसद से तेज उछाल का द्योतक है। उच्च निर्यात के बिना उच्च आयात का मतलब है कि हम उपभोग के लिए आयात कर रहे हैं। इससे रुपए की विनिमय दर पर दबाव पड़ सकता है, चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है और पूंजी पलायन शुरू हो सकता है। आर्थिक गतिविधियों के हिसाब से दो चिंताजनक आंकड़े 'खनन एवं उत्खनन' (पिछले साल की तुलना में 2.4 फीसद वृद्धि) और 'विनिर्माण क्षेत्र' (1.6 फीसद) के हैं। ये दरें 2021-22 में दर्ज की गई विकास दरों की तुलना में काफी कम हैं। 'निर्माण' 2022-23 में 9.1 फीसद की दर से बढ़ेगा, लेकिन यह 2021-22 में दर्ज 11.5 फीसद की तुलना में गिरावट वाला होगा। एफएई जारी होने के एक हफ्ते बाद भी न तो वित्त मंत्री और न ही संबंधित मंत्रियों ने अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों के निराशाजनक प्रदर्शन के बारे में व्याख्या की है।

**मार्च, 2020 के आखिर तक किसी को कोरोना विषाणु के प्रकोप और इसके तेजी से प्रसार का अनुमान नहीं हो सका था। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए बनाए गए बजट में सभी आंकड़े धराशाई हो गए।**

**उत्पादन नीचे, बेरोजगारी ऊपर :** बेरोजगारी पर भी दृष्टिकोण उज्वल नहीं है। सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्र कृषि, खनन और उत्खनन, विनिर्माण, निर्माण और व्यापार, होटल, परिवहन, संचार आदि हैं। आखिरी (13.7 फीसद) को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में सपाट या सुस्त वृद्धि होगी। ये आंकड़े सीएमआइई के बेरोजगारी के अनुमान की पुष्टि करते हैं। बढ़ती बेरोजगारी (संदेश) के अंतर्निहित कारणों पर गौर करने की जगह सरकार संदेशवाहक पर ही कड़ाई बरत रही है।

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13** । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय** : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# कैसे बनें अंडरराइटर, इसके लिए क्या चाहिए योग्यता...?

वित्तीय उद्योग विभिन्न पेशेवरों से भरा हुआ है जो कई अलग-अलग क्षमताओं में सेवा करते हैं। बैंक टेलर, बीमा एजेंट, वित्तीय सलाहकार, पोर्टफोलियो मैनेजर कुछ ऐसे पद हैं जो इस उद्योग को बनाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि कौन से पेशेवर क्रेडिट और उधार देने के फैसले के पीछे जोखिम का आकलन करते हैं? इन व्यक्तियों को हामीदार या अंडरराइटर कहा जाता है। अंडरराइटर्स मूल्यांकन करते हैं और मूल्यांकन करते हैं कि वित्तीय जोखिम लेने लायक है या नहीं। आप वित्तीय उद्योग के विभिन्न हिस्सों में अंडरराइटर्स पा सकते हैं, जिसमें उधार, बीमा, इक्विटी बाजार और यहां तक कि सुरक्षा व्यापार भी शामिल है। जब भी आप व्यक्तिगत ऋण, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी, या बंधक के लिए आवेदन करते हैं तो कुछ कंपनियां अपने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (initial public offerings - IPOs) लॉन्च करती हैं, जबकि अन्य आपके आवेदन की समीक्षा करती हैं।

यदि आपको यह एक रोमांचक करियर पथ की तरह लगता है, तो आप शैक्षिक आवश्यकताओं और पेशेवर योग्यताओं के बारे में सोच सकते हैं जिनकी आपको आवश्यकता होगी।



## अंडरराइटर की भूमिका क्या होती है?

अंडरराइटर अपने अनुभव के आधार पर यह निर्णय लेता है कि अनुबंध जोखिम भरा होगा या यह लेने लायक होगा या नहीं। उदाहरण के लिए एक हामीदार जो स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के साथ काम करता है, आवेदकों के स्वास्थ्य जोखिमों का विश्लेषण करता है। एक अंडरराइटर के काम में उम्र, वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति और चिकित्सा और पारिवारिक इतिहास सहित आवेदक के विवरण की जांच करना शामिल होता है। इस जानकारी का उपयोग करते हुए और अन्य औपचारिकताओं के बाद वह अंडरराइटिंग सॉफ़्टवेयर में जानकारी दर्ज करता है।

सॉफ्टवेयर प्रीमियम की राशि और बीमा प्रदाता कंपनी को पॉलिसी पर लागू होने वाली शर्तों का निर्धारण करता है। एक स्वास्थ्य बीमा कंपनी का हामीदार चिकित्सा जानकारी की समीक्षा करता है, जबकि एक ऋण हामीदार ग्राहक के क्रेडिट इतिहास जैसे कारकों का आकलन करता है।

अंडरराइटर का काम जटिल होता है। बीमा हामीदार व्यक्तियों को जोखिम के स्वीकार्य स्तर को निर्धारित करने में सक्षम होना चाहिए । जटिल परिस्थितियों की जांच करते समय एक हामीदार को शोध करने और बहुत सारी जानकारी प्राप्त करने की आवश्यकता हो सकती है।

एक हामीदार ऋण और इक्विटी बाजार, गिरवी और बीमा जैसे क्षेत्रों में किसी अन्य पार्टी के जोखिम का आकलन करता है।

## अंडरराइटर बनने के लिए आवश्यकताएं

यदि आप एक हामीदार बनना चाहते हैं तो कुछ चीजें हैं जिन्हें आपको ध्यान में रखना होगा। आवश्यकताएं अक्सर उप-क्षेत्र और उस क्षेत्राधिकार के आधार पर भिन्न होती हैं जिसमें आप काम करते हैं।

अंडरराइटर बनने के लिए आपको स्नातक की डिग्री की आवश्यकता हो सकती है जिसमें अर्थशास्त्र, व्यवसाय, लेखा, वित्त, या गणित में शोध शामिल होता है। अंडरराइटिंग के लिए विश्लेषणात्मक, कंप्यूटर, संचार और गणित कौशल सहित विशेष कौशल की एक श्रृंखला की आवश्यकता होती है।

नए कर्मचारियों को वरिष्ठ हामीदारों से ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण मिलता है और उन्हें अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए प्रमुख प्रमाणन कार्यक्रमों को पूरा करना होगा। आप एंट्री-लेवल की नौकरी से लेकर वरिष्ठ पद तक, उच्च वेतन के साथ पाँच से 10 वर्षों के भीतर अपना काम कर सकते हैं।

**शिक्षा :** एक हामीदार बनने के लिए आपको आमतौर पर स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होती है। गणित, बिजनेस, अर्थशास्त्र और वित्त के पाठ्यक्रम इस क्षेत्र में फायदेमंद होते हैं क्योंकि वे निश्चित रूप से आपके द्वारा किए जा रहे किसी भी काम में उपयोगी हो सकते हैं। एक अच्छा हामीदार भी विस्तार-उन्मुख होता है और उसके पास गणित, संचार, समस्या-समाधान और निर्णय लेने में उत्कृष्ट कौशल होता है।

एक बार काम पर रखने के बाद आप आमतौर पर वरिष्ठ हामीदारों की देखरेख में काम पर प्रशिक्षण लेते हैं। एक प्रशिक्षु के रूप में आप सामान्य जोखिम कारकों और हामीदारी में उपयोग किए जाने वाले बुनियादी अनुप्रयोगों के बारे में सीखते हैं। जैसे-जैसे आप अधिक अनुभवी होते जाते हैं आप स्वतंत्र रूप से काम करना शुरू कर सकते हैं और अधिक जिम्मेदारी ले सकते हैं।

**कौशल :** शिक्षा ही एकमात्र ऐसी चीज नहीं है जो आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद कर सकती है। विशेष कौशल का एक सेट भी है जो आपको अपना करियर बनाने में और आगे बढ़ने में आपकी मदद कर सकता है। यहां कुछ प्रमुख कौशल दिए गए हैं जिनकी आपको आवश्यकता होगी।

# इंटरव्यू में इन बातों का रखेंगे ध्यान...



माथे पर पसीना, हाथ-पैर कांपना और सिर चकराना केवल बीमारी के ही लक्षण नहीं हैं। अगर आप कोई जॉब इंटरव्यू देने जा रहे हैं तो भी ये चीजें आपके साथ भी हो सकती हैं। करियर में आगे बढ़ने के लिए कई तरह की परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है। कई बार आप आंख बंद करके इन परीक्षाओं को पार कर लेते हैं तो कई बार पूरी तैयारी भी कम पड़ जाती है। इन्हीं में से एक इंटरव्यू भी है। कई बार लोग लिखित परीक्षा तो आराम से क्लियर कर लेते हैं लेकिन इंटरव्यू में अटक जाते हैं। आज हम आपको जॉब इंटरव्यू के लिए वे जरूरी टिप्स बता रहे हैं तो आपके काम आ सकती हैं।

## इंटरव्यू से पहले कंपनी पर रिसर्च करें

इंटरव्यू से पहले उस कंपनी के बारे में थोड़ी जानकारी जुटा लें जहां आप इंटरव्यू देने जा रहे हैं। इससे न सिर्फ आप अपनी पिछली नौकरी से कंपेयर कर सकेंगे। बल्कि इंटरव्यू के दौरान फ्यूचर स्टैटजी और आप उस जॉब के लिए क्यों सूटेबल हैं आदि के बारे में अच्छे से बात कर सकते हैं। इससे इंटरव्यू पैनल और मैनेजमेंट को यह भी अंदाजा हो जाएगा कि वे किसी ऐसे व्यक्ति को नौकरी पर रखने वाले हैं जो उस स्थिति के बारे में गंभीर है जिसके लिए कंपनी ने वैकेंसी निकाली है।

## अपनी ड्रेस पर ध्यान दें

जॉब इंटरव्यू में फर्स्ट इंप्रेशन सबसे जरूरी होता है। यह सच है कि आप इंटरव्यू दे रहे हैं चाहे वह फिजिकल हो या किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से। दोनों ही हालातों में ड्रेस-अप होना बेहद जरूरी है। इसलिए इंटरव्यू से पहले इस पर जरूर ध्यान दें कि क्या पहनना चाहिए। अगर इंटरव्यू के समय कंपनी कोई खास ड्रेस कोड फॉलो करती है तो उसके बारे में बता कर लें। वरना फॉर्मल ड्रेस पहनना ज्यादा इफेक्टिव होता है।

## पहले से प्रैक्टिस कर लें

कुछ इंटरव्यू सवाल-जवाब की प्रैक्टिस कर सकते हैं। इससे इंटरव्यू के समय आपको काफी मदद मिल सकती है। आप इंटरव्यू द्वारा पूछे जाने जनरल सवालों जैसे अपने बारे में बताओ? पढ़ाई कहां से की? यहां नौकरी क्यों करना चाहते हो? अगले पांच सालों में आप खुद को कहां देखते हैं? आदि की प्रैक्टिस कर सकते हैं। इससे आपको इंटरव्यू के दिन सहज और आत्मविश्वास महसूस करने में मदद मिलेगी।

## कॉन्फिडेंट रहें

नौकरी पाने के लिए केवल शैक्षणिक योग्यता या स्किल्स जरूरी नहीं होते। इंटरव्यूअर आपका कॉन्फिडेंस लेवल भी चेक करता है। इंटरव्यू के समय फैक्ट्स और कॉन्फिडेंस के साथ जवाब देना बेहद जरूरी होता है। इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है, पूरे आत्मविश्वास के जाएं और अपना बेस्ट दें।

## बॉडी लैंग्वेज का ध्यान रखें

इंटरव्यू के समय पैनल कई चीजें नोट करता है जिसमें बॉडी लैंग्वेज भी है। आपका रूम में घुसने से लेकर बाहर निकलने तक हर छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान रखा जाता है। इसलिए बॉडी लैंग्वेज का भी ध्यान रखें। जब अंदर जाने के लिए कहा जाए तो पैनल से जरूर पूछें। बैठने के लिए कहने का इंतजार करें, उसके लिए धन्यवाद कहें, जवाब देते समय आवाज न ज्यादा तेज होनी चाहिए और न ही कम, बैठना का तरीका ठीक होना चाहिए। हाथ से इशारे करते हुए सवालों के जवाब न दें। चेहरे पर टेंशन न दिखने दें।

# ग्राफिक डिजाइनः एनिमेशन में कैरियर की संभावनाएं अपार



एनीमेशन और ग्राफिक डिजाइनिंग इन दिनों सबसे अधिक मांग वाले कैरियर विकल्पों में से एक है। आज लगभग हर जगह कंप्यूटर ग्राफिक्स का इस्तेमाल होता है। इंजीनियरिंग, फैशन डिजाइनिंग, सिनेमा में एनीमेशन और ग्राफिक डिजाइनिंग का खूब इस्तेमाल होता है। इस डिजिटल दौर में कंपनियां या विभिन्न संस्थाएं प्रचार के कामों में या उत्पादों को बेहतर बनाने में ग्राफिक डिजाइन का इस्तेमाल करती हैं। वहीं, बाहुबली, कुंग फू पांडा और आइस एज जैसी फिल्मों की लोकप्रियता के साथ, एनीमेशन में करियर के बेहतरीन अवसर मौजूद हैं।

## क्या है एनिमेशन

एनीमेशन को एक चरित्र या एक वस्तु के लिए जीवन को साँस लेने की कला के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। यह मनोरंजन उद्योग और प्रौद्योगिकी का मिश्रण है, जो ग्राफिक रूप से समृद्ध और आकर्षक मल्टीमीडिया क्लिप के डिजाइन, ड्राइंग, लेआउट और उत्पादन से संबंधित है।

## योग्यता

एनीमेशन और ग्राफिक डिजाइनिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए आप 12वीं पास करने के बाद आप ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। इतना ही नहीं, आजकल कई तरह के प्रोफेशनल कोर्स भी उपलब्ध हैं।

## जरूरी कौशल

रचनात्मकता
अच्छा दृश्य कल्पना
CAD का ज्ञान
कलात्मक कौशल
चित्र के माध्यम से विचार व्यक्त करने की क्षमता
कंप्यूटर कौशल

कहाँ मिलेगी नौकरी

एक एनिमेटर के रूप में, आपको निम्नलिखित क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिल सकता है:
ऑनलाइन और प्रिंट समाचार मीडिया
कार्टून उत्पादन
विज्ञापन
वीडियो गेमिंग
थिएटर
फिल्म और टेलीविजन
ई-लर्निंग

**सैलरी :** एक जूनियर एनिमेटर के और पर आप 8000-15000 प्रति माह कमा सकते हैं। वहीं, 3-5 साल के अनुभव के बाद सैलरी बढ़कर 25,000- 75,000 रूपए तक हो सकती है। इसके साथ ही फ्रीलांस के तौर पर भी इस क्षेत्र में आप बहुत पैसा कमा सकते हैं। एनिमेशन की दुनिया में करने के लिए बहुत कुछ है। अगर आपमें हुनर और काम करने की इच्छा है तो आपको देश और विदेश दोनों जगह से काम करने का मौका मिल सकता है।

# पेस्ट्री शेफः बहुत मजेदार कैरियर है



कैरियर के बहुत से ऑप्शन मौजूद है लेकिन कई बार उलझन होती है अपनी पसंद का कैरियर कैसे चुने। आप बेकरी इंडस्ट्री में अपना कैरियर बना सकते हैं। अगर आपके पास इसका डिप्लोमा है या आप पहले इसमें काम कर चुके हैं तो यह आपके लिए ठीक है। आजकल यह इंडस्ट्री में काफी विस्तृत हो चुकी है और बेकरी आइटम्स की डिमांड बढ़ चुकी है। शुरूआत में आप एग्जीक्यूटिव बेकरी शेफ के तौर पर काम कर सकते हैं। इसके लिए आप कोई शार्ट टर्म कोर्स या डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। अगर आप चाहें तो डिग्री कोर्स भी कर सकते हैं। यह कोर्स 2 महीने से लेकर 3 साल तक के होते हैं। इसके बाद आप एग्जीक्यूटिव बेकरी शेफ के रूप में काम कर सकते हैं।

## बेकरी कोर्स

आप डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन कर सकते हैं यह डेढ़ साल का होता है। अगर आप होटल मैनेजमेंट कर रहें है तो आपको कोर्स के दौरान ही बेकरी की जानकारी दे दी जाती है। इसक साथ ही बहुत से संस्थान शार्ट टर्म कोर्स के जरिये भी बेकरी की जानकारी देते है। यह कोर्स दो महीने से छह महीने तक के होते हैं। अभी कुल 70 इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आइएचएम) हैं। इसके अलावा कुछ ऑनलाइन कोर्स भी उपलब्ध हैं। इन कोर्स के बाद आप एग्जीक्यूटिव बेकरी शेफ बनकर बेकरी से रिलेटेड आइटम्स तैयार कर सकते है जैसे पेस्ट्री, सूफले, टोस्ट आइसिंग पेस्ट्री शेफ, कुकीज बंच, मूज आदि हैं। इन कोर्सेस के बाद आप चाहें तो किसी भी होटल, कैफे या रेस्टोरेंट में जॉब पा सकते है।

## क्या है बेकरी इंडस्ट्री

आप सोचते होंगे बेकरी शेफ और पेस्ट्री शेफ दोनों में अन्तर क्या है। बेकरी इंडस्ट्री के दो सेक्शन होते हैं हॉट सेक्शन बेकरी और कोल्ड सेक्शन बेकरी। कोल्ड सेक्शन में केक, पेस्ट्री, मूज, और सूफले आते है इन्हे बनाने वालों को पेस्ट्री शेफ कहते हैं। यहां पेस्ट्री आइटम्स की डेकोरेशन और आइसिंग भी सिखाई जाती है आपको हॉट सेक्शन जिसमें कुकीज, ब्रेड्स, बंच और टोस्ट आते हैं इन्हे बनाने वालों को बेकरी शेफ कहते हैं। एक्जीक्यूटिव शेफ को इन दोनों सेक्शन की नॉलेज होती है। आपको बेकरी कोर्स में इन दोनों सेक्शन के बारे में बताया जाता है।

## पेस्ट्री शेफ बनने के लिए प्रमुख संस्थान

- कुक एंड बेक अकादमी दिल्ली
- इंस्टीटयूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, फरीदाबाद
- ताज ग्रुप ऑफ होटल्स, औरंगाबाद
- पीपल्स यूनिवर्सिटी, भोपाल
- आईटीएम इंस्टीटट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, महाराष्ट्र

## पेस्ट्री शेफ की सेलरी

फ्रेशर के तौर पर पेस्ट्री शेफ के रूप में आपको 8000-15000 तक की सैलरी मिल सकती है। अनुभव होने के बाद के बाद सेलरी बढ़कर लगभग 50000 तक मिल सकती है। अगर आपका खुद का स्टार्ट है तो शुरूआत में आपके काम के आधार पर आपको आर्डर मिलेंगे। काम अच्छा होने पर आपकी कमाई लाखों में हो सकती है।

# इंडिया की 10 ऐसी बेस्ट कंपनियां जहां महिलाएं सुरक्षित वातावरण में कर सकती हैं काम

कार्य स्थल पर महिला कर्मचारियों से भेदभाव आम बात है। विश्व भर में महिलाओं को वर्कप्लेस पर एक बेहतर वातावरण और सुरक्षा देने की बात होती है। लेकिन कार्यस्थल पर महिलाओं को लिंग भेदभाव की स्थिति के कारण बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार इस भेदभाव के कारण जॉब चेंज की नौबत आ जाती है। इन्ही समस्याओं के कारण ग्रेट प्लेस टू वर्क हर साल एक सर्वे करता है। इस सर्वे के माध्यम से वह महिलाओं के लिए सबसे बेस्ट वर्कप्लेस की लिस्ट जारी करता है। भारत में ग्रेट प्लेस टू वर्क ने यह सर्वे किया और बेस्ट वर्क प्लेस की लिस्ट जारी की है।

**क्या है ग्रेट वर्क प्लेस टू वर्क :** यह एक ग्लोबल अथॉरिटी है जो कार्यस्थल की विश्वसनीयता और प्रदर्शन की गुणवत्ता बनाये रखने पर जोर देती है। ग्रेट वर्क प्लेस टू वर्क सर्वे के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थल की सूची जारी करती है। यह अथॉरिटी उन कंपनियों को चिन्हित करती है जो अपने कर्मचारियों को वर्कप्लेस पर बेहतर वातावरण देने के साथ ही उनकी सुरक्षा का पूरा प्रबंध करती हैं। यह अथॉरिटी महिलाओं के लिए अलग से ग्रेट प्लेस टू वर्क का सर्वे करती है।

**कितनी कंपनिया हुयी शामिल सर्वे में :** ग्रेट प्लेस टू वर्क 2022 के सर्वे में भारत की 1,122 कंपनियां शामिल हुयी। इसमें 100 टॉप कंपनियों की लिस्ट जारी की गयी। ये लिस्ट कई स्तरों और रिसर्च के बाद जारी की गयी। सर्वे में शामिल कंपनियों में कर्मचारियों की संख्या 500 से अधिक है और ये कंपनियाँ 20 उद्योग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं। सभी कंपनियां महिलाओं को सुरक्षित और बेहतर काम करने का माहौल प्रदान करती हैं। इन दस कंपनियों के अलावा और भी बहुत सी कंपनियां है जो महिलाओं को सुरक्षित माहौल बेहतर वर्क प्लेस प्रोवाइड कराती हैं। इनमें फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, मिंत्रा डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल हैं।

## देश के 10 बेस्ट वर्कप्लेस महिलाओं के लिए

- **सेल्सफोर्स इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी**
- **VOIS इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी**
- **पिटनी बोवेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी**
- **एचपी इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी**
- **एच एंड आर ब्लॉक (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी**
- **फोर्ड मोटर प्राइवेट लिमिटेड (फोर्ड बिजनेस सॉल्यूशन)**
- **सिस्को सिस्टम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी**
- **एच एंड आर ब्लॉक (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी**
- **सिंक्रोनी इंटरनेशनल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड वित्तीय सेवाएं और बीमा**
- **थॉटवर्क्स इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी**

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष राशि :** मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वाहन सुख में कमी आएगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**मिथुन राशि :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है।

**कर्क राशि :** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में निवेश कर सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन परेशान हो सकता है।

**सिंह राशि :** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या राशि :** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा।

**तुला राशि :** नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। पिता का सानिध्य मिलेगा।

**वृश्चिक राशि :** मन में नकारात्मकता से बचें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिल सकता है।

**धनु राशि :** कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर भी जाना हो सकता है। वाहन सुख का लाभ मिलेगा।

**मकर राशि :** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन हो सकता है।

**कुंभ राशि :** नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मीन राशि :** कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थिति से बचें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### कर्नाटक के गृह मंत्री ने सबरीमाला का किया दौरा



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने एक आम भक्त की तरह केरल के सबरीमाला मंदिर का दौरा किया और भगवान अयप्पा के दर्शन किए। उनके इस दौरे की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। गृह मंत्री ज्ञानेंद्र ने अनुष्ठान किया और बेंगलुरु में मालाधारम कार्यक्रम में भाग लिया और सीधे सबरीमाला गए। किसी वीवीआईपी सुविधा का उपयोग किए बिना, मंत्री ज्ञानेंद्र कुछ लोगों के साथ मंदिर गए और प्रार्थना की।

### केरल उच्च न्यायालय को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव नहीं

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल ने हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन (केएचसीएए) को सूचित किया है कि वर्तमान में अदालत को कोच्चि शहर के केंद्र में स्थित अपने वर्तमान परिसर से 12 किमी दूर कलामसेरी में स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। मीडिया में ऐसी अटकलें थीं कि उच्च न्यायालय को उसके वर्तमान स्थान से बाहर ले जाया जा सकता है।

### भारत ने सुरक्षा परिषद के फैसले का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आईएसआईएल व अलकायदा संबंधित प्रतिबंध समिति द्वारा लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की को सूचीबद्ध करने के फैसले का स्वागत किया है। भारत ने कहा कि इससे क्षेत्र में आतंक के खिलाफ जारी लड़ाई मजबूत होगी। मक्की लश्कर नेता हाफिज सईद का साला है और आतंकी संगठन के लिए धन जुटाने का काम करता रहा है।

### यात्री ने खोला इमरजेंसी दरवाजा, इंडिगो के विमान में मची खलबली

**नई दिल्ली।** दिसंबर में इंडिगो के विमान में एक यात्री ने आपातकालीन द्वार खोल दिया था, जिससे विमान के अन्य लोगों में भगदड़ मच गई थी। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मामले की जांच शुरू कर दी है और एयरलाइन से रिपोर्ट मांगी है। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'हम इस मामले को देख रहे हैं।' अधिकारियों ने बताया कि यह घटना 10 दिसंबर को चेन्नई से त्रिवेंद्रम जा रही इंडिगो 6ई फ्लाइट 6ई-7339 में हुई थी।

### सीडीएस ने एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का किया दौरा

# भाईचारे के गुण पैदा करने में एनसीसी का योगदान सराहनीय

### सीडीएस ने सामाजिक जागरूकता गतिविधियों में एनसीसी के योगदान की सराहना की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल (सीडीएस) अनिल चौहान ने मंगलवार को नई दिल्ली के दिल्ली कैंट में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2023 का दौरा किया। इस अवसर पर सीडीएस ने कहा, इस देश के युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और भाईचारे के गुण पैदा करने में एनसीसी का योगदान अनुकरणीय है। सीडीएस ने सामाजिक जागरूकता गतिविधियों में एनसीसी के योगदान की सराहना की।

'पुनीत सागर अभियान' का जिक्र करते हुए कहा : इस अभियान में अब तक लगभग 13.5 लाख एनसीसी कैडेट्स ने अभियान में भाग लिया है और लगभग 208 टन प्लास्टिक कचरा एकत्र किया है, जिसमें से 167 टन को रिसाइक्लिंग के लिए भेजा गया है। सीडीएस ने एनसीसी को राष्ट्र की निःस्वार्थ सेवा के 75वें वर्ष के लिए बधाई दी। उन्होंने विभिन्न खेल आयोजनों में एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रदर्शित असाधारण प्रदर्शन की भी सराहना की।

### सीडीएस ने 'फ्लैग एरिया' का भी किया दौरा



**यह** पहली बार है जब किसी सीडीएस ने एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया है। सेना, नौसेना और वायु सेना के तीनों अंगों की एक टुकड़ी ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के आगमन पर उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया। इसके बाद एनसीसी कैडेट्स ने बैंड की शानदार प्रस्तुति दी। सीडीएस ने एनसीसी कैडेट्स द्वारा तैयार किए गए 'फ्लैग एरिया' का भी दौरा किया, जिसमें विभिन्न सामाजिक जागरूकता विषयों और सांस्कृतिक गतिविधियों को दशार्या गया। कैडेट्स ने उन्हें अपने संबंधित राज्य निदेशालय विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सीडीएस ने हाल ही में पुनर्निर्मित 'हॉल ऑफ फेम' का भी दौरा किया, जिसमें एनसीसी के तीन विंगों के पूर्व छात्रों की तस्वीरों, मॉडल, मोटिवेशनल और अन्य विर्जुअल का एक अभिलेखीय संग्रह प्रदर्शित किया गया है। बाद में अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने एनसीसी सभागार में कैडेट्स द्वारा पेश किए गए एक शानदार 'सांस्कृतिक' कार्यक्रम को देखा।

# जिस विचाराधारा को वरुण ने अपनाया मैं उसे स्वीकार नहीं कर सकता : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पिछले कुछ समय से बीजेपी सांसद वरुण गांधी के कांग्रेस में जाने की अटकलों के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि वरुण ने जिस विचाराधारा को अपनाया मैं उसे स्वीकार नहीं कर सकता। उत्तर प्रदेश में पीलीभीत से बीजेपी सांसद वरुण गांधी के कांग्रेस में जाने की अटकलें काफी तेज हैं। पिछले कुछ समय से वरुण गांधी बीजेपी की नीतियों पर लगातार सवाल उठा रहे हैं। कयास लगाए जा रहे थे कि वरुण गांधी बीजेपी छोड़ सकते हैं।

मंगलवार को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान होशियारपुर की प्रेसवार्ता में एक सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने वरुण गांधी को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राहुल गांधी ने कहा, वो बीजेपी में हैं। अगर वो भारत जोड़ो यात्रा में चलेंगे, उनको दिक्कत हो जायेगी। मेरी विधारचारा उनकी विचारधारा से नहीं मिलती है। मैं आरएसएस के ऑफिस में नहीं जा सकता, मेरा आपको गला काटना पड़ेगा। मेरा जो परिवार है उसकी एक विचारधारा, एक अलग सोचने का तरीका है.. और जो वरुण हैं,



उन्होंने उस विचाराधारा को अपनाया और अपना बनाया तो मैं उस बात को स्वीकार नहीं कर सकता। हालांकि, एक परिवार और वरुण के भाई होने की बात पर राहुल ने कहा, मैं वरुण से जरूर प्यार से मिल सकता हूं, गले लग सकता हूं मगर उस विचाराधारा को स्वीकार नहीं कर सकता। दोनों विचारधाओं की आपस में लड़ाई चल रही है। सालों पहले फिरोज ने मुझे कहा कि देखिए आरएसएस कितना अच्छा काम कर रही है तो मैंने कहा अगर आपने अपने परिवार का इतिहास पढ़ा होता तो आप ऐसा नहीं बोलते। परिवार के जो रिश्ते हैं, वो अलग बात है। मैं ऐसी कोई नफरत नहीं करता वरुण से।

गौरतलब है कि मेनका गांधी साल 2004 में बीजेपी में जुड़ीं, जिसके बाद बेटे वरुण गांधी ने भी बीजेपी का दामन थामा। लेकिन वरुण गांधी ने साल 2009 में लोकसभा का पहला चुनाव पीलीभीत से लड़ा था। तब से अब तक वरुण गांधी का चुनावी मैदान मां मेनका गांधी की कार्यस्थली रही है। लेकिन हाल में वरुण ने एक जनसभा में चौंकाने वाला संबोधन दिया था।

उन्होंने कहा था, न तो मैं नेहरू जी के खिलाफ हूं, ना ही कांग्रेस के खिलाफ हूं। हमारी राजनीति देश को आगे बढ़ाने के लिए होनी चाहिए न कि गृह युद्ध पैदा करने के लिए। आज जो लोग केवल धर्म और जाति के नाम पर वोट मांग रहे हैं, हमें उनसे ये पूछना चाहिए कि रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा का क्या हाल है। कई अन्य मौकों पर अपनी पार्टियों की नीतियों की खुले तौर पर आलोचना करने के बाद से तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। ये माना जा रहा है कि उनका बीजेपी से मोहभंग हो गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी येदियुरप्पा से मिले, अटकलों को मिली हवा

**एजेंसी। बेंगलुरु**

दिल्ली में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के कद्दावर नेता बीएस येदियुरप्पा के बीच हुई मुलाकात ने कर्नाटक के राजनीतिक गलियारों में अटकलों को हवा दे दी है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करने के लिए हाल ही में पीएम मोदी की कर्नाटक दौरे पर पहुंचे थे, लेकिन इस दौरान बीएस येदियुरप्पा को कहीं नहीं देखा गया था। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा था कि उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया था। हालांकि, पीएम मोदी ने येदियुरप्पा से मुलाकात की और राज्य की राजनीति पर एक निजी



बैठक में उनसे 15 मिनट तक चर्चा की। इस मुलाकात ने कई अटकलों को जन्म दिया है। राज्य के राजनीतिक सर्कल विशेषकर भाजपा के अंदरूनी सूत्रों के बीच चर्चा का विषय रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, कर्नाटक विधानसभा चुनाव में तीन महीने से भी कम का समय बचा है, ऐसे में चुनाव को लेकर आलाकमान ने विशेष रुचि ली है। भाजपा के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि येदियुरप्पा ने पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीतियों पर प्रधानमंत्री से बात की है। इस बैठक ने पार्टी में नई परिकल्पाना स्थापित की है। येदियुरप्पा को भाजपा केंद्रीय संसदीय समिति का सदस्य बनाने के बाद, पार्टी ने उन्हें फिर से नजर अंदाज किया था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के राज्य दौरे के दौरान येदियुरप्पा को नहीं देखा गया था। प्रधानमंत्री के साथ बैठक के बाद, येदियुरप्पा के चुनाव प्रचार में शामिल होने की संभावना है। भाजपा ने राज्य में पहले येदियुरप्पा के नेतृत्व में की सत्ता हासिल की थी।

## मोस्ट वांटेड दाऊद ने पाकिस्तान की पठान महिला से रचाई शादी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान के कराची में रह रहे दाऊद इब्राहिम कास्कर ने एक



पठान महिला से शादी की है। उसकी पहली पत्नी का नाम मिजाबिन अलीशा पारकर है। यह जानकारी हसीना पारकर के बेटे और डॉन के भतीजे ने एनआईए को दी। उन्होंने कहा कि उसकी पहली पत्नी को दाऊद की दूसरी शादी के बारे में पता है और वह अलग-अलग ऐप के जरिए दोनों के संपर्क में रहती हैं। यह दावा एनआईए ने दाऊद, राकांपा नेता नवाब मलिक और पारकर सहित अन्य के खिलाफ दर्ज एक आतंकी मामले के संबंध में दायर चार्जशीट में किया है। इससे पहले पारकर ने दावा किया था कि वह डॉन के संपर्क में नहीं थे। आरोप पत्र में कहा गया है कि भारत छोड़ने के बाद दाऊद छोटा शकील, अनीस इब्राहिम शेख, जावेद चिकना, टाइगर मेमन, इकबाल मिर्ची और हसीना पारकर के माध्यम से अपने गिरोह का संचालन कर रहा है।

## थरूर सबसे बड़े मूर्ख : नटेसन

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का फैसला करने के बाद से हालांकि शशि थरूर की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है, लेकिन मंगलवार को एसएनडीपी योगम के महासचिव वेल्लापल्ली नटेसन ने उन्हें रेड कार्ड दिखाया। नटेसन ने कहा : थरूर सबसे बड़े मूर्ख हैं। उन्हें अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ना चाहिए था। वह एक ऐसे व्यक्ति हैं, जिनका पिछड़ा वर्ग विरोधी रवैया जगजाहिर है। कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव हारने के बाद से थरूर धार्मिक और सामाजिक समूहों से भारी समर्थन मिल रहा है।








## सेलेना गोमेज को मिला उनका प्यार

**लॉस एंजिलिस।** गायिका-अभिनेत्री सेलेना गोमेज, जिन्होंने हाल ही में बॉडी शेमिंग को लेकर नेटिजन्स की आलोचना की थी, 'द चेनस्मोकर्स' स्टार ड्रू टैगगार्ट के साथ समय बिता रही हैं। 'द मिरर' की रिपोर्ट के मुताबिक, जाहिर तौर पर यह जोड़ा अपने रिश्ते को दिखाने से डरता नहीं है। 30 वर्षीय गायिका को लगता है कि अब उनको अपना प्यार मिल गया है। पूर्व डिजनी चैनल स्टार को अपने साथी संगीतकार के साथ प्यार है, क्योंकि यह जोड़ी नियमित रूप से डेट नाइट्स का आनंद लेती है।

# सिकंदर खेर और सुष्मिता ने शुरू की 'आर्या सीजन 3' की शूटिंग

**एजेंसी। मुंबई**

अभिनेता सिकंदर खेर, जिन्होंने स्ट्रीमिंग फिल्म 'मोनिका ओ माय डार्लिंग' में अपने काम से दर्शकों का दिल जीत लिया था, अपने लोकप्रिय ओटीटी शो 'आर्या' के सेट पर वापस आ गए हैं। इसमें पूर्व मिस यूनिवर्स और अभिनेत्री सुष्मिता सेन मुख्य भूमिका में हैं। उन्होंने हाल ही में सीजन-3 की शूटिंग शुरू की है, अभिनेता ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें दिखाया गया है कि दौलत नाम का उनका किरदार जल्द ही पर्दे पर वापस आनेवाला है। उन्होंने शो के निर्देशक राम माधवानी और उनकी टीम का वह मधुर स्वागत नोट भी साझा किया। नोट में 'स्कारफेस' से अल पैचीनो के टोनी मोंटाना को उद्धृत किया गया है, 'आंखें, चिको, वे कभी झूठ नहीं बोलती।' अभिनेता का कहना है, 'जिस किरदार में मैंने काम किया है और जिसके साथ अब दो सीजन रह चुका हूं, उसे वापस पाकर अच्छा लग रहा है। राम, सुष्मिता और पूरी टीम के साथ फिर से काम करने का इंतजार है। मैंने जो कुछ पढ़ा है, उससे मुझे यकीन है कि इसमें बहुत कुछ है, दर्शकों के लिए।' उन्होंने आगे कहा : फिलहाल मैं ज्यादा खुलासा नहीं कर सकता क्योंकि हमने अभी शूटिंग शुरू की है, लेकिन हां शो के तीसरे सीजन में किरदार बहुत आगे बढ़ गया है! दौलत के वापस आने के लिए उत्साहित हूं। क्राइम एक्शन थ्रिलर सीरीज 'आर्या' का सीजन 3 जल्द ही डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आएगा।

## हम सेक्स एजुकेशन क्लास में हंसते और शर्माते थे : रकुलप्रीत



**मुंबई।** अभिनेत्री रकुलप्रीत सिंह ने स्कूल में यौन शिक्षा के साथ अपने अनुभव के बारे में बात की। यह फिल्म सेक्स एजुकेशन को लेकर है। इसके बारें में अभिनेत्री ने कहा कि यह एक पारिवारिक ड्रामा है और इसे माता-पिता के साथ भी देखा जा सकता है। अभिनेत्री ने कहा : 'छतरीवाली' एक पारिवारिक फिल्म है, एक ऐसी फिल्म जिसे मैं अपने परिवार या माता-पिता या अपने पिता के साथ मेरे बगल में बैठकर देख सकती हूं क्योंकि फिल्म में एक भी संवाद ऐसा नहीं है या इसका दोहरा अर्थ नहीं है। सब कुछ तथ्य की बात है और यह समय की मांग है। यह एक लड़की की कहानी है और वह कैसे सुरक्षित सेक्स के महत्व को समझती है और वह क्यों इसके बारे में स्वतंत्र रूप से और खुले तौर पर बोलने की जिम्मेदारी खुद पर लेती है। इस बारें में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा : जब मैं 9वीं और 10वीं कक्षा में थी और जब भी सेक्स एजुकेशन की क्लास होती थी, टीनएजर्स के रूप में, हम इस विषय पर हंसते और शर्माते थे और इन कक्षाओं को बंक करने के बहाने ढूंढते थे।

## 'सिनेमा मरते दम तक' में दिखेगी भारतीय फिल्म उद्योग की कहानी




**मुंबई।** फिल्म निर्माता वासन बाला अब ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए 'सिनेमा मरते दम तक' लेकर आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'मोनिका ओ माय डार्लिंग' बनाई थी। सीरीज के ट्रेलर का मंगलवार को अनावरण किया गया। यह ट्रेलर दर्शकों को 90 के दशक की याद दिलाता है। छह-एपिसोड की रियलिटी डॉक्यू-सीरीज दर्शकों को 90 के दशक के सिनेमा उद्योग के चार असाधारण निर्देशकों- जे. नीलम, विनोद तलवार, दिलीप गुलाटी और किशन शाह के बारे में बताएगी। अपने वेंचर के बारे में बात करते हुए शो के निर्माता वासन बाला ने कहा : सिनेमा मरते दम तक मेरे लिए बेहद खास है। मैं इस फिल्म उद्योग के कलाकारों और रचनाकारों के बारे में जानता हूं और हमेशा उनकी बनाई फिल्मों और उनकी दुनिया से प्रभावित रहा हूं। इसलिए, मुझे खुशी है कि डॉक्यू-सीरीज से मैंने यही दिखाने की कोशिश की है। डॉक्यू-सीरीज, जो एक वाइस स्टूडियो प्रोडक्शन है, में रजा मुराद, मुकेश ऋषि, हरीश पटेल और राखी सावंत जैसे कलाकार भी शामिल हैं, जो भारतीय सिनेमा के कम ज्ञात अध्याय पर अंतर्दृष्टि साझा करते हैं। ट्रेलर को डायरेक्ट है कुलिश कांत ठाकुर ने। कुलिश प्रख्यात पत्रकार निशिकांत ठाकुर के सुपुत्र हैं।

### द्विपक्षीय संबंध | पाक पीएम ने भारत को दिया नया प्रस्ताव

# पाकिस्तान सीख चुका है सबक : शहबाज शरीफ

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लंबे समय से चले आ रहे सभी द्विपक्षीय मुद्दों को हल करने के लिए भारत को एक नया प्रस्ताव दिया है। अल-अरबिया टेलीविजन को दिए एक साक्षात्कार में शरीफ ने अपने भारतीय समकक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक साथ बैठने और कश्मीर सहित अन्य मुद्दों को हल करने की पेशकश की। उन्होंने कहा : भारतीय नेतृत्व और प्रधानमंत्री मोदी को मेरा संदेश है कि आइए हम टेबल पर बैठें और कश्मीर जैसे ज्वलंत मुद्दों को हल करने के लिए गंभीर और ईमानदार बातचीत करें। शरीफ ने कहा : न केवल दुनिया को यह महसूस करने की जरूरत है कि भारत और पाकिस्तान पड़ोसी हैं, बल्कि दोनों देशों को शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के महत्व को समझने की जरूरत है। भारत के साथ हमारे तीन युद्ध हुए हैं और इसने लोगों के लिए और अधिक दुख, गरीबी और बेरोजगारी ही पैदा की है। पाकिस्तान को अतीत का एहसास है और उसने सबक सीख लिया है।

### पीएमओ ने शरीफ की बात को नकारा

**पाकिस्तानी** प्रधानमंत्री के बयान के चंद घंटे बाद ही



पाकिस्तान के पीएमओ ने सोशल मीडिया पर बयान जारी किया और सीधे तौर पर शरीफ की बात को नकार दिया। पीएमओ ने अपने बयान में कहा : प्रधानमंत्री की बात को गलत तरीके से लिया गया। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि भारत से बातचीत सिर्फ तभी हो सकती है जब वो कश्मीर में आर्टिकल 370 और धारा 35ए को बहाल करे।

# केबलिंग के नाम पर शहर में किये गये सभी गड्ढे को जल्द भरें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने मंगलवार को विद्युत आपूर्ति विभाग और विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। डिप्टी मेयर ने कहा कि शहर में विद्युत आपूर्ति विभाग की ओर से चलाये जा रहे अंडर ग्राउंड केबलिंग की वजह से सड़क में गड्ढे किये गये हैं। काम पूरा होने के बाद भी गड्ढा को नहीं भरा गया है। उन्होंने कहा कि शहर में जितने भी अंडर ग्राउंड केबलिंग की वजह गड्ढे किये गये है, उसे जल्द से जल्द भरा जाये। उप महापौर ने कहा कि केबलिंग का कार्य करने से पहले उक्त स्थल के चारों तरफ बैरिकेडिंग करा कर कंपनी का बोर्ड लगाया जाए, जिससे अन्य विभागों सहित स्थानीय लोगों को मालूम हो सकें कि किस कंपनी के द्वारा यह कार्य कराया जा रहा है। इससे कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कार्य कराने वाली कंपनी से सीधा सम्पर्क स्थापित किया जा सके। सड़कों पर गड्ढे होने से लोगों को सवारी करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही दुर्घटनाएं होने पूरी आशंका होती है। इसलिस काम वैसा हो जिससे लोगों को परेशानी न हो। बरसात के दिनों में काफी दिनों तक सड़क पर गड्ढे मौजूद थे जिससे लोगों को काफी परेशानियां हो रही थीं। कंपनी का यह पहला कार्य है कि काम समाप्त होने पर उसे जल्द से भर दिया जाये। साथ ही संबंधित सभी कंपनियों को सात दिन के अन्दर कार्य करा कर गड्ढा ढकते हुए पूर्व की स्थिति में किया जाना और जब तक गड्ढा को ना भरा जाए, तब तक बैरिकेडिंग रखने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।



## NEWS इन ब्रीफ

### सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी टीम का चयन ट्रायल

**रांची।** 15 से 26 फरवरी 2023 तक काकीनाडा, आंध्र प्रदेश में आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप 2023 के लिए सीनियर झारखंड महिला हॉकी टीम का चयन ट्रायल मंगलवार को बरियातू गर्ल्स हाई स्कूल रांची स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हुई। इस चयन ट्रायल में झारखंड के रांची, सिमडेगा, खूंटी गुमला, एकलव्य हॉकी सेंटर रांची, आवासीय हॉकी सेंटर लचडागढ़ के कई खिलाड़ी शामिल हुए। विभिन्न जिला साए खिलाड़ियों का आपस में मैच कराने के उपरांत 30 खिलाड़ियों को कैंप के लिए चयनित किया गया। विश्वकप पुरुषों की प्रतियोगिता के समाप्त होने के उपरांत चयनित इन 30 खिलाड़ियों का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जाएगी।

# झारखंड की समृद्ध परंपरा का प्रतीक है टुसू : आदित्य

**रांची।** साल्हन में मंगलवार को 33वां भगत टुसू मेला का आयोजन किया गया। मेला में टुसू-झांकी प्रदर्शनी और रंगारंग नागपुरी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम और बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि टुसू महोत्सव झारखंड की समृद्ध परंपरा को दशार्ता है। यह त्याग, बलिदान और समर्पण का पर्व है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि कला संस्कृति झारखंड की परंपरा में निहित है। मौके पर नागपुरी कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को देर रात तक झुमाया। टुसू प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार महलीहुहू और झांकी प्रदर्शनी में कृष्ण भगत को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रिझू नायक ने किया। भाजपा पर पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, एतवा भगत, सीओ पुष्पक रजक,भूषण नायक, प्रकाश नायक और रामनाथ महतो आदि मौजूद थे।

# हॉस्टल में फंदे से लटका मिला छात्र का शव




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) रांची के हॉस्टल में एक छात्र का फंदे से लटका हुआ शव बरामद हुआ है। छात्र के दोनों हाथ पीछे तरफ रस्सी से बंधे हुए थे। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या की गई है। छात्र की पहचान शिवम पांडे के रूप में हुई है। वह वाराणसी के लंका थाना क्षेत्र का रहने वाला था। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचित कर दिया है। आईआईएम का हॉस्टल रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र में स्थित है। शिवम पांडे का कमरा हॉस्टल के पांचवें तल्ले पर है। छात्र के फंदे से लटके होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। पुलिस फिलहाल इस केस में कुछ भी कहने से बच रही है। मामला आत्महत्या का है या फिर हत्या का, इन दोनों बिंदुओं पर जांच चल रही है। मौके से अब तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पड़ोस के कमरों में रहने वाले छात्रों से पूछताछ की जा रही है। छात्र के मोबाइल और नोटबुक्स की जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम भी बुलाई गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही जानकारी मिल पाएगी। छात्र के निधन की खबर से आईआईएम रांची के छात्र-छात्राओं में शोक की लहर है। इस मामले की जांच एसआईटी करेगी।

## पृष्ठ एक के शेष

**जो खतियानी है वही झारखंडी है...**

जुड़े लोगों को पुलिस परेशान करती है। भाजपा ने 20 सालों तक इस मामले की सुध नहीं ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार मजदूरों के हित में जल्द ही अभ्रक को लेकर नयी नीति लाने जा रही है। देश के अन्य राज्यों में विकास की चर्चा करते हुए सीएम ने कहा कि पहले झारखंड पर छत्तीसगढ़ी का राज चलता था, अब झारखंडी का राज है। उन्होंने कहा कि पूंजीपति गरीबों का उत्थान नहीं चाहते। उन्हें लगता है की अगर गरीब मजबूत हुआ, तो उनके छोटे-मोटे काम कौन करेगा। देश में बढ़ती महंगाई समेत अन्य मुद्दों पर भी सीएम ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

**1932 खतियान हेमंत सरकार का...**

कहा कि प्रत्येक दल वोटरों के लिहाज से योजनाएं बनाता है। 1932 खतियान आधारित स्थानीयता नीति को विधानसभा में पास कर केंद्र के पास नौंवी अनुसूची में डालने के लिए भेजा गया है। लेकिन केंद्र-राज्य के जगजाहिर संबंधों को देखते इसे कानून का रूप नहीं मिल सकेगा। यह संदिग्ध ही रहेगा। ऐसे में खतियान यात्रा भी बेमतलब की है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो, पूर्व मंत्री सुधा चौधरी समेत अन्य नेता भी उपस्थित थे।

**युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने...**

कार्य प्रारंभ करने हेतु वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे, डीआईजी उत्तरी छोटानागपुर नरेंद्र कुमार सिंह, उपायुक्त कोडरमा आदित्य रंजन, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव मौजूद थे।

**ईडी के समन पर नहीं पहुचे...**

लगाकर वक्त की मांग की है। ईडी सूत्रों के अनुसार, इन्हें जल्द ही दूसरा समन भेजा जाएगा। इन तीनों विधायकों को बीते 30 जुलाई 2022 को हावड़ा में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इनके पास से 48 लाख रुपये बरामद किए थे। बंगाल पुलिस की सीआईडी की जांच में यह बात सामने आयी थी कि विधायकों ने कोलकाता के ही शेयर ट्रेडर महेंद्र अग्रवाल से पैसे लिए थे। ये तीनों विधायक फिलहाल जमानत पर हैं। तीनों विधायकों की गिरफ्तारी के अगले दिन इसी पार्टी के विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने रांची के अरगोड़ा थाने में 31 जुलाई को जीरो एफआईआर दर्ज कराई थी। इसी एफआईआर के आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल पर लगभग दो माह पहले जांच शुरू की है। विधायक अनूप सिंह ने एफआईआर में आरोप लगाया था कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन की सरकार गिराने के लिए भाजपा नेताओं के साथ मिलकर तीनों विधायकों ने साजिश रची थी। अनूप सिंह के मुताबिक सरकार गिराने के लिए इन साथी विधायकों के जरिए उन्हें 10 करोड़ रुपये और मंत्री पद का ऑफर दिया जा रहा था। कांग्रेस विधायक अनूप ने अपनी शिकायत में कहा था कि इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और विक्सल कोंगाड़ी उन्हें कोलकाता बुला रहे थे। उन्हें कहा गया था कि सरकार गिराने के बदले प्रति एमएलए 10 करोड़ रुपये दिये जाने थे। ईडी ने शिकायतकर्ता कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह से बीते 24 दिसंबर 2022 को करीब नौ घंटे तक पूछताछ की थी। शिकायतकर्ता के तौर पर उनका बयान भी दर्ज किया गया था। ईडी ने उनसे यह भी पूछा था कि झारखंड में सरकार गिराने के लिए उन्हें किसने 10 करोड़ रुपये का ऑफर दिया?

**युवाओं को बताएं सुशासन व कुशासन का...**

की बात कहते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मतदाताओं की पूरी सेवा करने के साथ ही देश के 18 से 25 वर्ष के युवाओं को जागरूक करने के लिए उन्हें सुशासन और कुशासन के बीच अंतर बताने को कहा ताकि युवाओं को यह पता लग सके कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में किस तरह से अनाचार और भ्रष्टाचार होता था, कुशासन था और भाजपा किस तरह से कुशासन के उस दौर से देश को निकाल कर सुशासन की तरफ लेकर आई है। उन्होंने कहा कि वे विपक्ष को कभी भी कमजोर नहीं समझते हैं लेकिन सभी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

**मोदी जी की बातों का इन चरबी...**

टीवी के बहस को सुनें। वहां भाजपा के प्रवक्ता जिस चौड़ाई, अहंकार और दंभ से बात करते हैं, वह आम आदमी को कहीं न कहीं चुभती भी है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री को कहना पड़ा कि आज आप अनुशासित नहीं रहेंगे तो देर-सबेर दिक्कतों के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा भीः कुछ भी स्थाई नहीं है। इस स्थायित्व की बात वही करते हैं, जो ज्ञानी होते हैं। प्रधानमंत्री ने बहुत सारी बातों को खोल कर और बहुत सारी बातों को ईशारे में समझा दिया है। इस साल 9 राज्यों में विधानसभा के और अगले साल लोकसभा के चुनाव होने हैं। प्रधानमंत्री का यह कहना कि मोदी आएंगे तो हम जीत जाएंगे, बहुत बड़ा क्वेश्चन मार्क है, बहुत बड़ा मैसेज भी है। किस पर यह क्वेश्चन मार्क है, किसके लिए यह मैसेज है, आने वाले दिनों में सब साफ हो जाएगा। भाजपा को समझना होगा कि जब तक कैडर के साथ-साथ नेता-मंत्री-संतरी संवेदनशील नहीं होंगे, अकड़ का परित्याग नहीं करेंगे, सिर्फ मोदी नाम केवलम का ही जाप करेंगे, खुद से मेहनत नहीं करेंगे, चुनावों में विजय प्राप्त करना टेढ़ी खीर ही साबित होगी।

**भारतीय सेना में पहली बार 108 महिला...**

अधिकारियों के चयन की प्रक्रिया प्रगति पर है। भारतीय सेना में 108 महिला अधिकारियों को कर्नल रैंक पर पदोन्नत करने के लिए आर्मी बोर्ड का गठन कर दिया गया है। यह आर्मी बोर्ड 108 महिला अधिकारियों को सैन्य खुफिया और इंजीनियरों सहित विभिन्न शाखाओं में कर्नल के रूप में पदोन्नत करने के लिए तैयार है। यह पहली बार है कि भारतीय सेना में इंजीनियर्स, मिलिट्री इंटेलिजेंस, आर्मी एयर डिफेंस, आयुध और सेवा सहित शाखाओं में कमांड भूमिकाओं के लिए महिला अधिकारियों का चयन किया जाएगा। इसके अलावा सेना में महिला अधिकारियों के सशक्तिकरण के लिए अन्य उपाय पहले ही लागू किए जा चुके हैं, उनमें सभी शॉर्ट सर्विस कमीशन महिला अधिकारियों को उनके पुरुष समकक्षों के साथ स्थायी कमीशन दिया जाना भी शामिल है।


## कार्यालय
## खास महाल पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी, मेदिनीनगर, पलामू (खास महाल)

### प्रेस विज्ञप्ति

अपर मुख्य सचिव राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखण्ड रांची द्वारा खास महाल भूमि की प्रमाणिकरण (Verification) कराने का निदेश प्राप्त है। साथ ही आयुक्त पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर, पलामू एवं उपायुक्त पलामू के आदेशानुसार खास महाल भूमि का सर्वे/सर्वेक्षण एवं आंकड़ो का कम्प्यूटरीकरण किया जाना है, सर्वे/सर्वेक्षण कार्य प्रारम्भ है।

ऐसे में आवश्यक होगा कि आप सभी मेदिनीनगर थाना नं0 189 के खास महाल भूमि धारक/ लीज धारक सर्वेक्षण दल को अपनी धारित भूमि की मापी कराना एवं संबंधित सभी दस्तावेज दिखाकर इन्द्राज कराना आवश्यक रूप से सुनिश्चित करेंगे।

खास महाल पदाधिकारी–सह–
अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर, पलामू।

PR.NO.287694 Land Reforms(22-23):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114 Email : eedwsd.garhwa@gmail.com

### द्वितीय शुद्धि-पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट (1st Call) निविदा सूचना संख्या– **DWSD/SVS/CLUSTER/GAR-20/2022-23,** दिनांक–27.12.2021 **(Construction of 31 Nos SVS-Cluster under JJM** जो PR No. 287090 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 * D प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से **तिथि एवं समय** में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 17/01/2023 05:00 P.M. | 28/01/2023/ 05.00 बजे अपराहन तक। |
| 4 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं समय | 18/01/2023 10:30 AM to 05:00 P.M. (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. | 30/01/2023 10:30 AM to 05:00 P.M. (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 19/01/2023 04:00 P.M. | 31/01/2023/ 04.00 बजे अपराहन में। |

नोट – (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR 287698 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)



## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।

ज्ञापांक ............... दिनांक ......................

### अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 02/2022–23

मेदिनीनगर नगर निगम में सफाई कर्मियों को युनिफार्म (ब्लेजर एवं स्वेटर) क्रय की जानी है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता/प्राधिकृत विक्रेता/संवेदक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 25.01.2023 को 01:00 बजे पूर्वाहन/अपराहन तक नमूना सहित जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 10,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराहन 02:00 बजे नगर निगम कार्यालय में e-procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें निगम सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है।

ह0/–
नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 287679 (District) 22-23 (D)



## झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

### शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **चतरा** के ई–निविदा आमंत्रण संख्या– **194/2022-23/RWD/CHATRA,** दिनांक– **21.12.2022,** PR NO.- **285723** के द्वारा प्रकाशित निविदा की तिथि में अपरिहार्य कारणवश निम्नरूपेण परिर्वतन किया जाता है।

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **19.01.2023**
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **30.01.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **चतरा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **31.01.2023** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **01.02.2023** पूर्वाह्न 11.30 बजे।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders. gov. in में देखा जा सकता है। अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 287725 (Rural Work Department) 22-23 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना संख्या – **DWSD/RPWS/Med-31/2022-23 (1st Call)** दिनांक 13.01.2023

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | केन्द्र प्रायोजित योजना "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत :– Detailed survey, designing and drawing, Construction with allied works etc. all complete job for **Loinga and Adjoining Multi villages Rural Pipe Water Supply Scheme** under D.W & S. Division, Medininagar on turnkey basis. Year 2022-23. |
|---|---|---|
| 1 | प्राक्कलित राशि लगभग (लाख में) | **15307.89** ( एक सौ तिरपन करोड़ सात लाख नवासी हजार रूपये मात्र ) |
| 2 | अग्रधन की राशि (लाख में) | **153.08** (एक करोड़ तिरपन लाख आठ हजार रूपये मात्र) |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य | **10,000/-** (दस हजार रूपये मात्र) |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 27 (सताईस) महीना + 3 (तीन) महीना **Trial & Run** |
| 5 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | **31/01/2023 / 12.30** बजे अपराहन तक। |
| 6 | प्री बीड की तिथि एवं समय | **07/02/2023 / 12.30** बजे अपराहन से (अभियंता प्रमुख का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची, नेपाल हाउस) |
| 7 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | **17/02/2023 / 05.00** बजे अपराहन तक। |
| 8 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय | **20/02/2023 / 05.00** बजे अपराहन तक (क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, राँची प्रक्षेत्र राँची, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची, अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | **21/02/2023 / 04.00** बजे अपराहन में। |
| 10 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 11 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 12 | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | **9835068475** |
| 13 | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | **0651-2490920** |

नोट :– निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

PR 287683 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज
### अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
### संख्या – 05/2022–23/EE/RWD/DALTONGANJ

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /06/2022-23 | प्रखंड–चैनपुर, पंचायत–कंकारी, ग्राम–कंकारी में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कमरा निर्माण । | 19.887 लाख | उन्नीस दसमलव आठ आठ सात लाख रूपये मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 2 | EE/RWD/ DALTONGANJ /07/2022-23 | प्रखंड–सतबरवा, पंचायत–बारी, ग्राम–बारी में उपस्वास्थ्य केन्द्र से श्रवण राम के घर होते हुए मुगेषर मोची के घर तक पीसीसी पथ निर्माण । | 24.115 लाख | चौबीस दसमलव एक एक पांच लाख रूपये मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 3 | EE/RWD/ DALTONGANJ /08/2022-23 | प्रखंड–विश्रामपुर, पंचायत–सिगसिगी, ग्राम–सिगसिगी में मुख्य पथ से अस्पताल तक पीसीसी पथ निर्माण । | 17.095 लाख | सतरह दसमलव शून्य नौ पांच लाख रूपये मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 4 | EE/RWD/ DALTONGANJ /09/2022-23 | प्रखंड–हुसैनाबाद, पंचायत–पोलडीह, ग्राम–बरौली में मुख्य पथ से बरोली ग्राम तक पीसीसी पथ निर्माण । | 21.100 लाख | इकाईस दसमलव एक शून्य शून्य लाख रूपये मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 5 | EE/RWD/ DALTONGANJ /10/2022-23 | प्रखंड–छतरपुर, पंचायत– मड़वा ग्राम–कजरू में छतरपुर–मंड़वा मुख्य पथ से कजरू स्कूल तक पथ निर्माण । | 24.918 लाख | चौबीस दसमलव नौ एक आठ लाख रूपये मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 6 | EE/RWD/ DALTONGANJ /11/2022-23 | प्रखंड–विश्रामपुर, पंचायत–रेहला, ग्राम–रेहला में कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय के पास 300 फीट नाली निर्माण । | 4.215 लाख | चार दसमलव दो एक पांच लाख रूपये मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 7 | EE/RWD/ DALTONGANJ /12/2022-23 | प्रखंड–तरहसी, पंचायत–तरहसी, ग्राम–तरहसी में मेन रोड से न्यू स्वास्थ्य केन्द्र तक पथ निर्माण । | 17.574 लाख | सतरह दसमलव पांच सात चार लाख रूपये मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 8 | EE/RWD/ DALTONGANJ /13/2022-23 | प्रखंड–पांकी, पंचायत–पांकी, ग्राम–नीमाचक में पांकी मुख्य मार्ग से प्लॉट सं ख्या 324, ग्राम नीमाचक होते हुए श्री जमुना सिंह, ग्राम–पथराकला के घर तक पथ निर्माण। | 23.890 लाख | तेईस दसमलव आठ नौ शून्य लाख रूपये मात्र | 03 माह | प्रथम |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 24.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 31.01.2023 up to 5.00 PM
4. जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल, पलामू के कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 01.02.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 02.02.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7903448085
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के पक्ष में भुगतेय, जो लौटाया नहीं जायेगा । विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
डालटनगंज ।

PR 287686 Rural Work Department(22-23)D

## NEWS इन ब्रीफ

### रोबिन उथप्पा ने 46 गेंदों पर ठोके 79 रन

**दुबई।** पूर्व भारतीय ओपनर रोबिन उथप्पा ने डीपी वर्ल्ड आईएल टी-20 में गल्फ जायंट्स के खिलाफ 46 गेंदों पर 79 रन की शानदार पारी खेली। इसके साथ ही वह ग्रीन बेल्ट पाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। उथप्पा प्रतियोगिता में अब तक 122 रन बनाकर रन चार्ट में शीर्ष पर चल रहे हैं। लीग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को रेड बेल्ट दी जायेगी।

### सबालेंका, गार्सिया और प्लिसकोवा दूसरे दौर में

**मेलबर्न।** आर्यना सबालेंका, कैरोलिन गार्सिया और कैरोलिना प्लिसकोवा ने वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। 24 वर्षीय सबालेंका ने चेक गणराज्य की टेरेजा मार्टिंकोवा को एकतरफा अंदाज में मात्र 69 मिनट में 6-1, 6-4 से हरा दिया। गार्सिया ने कनाडा की क्वालीफायर कैथरीन सेबोव को 6-3, 6-0 से पीट दिया। आसानी से पहले राउंड का मैच जीतने के बाद सबालेंका और गार्सिया का दूसरे राउंड में चुनौतीपूर्ण मैच होगा।

### यूपी के पहलवान की जटिल लिगामेंट इंजरी का ऑपरेशन

**लखनऊ।** प्रख्यात पहलवान सुमित कुमार की लिगामेंट में गंभीर चोट के लिए संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआईएमएस) के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में जटिल सर्जरी की गई। सुमित कुमार राज्य स्तरीय 60 किलोग्राम वर्ग कुश्ती चैंपियन हैं। उन्हें अक्टूबर 2022 में एक टूर्नामेंट के दौरान बाएं घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) की चोट लगी थी। कुश्ती जैसे संपर्क खेलों में शामिल लोग अधिक पीड़ित होते हैं।

### आंद्रेई ने डोमिनिक थिएम को हराया

**मेलबर्न।** आंद्रेई रुब्लेव ने डोमिनिक थिएम को वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में मंगलवार को पहले दौर में हरा दिया और उनके खिलाफ लगातार पांचवां मुकाबला जीता। रुब्लेव ने थिएम के खिलाफ 6-3, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। थिएम ने 2021 से ऑस्ट्रेलियन ओपन में अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन पहले दो सेट के देर से हासिल ब्रेक ने इस बार उनकी अच्छी शुरूआत नहीं होने दी।

### लिवरपूल की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं : क्लॉप

**लंदन।** लिवरपूल के कोच जुर्गन क्लॉप का कहना है कि वह कहीं नहीं जा रहे हैं। साथ ही कहा कि वह उन खिलाड़ियों के प्रति सख्त होंगे, जो या तो खराब फॉर्म में हैं या अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं दे पा रहे हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, वॉल्वरहैम्प्टन के खिलाफ अपनी टीम के एफए कप रीप्ले पर बोलते हुए, जो वह ब्राइटन से 3-0 से हार गई थी, जिसे उन्होंने सबसे खराब प्रदर्शन कहा था।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला से श्रेयस अय्यर बाहर

### श्रेयस के स्थान पर रजत पाटीदार टीम में शामिल



**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पीठ की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 जनवरी से शुरू हो रहे आगामी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक आधिकारिक बयान में कहा : टीम इंडिया के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पीठ की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी 3 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। वह आगे के आकलन और प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाएंगे।

अखिल भारतीय वरिष्ठ चयन समिति ने श्रेयस अय्यर के स्थान पर रजत पाटीदार को नामित किया है। रजत घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं और विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हैं। रजत भारत ए का भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। भारतीय टीम 18 जनवरी, 2023 को हैदराबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला एकदिवसीय मैच खेलेगी। अय्यर ने श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में समाप्त सीरीज में सभी मैचों में 51.12 के औसत से 28, 28 और 38 रन बनाकर नंबर 4 पर बल्लेबाजी की थी। 28 वर्षीय बल्लेबाज ने पिछले साल दिसम्बर में बांग्लादेश पर भारत की टेस्ट सीरीज जीत में भी अहम भूमिका निभाई थी, मीरपुर में 87 और 29 नाबाद रन बनाकर भारत को निर्णायक मैच जीतने में मदद की थी।

**भारत की वनडे टीम इस प्रकार है -**

**रोहित** शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ईशान किशन (विकेटकीपर), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, केएस भरत (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), रजत पाटीदार, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, मो. शमी, मो. सिराज, उमरान मलिक।

# मुझे लियाम लिविंगस्टोन की पसंद है बल्लेबाजी : शेफाली

### अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी कर रहीं हैं शेफाली वर्मा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अपने पहले आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी कर रहीं महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा ने कहा है कि उन्हें इंग्लिश आलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन की बल्लेबाजी पसंद है और महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी उनके आदर्श हैं। उन्होंने कहा : मुझे लगता है कि आजकल, मुझे लिविंगस्टोन की बल्लेबाजी पसंद है क्योंकि वह बहुत अच्छी तरह से गेंद को हिट कर रहे हैं। क्रिकेट खेलते हुए मैं सचिन तेंदुलकर सर को देखा करती थीं, तो बेशक, सचिन सर भी मेरे आदर्श हैं और मुझे उन्हें देखना अच्छा लगता है। सिर्फ 15 साल की उम्र में भारत की सीनियर महिला टीम द्वारा पहली बार खेलने वाली शेफाली पहले ही आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप और आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप दोनों में खेल चुकी हैं। वह राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में रजत जीतनेवाली टीम की सदस्य भी थीं। 18 वर्षीय बल्लेबाज आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में दूसरे स्तर पर है क्योंकि वह पहले दो मैचों में भारत के लिए स्टार परफॉर्मर रही हैं। उन्होंने अंडर-19 टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम द्वारा पहली बार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 16 गेंदों में 45 रन बनाए, जहां उन्होंने एक ही ओवर में छह चौके लगाए और उस ओवर में 26 रन बनाए। यूएई के खिलाफ मैच में, कप्तान शेफाली ने सोमवार को अपने दूसरे ग्रुप डी मैच में 78 रनों की तूफानी पारी खेली, जिससे भारत को 122 रनों की विशाल जीत मिली। शेफाली ने अपना पहला अंडर-19 विश्व कप खेलने पर अपने विचार साझा करते हुए कहा : बेशक, यह बहुत अच्छा है, यह मेरा पहला और आखिरी टूर्नामेंट है, क्योंकि यह अंडर-19 का मेरा आखिरी साल है, लेकिन निश्चित रूप से बहुत रोमांचक है। हमारे पास एक अच्छी टीम है, हम वास्तव में लड़कियों के साथ आनंद ले रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि हम बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि अंडर-19 और सीनियर टीम के लिए खेलने में अंतर है और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के विकास के लिए अंडर-19 विश्व कप महत्वपूर्ण होगा। अंडर-19 विश्व कप में टीम इंडिया की मानसिकता और ताकत पर बोलते हुए कहा : मैं कहूंगी कि हम बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों विभाग में अच्छा कर रहे हैं। मुझे आशा है कि हम विश्व कप जीतेंगे।

# इंडियन ओपन : मोमोता पहले दौर में हारे, कैरोलिन महिला एकल में जीतीं



केंटो मोमोता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जापान के केंटो मोमोता की 2023 सत्र में निराशाजनक शुरुआत हुई और उन्हें इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। दो बार के पूर्व विश्व चैंपियन मोमोता को डेनमार्क के रैस्मस गेमके से 15-21, 11-21 से पराजय झेलनी पड़ी। मोमोता ने पिछले छह मुकाबलों में पांच बार गेमके को हराया था। मोमोता ने 2019 में रिकॉर्ड 11 खिताब जीते थे, लेकिन पिछला वर्ष उनके लिए निराशाजनक रहा था और वह एक भी खिताब नहीं जीत पाए थे। वह फ्लू के कारण पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में नहीं खेल पाए थे। महिला एकल में रियो ओलम्पिक चैंपियन कैरोलिना मारिन ने जापान की नोजोमी ओकुहारा को 21-13, 21-18 से हरा दिया। मारिन का राउंड 16 में पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन से मुकाबला होगा जिन्होंने मलेशिया की गोह जिन वेई को 21-13, 21-11 से हराया।

# मगाला सनराइजर्स ईस्टर्न केप का सबसे प्रभावशाली गेंदबाज

**एजेंसी। केपटाउन**

एडम मार्करम की शानदार कप्तानी और हरफनमौला योगदान से सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एमआई केपटाउन को चार विकेट से हराकर एसए20 की पहली जीत हासिल की। ईस्टर्न केप के गेंदबाजों में दक्षिण अफ्रीका के सिसंडा मगाला सबसे प्रभावशाली थे और उन्होंने 4 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट लिए। मैच विजयी अर्धशतक बनाने के अलावा, कप्तान मार्करम ने खतरनाक डेवाल्ड ब्रेविस सहित दो महत्वपूर्ण विकेट भी चटकाए। इस मैच से पहले सनराइजर्स ईस्टर्न केप के गेंदबाजों का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था और वायकॉम18 के खेल विशेषज्ञ वेंकटपति राजू ने महसूस किया कि वे उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर रहे थे। मैच सेंटर लाइव पर बात करते हुए राजू ने कहा : सनराइजर्स की गेंदबाजी इस सीजन में निराशाजनक रही है। लेकिन हम जानते हैं कि यह पहला सीजन है और इसे सेटल होने में समय लगता है।

# मेरे पिता ने कहा, रेड बॉल क्रिकेट ही असली चुनौती : ईशान किशन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो मैचों के लिए पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किए गए युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने उस पल को याद किया, जब उन्होंने अपने पिता को टेस्ट टीम में शामिल होने की खबर सुनाई थी। शुभमन गिल के साथ बातचीत में अपने पहले टेस्ट चयन और रेड-बॉल क्रिकेट खेलने के उत्साह के बारे में बात करते हुए, ईशान ने खुलासा किया कि जब उन्होंने अपने टेस्ट चयनित होने की खबर दी, तो उनके पिता बहुत उत्साहित हुए और कहा : टेस्ट में असली चुनौती है। आपको इसी तरह मेहनत करनी होगी।

ईशान ने ट्विटर पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में खुलासा किया : मैं बहुत खुश हूं। जब भी मैं सफेद गेंद के क्रिकेट में अच्छा कर रहा था, तो मेरे पिता कहते थे कि टेस्ट क्रिकेट ही असली चुनौती है। यह बल्लेबाजों के कौशल का परीक्षण करता है और टेस्ट क्रिकेट खेलना एक बड़ी बात है। उन्होंने कहा : मैं टेस्ट टीम में जगह बनाकर बहुत खुश हूं, क्योंकि लोग इसे असली खेल के रूप में देखते हैं। मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत करूंगा। मैंने घर फोन किया और उन्हें खबर दी। मेरे पिता बहुत उत्साहित थे और उन्होंने मुझे इस तरह कड़ी मेहनत करने के लिए कहा।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन से रूस बेलारूस के ध्वज प्रतिबंधित

**मेलबर्न।** रूस और बेलारूस के ध्वजों को शुरूआती दिन कोर्ट से इतर एक घटना के बाद से ऑस्ट्रेलियन ओपन से प्रतिबंधित कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया में यूक्रेन के राजदूत वासिल मिरोशनीचेंको ने आयोजकों से कार्रवाई की मांग की है जब प्रशंसकों ने कैमिला रखिमोवा के समर्थन में रूसी ध्वज लहरा दिए थे। रखिमोवा का यूक्रेन की कैटरिना बैंडल से मुकाबला था। मिरोशनीचेंको ने ट्वीट किया : मैं यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ ऑस्ट्रेलियन ओपन में आज रूसी ध्वज को सार्वजनिक रूप से लहराने की कड़ी निंदा करता हूं। मैं टेनिस ऑस्ट्रेलिया से आग्रह करता हूं कि वह अपनी निष्पक्ष ध्वज नीति को तत्काल प्रभाव से लागू करे। टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने मिरोशनीचेंको की इस मांग पर हरकत में आते हुए तत्काल प्रभाव से रूसी और बेलारूसी ध्वजों को मेलबर्न पार्क से प्रतिबंधित कर दिया।

# इंडियन ओपन : लक्ष्य ने प्रणय को हराया

### चिराग-सात्विक की जोड़ी आगे बढ़ी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के शीर्ष क्रम के शटलर एचएस प्रणय मंगलवार को यहां अपने हमवतन और गत चैम्पियन लक्ष्य सेन से सीधे गेम में हारकर इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में बाहर हो गये। 45 मिनट तक चले मुकाबले में लक्ष्य ने प्रणय को 21-14, 21-15 से हराया। बीडब्ल्यूएफ टूनामेंट में यह जोड़ी की सातवां मुकाबला था और लक्ष्य ने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 4-3 की बढ़त बना ली। गत पुरुष युगल चैम्पियन जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने पहले दौर में स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमली और मैथ्यू ग्रिमली को केवल 41 मिनट में 21-13, 21-15 से आसान जीत के साथ अपने खिताब की रक्षा की शुरुआत की। भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला या तो चीनी संयोजन लियू यू चेन/ओउ जुआन यी से होगा, जिन्हें उन्होंने पिछले सप्ताह रोमांचक वापसी में हराया था, या बेन लेन/सीन वेंडी की अंग्रेजी जोड़ी, जिन्हें उन्होंने पिछले साल के राष्ट्रमंडल खेलों 2022 के फाइनल में हराया था। महिला युगल में तृसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने भी अभियान की विजयी शुरूआत की और इन दोनों ने मार्गोट लैम्बर्ट और ऐनी ट्रान को 22-20, 17-21, 21-18 से हराया। दूसरे दौर में, भारतीय महिला जोड़ी को छठी वरीयता प्राप्त चीनी जोड़ी झांग शु जियान और झेंग यू के रूप में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इससे पहले, पूर्व विश्व नंबर 1 केंटो मोमोटा ने साल की शुरुआत एक कठिन मुकाबले से की क्योंकि वह डेनमार्क के रासमस गेम्के से 21-15 21-11 से हार गए थे।




**सलाह** — बुमराह को अपना एक्शन बदलने की जरूरत नहीं

# चोटें क्रिकेटरों की जिंदगी का हिस्सा : भरत

**एजेंसी। दुबई**

भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण को लगता है कि इस समय अपनी चोट से उबर रहे जसप्रीत बुमराह को अपना एक्शन बदलने की जरूरत नहीं है। उनका कहना है कि चोटें खेल का हिस्सा हैं और प्रमुख तेज गेंदबाज निश्चित रूप से टीम में वापसी करेंगे। टी-20 विश्व कप 2022 से पहले, बुमराह को पीठ में चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें आस्ट्रेलिया में मेगा इवेंट से बाहर होना पड़ा था। महीनों की रिकवरी के बाद, तेज गेंदबाज ने बेंगलुरु में एनसीए में एक मैच सिमुलेशन टेस्ट पास कर लिया था और श्रीलंका श्रृंखला के लिए वनडे टीम में नामित किए गए थे। हालांकि, अधिक कार्यभार के निर्माण के दौरान उन्होंने असुविधा का अनुभव किया और श्रीलंका के खिलाफ भारत की वनडे टीम से बाहर हो गए थे, साथ ही आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट से भी बाहर हो गए। विशेष रूप से, चिकित्सा विशेषज्ञ और यहां तक कि पूर्व में शोएब अख्तर और माइकल होल्डिंग जैसे क्रिकेटरों ने चोट मुक्त रहने और अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को लम्बा करने के लिए बुमराह को गेंदबाजी एक्शन में बदलाव की सलाह दी थीं। हालांकि, भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच को ऐसा नहीं लगता।



भरत अरुण आईएलटी-20 में अबु धाबी नाइट राइडर्स के कोचिंग सेट-अप का हिस्सा हैं, उन्होंने एक साक्षात्कार में आईएएनएस को बताया : बुमराह नंबर एक गेंदबाज हैं और अपने एक्शन से बहुत सफल रहे हैं, तो उन्हें कभी इसे क्यों बदलना चाहिए? मुझे एक तेज गेंदबाज के बारे में बताएं जो चोटिल नहीं हुआ है, चोटें खेल का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा 3 बुमराह ने भारतीय क्रिकेट के लिए काफी कुछ किया है और चोटिल होना भी उनके करियर का हिस्सा है और मुझे यकीन है कि वह इससे बाहर निकल आएंगे। 24 वर्षीय तेज गेंदबाज शिवम मावी, जिन्होंने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 में भारत के लिए पदार्पण किया था, वह भी आईपीएल 2022 तक केकेआर फ्रेंचाइजी का हिस्सा थे और उनके साथ काम कर चुके अरुण युवा तेज गेंदबाज के लिए एक उज्जवल भविष्य देखते हैं। उन्होंने कहा : मावी में अच्छी क्षमता है और बहुत प्रतिभाशाली है और मुझे लगता है कि यह सिर्फ उसकी हिम्मत रखने के ऊपर है। उनके पास एक अच्छा अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज बनने के सभी गुण हैं। वह दबाव को कैसे अवशोषित करते है और वह इससे कैसे बाहर निकलते हैं, उनकी सफलता का निर्धारण यही करेगा। अनुभवी कोच भी भविष्य के लिए भारतीय तेज गेंदबाजी विभाग के बारे में बहुत खुश और आशावादी हैं।

**लीग फ्रेंचाइजी रोमांचक और चुनौतीपूर्ण भी**

**एक** अंतर्राष्ट्रीय टीम और एक लीग फ्रेंचाइजी के बीच अंतर के बारे में बात करते हुए, 60 वर्षीय अरुण ने उल्लेख किया कि यह रोमांचक और चुनौतीपूर्ण दोनों है। उन्होंने अलग-अलग टीमों में तेज गेंदबाजों पर नजर रखने की बात भी कही। अरुण ने कहा : भारतीय कोच बनने से पहले मैं हमेशा एक फ्रेंचाइजी कोच का हिस्सा रहा हूं। इसलिए यह रोमांचक है, इसकी अपनी चुनौतियां हैं और मैं इससे खुश हूं। उन्होंने आगे कहा : हां, आधुनिक समय के खिलाड़ी विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय टीमों, फ्रेंचाइजी, लीग के लिए खेलते हैं, लेकिन हम उन पर नजर रखते हैं। बेशक, यह एक फायदा या नुकसान हो सकता है अगर आप उनके साथ नहीं हैं। यह बहुत अच्छा होगा अगर हम अधिक समय बिता सकते हैं लेकिन इस तरह से लीग का आयोजन किया गया है।